दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज



● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, गुरुवार 23 जुलाई 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 1130

## संक्षिप्त खबरें ।

### राहुल गांधी के खिलाफ 'आय से अधिक संपत्ति' मामले में ED कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र: कोर्ट

**लोक तंत्र की आवाज़**



**इलाहाबाद।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ED) असहाय नहीं है और अगर विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ 'आय से अधिक संपत्ति' की शिकायत की जांच में कोई "गलत काम या गैर-कानूनी हरकत" सामने आती है, तो वह कानून के अनुसार सख्ती से कार्रवाई कर सकता है। साथ ही यह देखते हुए कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) द्वारा दाखिल हलफनामे में स्पष्टता की कमी थी, कोर्ट ने एजेंसी को इस मामले में नया हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।CBI, ED और याचिकाकर्ता (जो खुद पेश हुए थे) द्वारा दाखिल हलफनामों को देखने के बाद जस्टिस राजेश सिंह चौहान और जस्टिस बृज राज सिंह की बेंच ने कहा। "CBI का जवाबी हलफनामा पहले के आदेश के मुताबिक नहीं लग रहा है। हम CBI द्वारा की गई जांच की प्रगति को भी समझ नहीं पा रहे हैं। इसलिए अगली तारीख पर CBI का जवाबी हलफनामा पहले के आदेश के अनुसार दाखिल किया जाएगा और उस जवाबी हलफनामे को दाखिल करने वाले अधिकारी (deponent) संयुक्त निदेशक / ज़ोन प्रमुख, ACHQ ज़ोन, CBI, नई दिल्ली होंगे। इससे पहले, कोर्ट ने CBI और ED को विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ 'आय से अधिक संपत्ति' के आरोपों वाली याचिकाकर्ता की शिकायत पर हुई प्रगति के बारे में अलग-अलग हलफनामे दाखिल करने का निर्देश दिया था। हालांकि, CBI द्वारा दाखिल हलफनामे से असंतुष्ट होकर, कोर्ट ने उसे नया हलफनामा दाखिल करने और जांच में हुई किसी भी आगे की प्रगति का खुलासा करने का निर्देश दिया।

**ED द्वारा दाखिल हलफनामे के संबंध में कोर्ट ने कहा:** "ED के जवाबी हलफनामे को देखने से पता चलता है कि ED ने जरूरी कदम उठाए और यह कहने की जरूरत नहीं है कि अगर इस मामले की जांच के दौरान सबूतों और दस्तावेजों के साथ कोई अहम जानकारी मिलती है तो ED कानून के अनुसार जरूरी कार्रवाई कर सकता है; यानी अगर ED को कोई गलत काम या गैर-कानूनी हरकत नजर आती है तो वे कानून की उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए आगे बढ़ने में असहाय नहीं होंगे। इस मामले की अगली सुनवाई 28.08.2026 को होगी।

## विपक्ष का प्रोटेस्ट पार्ट-2... काले कपड़ों में संसद पहुंचे सभी MP, राहुल-प्रियंका-और अखिलेश यादव ने संभाली कमान

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों के नेताओं ने बुधवार को संसद भवन के मकर द्वार पर काले कपड़े पहनकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया. ये प्रदर्शन नीट पेपर में धांधली के खिलाफ छात्रों के आंदोलनों और शिक्षा व्यवस्था में जारी अशांति से निपटने के सरकार के तरीके के खिलाफ आयोजित किया गया है. इस दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अन्य सांसदों को दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने और जंतर-मंतर पर सीजेपी कार्यकर्ताओं व छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में विपक्षी दलों ने एक साथ आकर अपनी नाराजगी जताई है।

बताया जा रहा है कि कांग्रेस के इस बड़े विरोध प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य युवाओं और छात्रों के भविष्य से जुड़े इस संवेदनशील मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना और कड़ा संदेश देना है. पार्टी सांसदों ने एक साथ एकजुट होकर विरोध जताने की रणनीति बनाई है।

**बार-बार हो रहे हैं पेपर लीक: प्रियंका:** संसद भवन परिसर में आयोजित कांग्रेस के प्रदर्शन में शामिल हुईं प्रियंका ने कहा कि हमारे साथ जो हुआ, वह अहम नहीं है. आप (मीडिया) मुझे बताएं कि छात्रों के साथ जो हुआ, वह सही है या गलत? छात्रों की मांगें जायज हैं और वो अपने हक की बात कर रहे हैं. शिक्षा का बजट 1.4 लाख करोड़ रुपये है, लेकिन आप अडानी और अंबानी का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज़ माफ कर रहे हैं. छात्रों का संघर्ष जायज है और वह बदलाव चाहते हैं. बार-बार पेपर लीक हो रहे हैं... शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में कुछ भी अलोकतांत्रिक नहीं है, लेकिन छात्रों और संसद में जो हो रहा है, वह अलोकतांत्रिक है। कांग्रेस सांसद सैयद नसीर हुसैन ने बताया कि सभी विपक्षी सांसद प्रदर्शनकारी छात्रों और सांसदों पर पुलिस के इस्तेमाल के विरोध में काले कपड़े पहनकर आए हैं.उन्होंने कहा कि विपक्ष चाहता है कि सरकार हठ छोड़कर छात्रों से संवाद करे और पूरी शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करे।

कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने 20 जुलाई को छात्रों पर हुए लाठीचार्ज पर कड़ा आक्रोश जताया. उन्होंने आरोप लगाया कि बिना नेम टैग वाले लोग आकर हमला करते हैं. उन्होंने सवाल उठाया कि क्या विपक्ष और नेता प्रतिपक्ष इस बर्बरता पर चुप बैठे रहें और अपनी आवाज न उठाएं।

**150 से ज्यादा पेपर हो चुके हैं लीक:** आरजेडी सांसद संजय यादव ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इस सरकार के दौरान देश भर में 150 से ज्यादा पेपर लीक हो चुके हैं और कोई भी परीक्षा पारदर्शी तरीके से आयोजित नहीं की गई है. उन्होंने कहा कि 50 वर्षों में बेरोजगारी अपने उच्चतम स्तर पर है और अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे युवाओं पर सरकार अत्याचार कर रही है। मंगलवार को राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अन्य नेताओं को हिरासत में लिए जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देशभर में प्रदर्शन किए।



### पिक्षी सांसदों ने निकाला मार्च

इससे पहले कांग्रेस नेताओं ने राजाजी मार्ग से लोक कल्याण मार्ग की ओर मार्च निकाला और परीक्षा पेपर लीक, छात्रों पर पुलिस कार्रवाई और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की. प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव समेत कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया और बाद में छत्रसाल स्टेडियम से रिहा कर दिया। हिरासत में लिए जाने के दौरान प्रियंका गांधी ने सरकार पर तीखा हमला करते हुए उसे कायर करार दिया. उन्होंने कहा कि सरकार विपक्ष से डरी हुई है. प्रियंका गांधी को मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन ले जाया गया, जहां कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी उनसे मिलने पहुंचीं. इस विरोध प्रदर्शन में मल्लिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल और वीडी सतीशन भी शामिल हुए।

## चढ़ावा चोरी से भी लोग शर्मिंदा नहीं... इलाहाबाद हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी, कहा- भ्रष्टाचार रोकने के लिए मृत्युदंड पर विचार की जरूरत

**लोक तंत्र की आवाज़**



**इलाहाबाद।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण और भ्रष्टाचार पर सुनवाई के दौरान बेहद कड़ी टिप्पणियां करते हुए कहा कि देश में भ्रष्टाचार अब सामान्य बात बन चुकी है. कोर्ट ने कहा कि राम मंदिर के लिए आए दान में चोरी का मामला भी लोगों को शर्मिंदा नहीं कर सका, जो ईमानदारी के सबसे निचले स्तर को दर्शाता है. यदि सरकार वास्तव में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना चाहती है तो कानून में संशोधन कर गंभीर मामलों में मृत्युदंड तक का प्रावधान करने पर विचार करना चाहिए।

जस्टिस अतुल श्रीधरन ने ये टिप्पणियां हमीरपुर के कैफुद्दीन समेत अन्य याचिकाओं की सुनवाई के दौरान अपने फैसले में दर्ज कीं. याचिकाकर्ताओं ने बुलडोजर कार्रवाई पर रोक और संरक्षण की मांग की थी. इस मामले की सुनवाई वाली खंडपीठ में जस्टिस सिद्धार्थनंद भी शामिल थे, जिन्होंने कुछ बिंदुओं पर अलग राय व्यक्त की।

**रिश्वत लेकर आंखें बंद कर लेते हैं अफसर: HC:** हाई कोर्ट ने कहा कि नगर निगम और अन्य प्राधिकरणों के कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध निर्माण खड़े हो जाते हैं. ये खबर आप हिमाचली खबर में पढ़ रहे है। अधिकारी रिश्वत लेकर आंखें बंद कर लेते हैं और जब कार्रवाई होती है तो उसका खामियाजा आम खरीदार को भुगतना पड़ता है. ये समाचार आप हिमाचली खबर में पढ़ रहे है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अवैध निर्माण कराने वाले बिल्डरों के साथसाथ उन्हें संरक्षण देने वाले भ्रष्ट अधिकारियों को भी कानून के अनुसार सख्त सजा मिलनी चाहिए।

**भ्रष्टाचार से बढ़ रही अमीरगरीब की खाई: HC:** भ्रष्टाचार से बढ़ रही असमानता का जिक्र करते हुए कोर्ट ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण कुछ लोगों के हाथों में अवैध रूप से संपत्ति इकट्ठी हो रही है, जिससे अमीर और गरीब के बीच की खाई लगातार बढ़ रही है. यदि समय रहते इस पर प्रभावी रोक नहीं लगी तो भविष्य में सामाजिक असंतोष और गंभीर हालात पैदा हो सकते हैं। अपने 51 पेज के फैसले में जस्टिस अतुल श्रीधरन ने कहा कि राम मंदिर में दान चोरी का विवाद ऊंट की पीठ पर आखिरी तिनका साबित हुआ. कोर्ट ने कहा कि यदि इतने संवेदनशील धार्मिक स्थल पर दान में हुई चोरी से भी समाज विचलित नहीं होता, तो यह ईमानदारी के गिरते स्तर का गंभीर संकेत है।

## CJP के संसद मार्च की गूंज दुनिया तक: न्यूयॉर्क टाइम्स, BBC, द गार्डियन और अल जजीरा ने खबर प्रमुखता से किया कवरेज

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नईदिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर-मंतर से संसद तक निकाले गए मार्च और उसके दौरान हुई झड़पों ने अंतरराष्ट्रीय मीडिया का भी ध्यान अपनी ओर खींचा है। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव, आंसू गैस के गोले, पथराव और कई लोगों के घायल होने की घटनाओं को दुनिया के कई प्रमुख मीडिया संस्थानों ने विस्तार से प्रकाशित किया। अमेरिका, ब्रिटेन, कतर और पाकिस्तान के प्रमुख समाचार संगठनों ने इस आंदोलन को भारत के समकालीन युवा आंदोलनों में महत्वपूर्ण घटनाक्रम के रूप में पेश किया।

**न्यूयॉर्क टाइम्स ने क्या कहा:** अमेरिकी अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि शिक्षा व्यवस्था और भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ हजारों युवा सड़कों पर उतरे और पुलिस कार्रवाई के बावजूद आंदोलन जारी रखा। रिपोर्ट के अनुसार, संसद मार्च के दौरान हुई झड़पों के अगले दिन भी बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी फिर से जंतर-मंतर पहुंचे और सरकार से जवाबदेही की मांग पर कायम रहे।

**द गार्डियन ने क्या कहा:** ब्रिटेन के अखबार द गार्डियन ने लिखा कि पुलिस कार्रवाई के बावजूद प्रदर्शन कमजोर नहीं पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार की झड़पों के अगले दिन भी हजारों लोग जंतर-मंतर लौटे और आंदोलन जारी रखने का संकल्प दोहराया। अखबार ने दावा किया कि प्रदर्शन में 50 हजार से अधिक लोग शामिल हुए। रिपोर्ट के मुताबिक, जब प्रदर्शनकारी संसद की ओर बढ़े तो पुलिस ने बैरिकेड लगाकर उन्हें रोक दिया। इसके बाद इंटरनेट सेवाओं पर रोक लगाए जाने, आंसू गैस के गोले छोड़े जाने और लाठीचार्ज का भी उल्लेख किया गया।

अल जजीरा ने क्या कहा

कतर के समाचार चैनल अल जजीरा ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि पुलिस कार्रवाई के बावजूद प्रदर्शनकारी पीछे हटने के लिए तैयार नहीं दिखे। रिपोर्ट के अनुसार, अगले ही दिन बड़ी संख्या में छात्र और युवा फिर जंतर-मंतर पहुंचे और आंदोलन जारी रखने की घोषणा की। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से आंदोलन पर तत्काल कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं आई।

## भाषण मत दो, इस्तीफा दो!'' राहुल गांधी और धर्मेंद्र प्रधान के बीच छिड़ी आर-पार की जंग

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नईदिल्ली।** NEET परीक्षा पेपर लीक और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर देश की राजधानी दिल्ली में चल रहा छात्र आंदोलन अब एक बेहद खतरनाक और हाई-वोल्टेज राजनीतिक मोड़ ले चुका है। संसद मार्च के दौरान छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई के खिलाफ मंगलवार को राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका गांधी वाड्रा और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत तमाम बड़े विपक्षी नेता सीधे प्रधानमंत्री आवास के बाहर धरने पर बैठ गए।शाम होते-होते दिल्ली पुलिस ने इन सभी दिग्गजों को हिरासत में ले लिया, हालांकि बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया। इस पूरे ड्रामे के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का एक बेहद आक्रामक बयान सामने आया है, जिस पर कांग्रेस ने भी बेहद तीखा पलटवार किया है।

**छात्रों को 'राजनीतिक हथियार' बना रही है कांग्रेस: धर्मेंद्र प्रधान:** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक के बाद एक कई कड़े पोस्ट साझा करते हुए कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिक्षा मंत्री ने सीधे तौर पर कहा है कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी मॉनसून सत्र के दौरान सिर्फ और सिर्फ हंगामा करने के लिए देश के मासूम छात्रों का "राजनीतिक हथियार" के तौर पर बेशर्मी से इस्तेमाल कर रहे हैं। प्रधान ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास के बाहर इस तरह धरना देकर विपक्षी नेताओं ने न सिर्फ आम जनता को भारी असुविधा पहुंचाई, बल्कि सुरक्षा नियमों और प्रोटोकॉल की भी जमकर धज्जियां उड़ाई हैं।

**राजनीतिक तमाशा खड़ा करना चाहती है विपक्ष: शिक्षा मंत्री:** अपने बयानों में धर्मेंद्र प्रधान ने आगे कहा कि सरकार पहले ही दिन से सदन के भीतर हर गंभीर मुद्दे पर विस्तार से चर्चा करने के लिए पूरी तरह तैयार थी। इसके बावजूद कांग्रेस पार्टी ने किसी भी तरह की स्वस्थ और लोकतांत्रिक बहस में हिस्सा लेने के बजाय सड़कों पर केवल एक राजनीतिक तमाशा खड़ा करना बेहतर समझा।

**भाषण मत दो, इस्तीफा दो''— कांग्रेस का करारा पलटवार:** केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इन तीखे हमलों के बाद कांग्रेस पार्टी भी चुप नहीं बैठी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने शिक्षा मंत्री के बयानों और सोशल मीडिया पोस्ट पर जोरदार पलटवार किया है। कांग्रेस की तरफ से दो टूक शब्दों में कहा गया है कि सरकार को अब लंबी-लंबी बातें या भाषण देने के बजाय अपनी नाकामी स्वीकार करते हुए सीधा इस्तीफा दे देना चाहिए।

## अखिलेश संसद में बोले- 'सरकार के साथ कोई डील तो नहीं हो गई?

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नईदिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को नीट (NEET) परीक्षा के पेपर लीक प्रकरण और दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई के संवेदनशील मुद्दे पर जबरदस्त हंगामा देखने को मिला। संसद की कार्यवाही प्रारंभ होते ही विपक्षी दलों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और इस विषय पर तुरंत विशेष चर्चा कराने की पुरजोर मांग उठाई। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष (स्पीकर) ने कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख नेताओं को अपनी बात रखने का अवसर दिया, जिस पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बिफर पड़े। उन्होंने अध्यक्ष पर पक्षपात करने और खुद को अपनी बात रखने का समय न देने का सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि आपने अन्य दलों के नेताओं को बोलने का मौका दे दिया, लेकिन हमारी बात का क्या? क्या आपने आपस में कोई समझौता कर लिया है?

**नीट पेपर लीक और पीड़ित छात्रों के समर्थन में अखिलेश यादव के तीखे सवाल :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने सख्त रुख के साथ कहा कि यह मुद्दा किसी एक राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि पूरे देश के लाखों छात्रों और युवाओं के भविष्य तथा करियर से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। उन्होंने सदन में स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि देश के नौजवानों की आवाज नहीं सुनी गई तो वे मजबूर होकर सड़कों पर उतरेंगे। शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इस्तीफा कोई बड़ी बात नहीं है, जब चाहा जाएगा तब मंत्री से इस्तीफा ले लिया जाएगा—अगर मंत्री सदन के भीतर खुद इस्तीफा नहीं देंगे, तो सदन के बाहर उनसे इस्तीफा ले लिया जाएगा।इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों और युवा नेताओं पर हुई पुलिस बर्बरता का मुद्दा उठाते हुए कहा कि प्रदर्शनकारियों को बेदर्दी से पीटा गया, उनके हाथ-पैर तोड़े गए, सिर फोड़े गए और कपड़े तक फाड़ दिए गए।

**प्रधानमंत्री के बयान और पीएम आवास जाने की मजबूरी पर रखी अपनी बात :** सपा अध्यक्ष ने संसद भवन के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए खुलासा किया कि वे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मजबूरी में प्रधानमंत्री आवास गए थे। उन्होंने कहा कि अगर संसद के भीतर ही विपक्ष की जायज मांगों को सुन लिया जाता, तो उन्हें पीएम आवास तक जाने की कोई आवश्यकता ही नहीं पड़ती। उन्होंने सवाल खड़ा किया कि प्रधानमंत्री संसद के बाहर तो विभिन्न मंचों से बयान दे सकते हैं, लेकिन देश के करोड़ों युवाओं से जुड़े इतने बड़े मुद्दे पर सदन के भीतर आकर अपनी बात क्यों नहीं रख रहे हैं।

**सरकार का रुख: नियमों के तहत सार्थक चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार:** अखिलेश यादव से पूर्व केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन में सरकार का पक्ष रखते हुए स्पष्ट किया कि संसद के भीतर किसी भी विषय पर बहस या चर्चा तय नियमों, परंपराओं और संसदीय व्यवस्था के अंतर्गत ही संचालित होती है। रिजिजू ने लोकसभा अध्यक्ष से विशेष आग्रह किया कि वे सभी राजनीतिक दलों के फ्लोर लीडर्स (संसदीय दल के नेताओं) के साथ बैठक करके चर्चा के नियम, दिन और समय सीमा को तय करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि केंद्र सरकार नीट परीक्षा और पेपर लीक जैसे गंभीर व संवेदनशील विषय पर सदन में सार्थक और पारदर्शी चर्चा के लिए पूरी तरह से तत्पर है। संसदीय कार्य मंत्री के बयान के पश्चात लोकसभा अध्यक्ष ने सदन में उपस्थित सभी सदस्यों से पूछा कि क्या सभी पक्षों की बातें उन तक पहुंच चुकी हैं।

## आधी रात में बादलों के पीछे क्यों छिपा दिखा भारत, ISRO की सैटेलाइट तस्वीर ने मॉनसून पर क्या संकेत दिए?

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नईदिल्ली।** 22 जुलाई की सुबह भारत के ऊपर मौसम का एक अलग नजारा देखने को मिला। ISRO के सैटेलाइट से ली गई तस्वीर में देश का ज्यादातर हिस्सा साफ नजर नहीं आया, क्योंकि कई इलाकों पर बादलों की मोटी परत छाई हुई थी। यह तस्वीर सिर्फ बादलों का फैलाव ही नहीं दिखाती, बल्कि उनकी ऊंचाई, बारिश की ताकत और मॉनसून का हाल भी बताती है। अब सवाल है कि 36,000 किलोमीटर ऊपर से ली गई इस तस्वीर में आखिर क्या नजर आया?

**36,000 किलोमीटर ऊपर से ली गई तस्वीर:** 22 जुलाई को सुबह करीब 2.15 बजे से 3.27 बजे के बीच INSAT-3DR और INSAT-3DS सैटेलाइट ने भारत की तस्वीरें लीं। ये सैटेलाइट धरती के बीच वाले हिस्से यानी इक्वेटर से करीब 36,000 किलोमीटर ऊपर मौजूद हैं। इन तस्वीरों में भारत का ज्यादातर हिस्सा साफ नजर नहीं आया। उत्तर, मध्य और पूर्वी भारत के कई इलाकों पर बादलों की मोटी परत फैली हुई थी। हालांकि पश्चिमी राजस्थान और कच्छ के कुछ हिस्सों में आसमान साफ दिखा। लेकिन आधी रात के समय भी सैटेलाइट को ये बादल इतने साफ कैसे दिखाई दिए?

**रात में भी कैसे साफ दिखे बादल ?:** यह तस्वीर थर्मल इन्फ्रारेड टेक्नोलॉजी से ली गई थी। इसमें सैटेलाइट सूरज की रोशनी के बजाय गर्मी को रिकॉर्ड करता है। इसी वजह से रात में भी बादल और उनका टेम्परेचर साफ नजर आता है। तस्वीर में बादलों की एक घुमावदार लाइन उत्तरी बंगाल की खाड़ी से ओडिशा, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश होते हुए गुजरात और अरब सागर तक फैली दिखाई दी। लेकिन तस्वीर में दिख रहे लाल और गुलाबी रंग के धब्बे क्या बता रहे हैं?

## ईरान से जंग लड़ते-लड़ते खाली हो गया अमेरिका की मिसाइलों का जखीरा? US में किसने कर दिया ये चौंकाने वाला दावा

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नईदिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच अब अमेरिकी सैन्य तैयारियों को लेकर नए सवाल खड़े होने लगे हैं. एक ओर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका के सैन्य लक्ष्य अभी पूरे नहीं हुए हैं, वहीं दूसरी ओर अमेरिकी मीडिया की रिपोर्टों में दावा किया गया है कि यदि संघर्ष और बढ़ा तो अमेरिका के सामने हथियारों और मिसाइलों की कमी बड़ी चुनौती बन सकती है. हालांकि व्हाइट हाउस ने इन दावों को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा है कि अमेरिकी सेना के पास राष्ट्रपति ट्रंप के सभी रणनीतिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त हथियार मौजूद हैं।

**रिपोर्ट में दावा- लंबी जंग की तैयारी, लेकिन हथियारों पर चिंता:** अमेरिकी अखबार द वॉशिंगटन पोस्ट और द टेलीग्राफ की रिपोर्टों में दावा किया गया है कि अमेरिका ईरान के खिलाफ एक बड़े सैन्य अभियान की तैयारी कर सकता है, लेकिन उसकी मिसाइलों और अन्य हथियारों का भंडार तेजी से कम हो रहा है. द वॉशिंगटन पोस्ट से बातचीत में ईरान संघर्ष से जुड़े एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि अमेरिका व्यापक युद्ध की तैयारी कर रहा है, लेकिन मौजूदा हथियारों के साथ लंबे समय तक अभियान सुरक्षित तरीके से चलाना मुश्किल हो सकता है. अधिकारी का दावा है कि व्हाइट हाउस को शायद इस स्थिति की पूरी जानकारी नहीं है।

**मिसाइल और हथियारों का भंडार घटने की आशंका:** रिपोर्ट के अनुसार, यदि अमेरिका अपने सैन्य अभियान का दायरा बढ़ाता है तो उसे एयर डिफेंस इंटरसेप्टर मिसाइलों, लंबी दूरी तक मार करने वाले सटीक हथियारों और अन्य सैन्य संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ सकता है. साथ ही हालिया सैन्य अभियानों में हुए नुकसान के बाद बड़ी संख्या में अतिरिक्त सैनिकों, लड़ाकू विमानों और सैन्य उपकरणों को तेजी से तैनात करना भी अमेरिका के लिए चुनौती बन सकता है।

**विशेषज्ञों ने भी जताई चिंता:** वॉशिंगटन स्थित सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज (CSIS) के रक्षा एवं सुरक्षा कार्यक्रम प्रमुख सेथ जोन्स ने भी इन चिंताओं को सही बताया. उन्होंने कहा कि यदि संघर्ष और बढ़ता है तो अमेरिकी सेना पूरी तरह तैयार नहीं हो सकती।

## शिवसेना UBT को राहत; 6 सांसदों के शिंदे गुट में विलय पर सुप्रीम कोर्ट का नोटिस, लोकसभा स्पीकर से मांगा जवाब

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नईदिल्ली।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) गुट और एकनाथ शिंदे गुट के बीच राजनीतिक और कानूनी संघर्ष एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है. सर्वोच्च अदालत ने लोकसभा अध्यक्ष द्वारा शिवसेना (UBT) के छह सांसदों के एकनाथ शिंदे की शिवसेना में विलय को मान्यता देने के फैसले के खिलाफ दाखिल याचिका पर लोकसभा अध्यक्ष कार्यालय और संबंधित सांसदों को नोटिस जारी किया है. हालांकि अदालत ने फिलहाल इस फैसले पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया. न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए सभी पक्षों से जवाब मांगा और अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद तय की है।

**क्या है पूरा मामला ?:** संसद के मानसून सत्र से पहले लोकसभा अध्यक्ष ने शिवसेना (UBT) के छह सांसदों के एकनाथ शिंदे गुट में विलय को मान्यता दे दी थी. इस फैसले के बाद लोकसभा में उद्धव ठाकरे गुट के सांसदों की संख्या घटकर केवल तीन रह गई. लोकसभा अध्यक्ष के इस निर्णय को शिवसेना (UBT) की ओर से सांसद अरविंद सावंत ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है. याचिका में कहा गया है कि इस फैसले से संसद में पार्टी का राजनीतिक अस्तित्व और कामकाज गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है।

**सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस:** सुप्रीम कोर्ट ने मामले की प्रारंभिक सुनवाई के बाद लोकसभा अध्यक्ष कार्यालय और पार्टी छोड़ने वाले छह सांसदों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. हालांकि अदालत ने इस चरण पर हस्तक्षेप करते हुए स्पीकर के फैसले पर रोक लगाने की मांग स्वीकार नहीं की. मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। शिवसेना (UBT) की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत ने अदालत में कहा कि मामला केवल सांसदों के दल बदलने का नहीं, बल्कि संवैधानिक नैतिकता और संसदीय व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्न उठाता है. उन्होंने कहा कि छह सांसद शिवसेना (UBT) के चुनाव चिह्न पर जीतकर संसद पहुंचे थे और उनके खिलाफ कोई अयोग्यता की कार्यवाही भी लंबित नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सहयोग शिविर में समस्या का निष्पादन



**गया जी।** गया नगर निगम वार्ड नं 15 के मीरसफायत रोड बमपुलिस मे नगर आयुक्त डॉ गगन ने जनता के आए समस्या का निष्पादन के दिशा निर्देश दिए हैं इसके पहले वार्ड पार्षद दिपक चंद्रवंशी द्वारा नगर निगम आयुक्त को स्वागत किए हैं। विगत एक महीने से कैम्प में आए आवेदनों का आज निष्पादन किया गया है।इस मौके पर वार्ड के सम्मानित नागरिक उपिस्थति थे। नागरिकों ने कहा की इस तरह का आयोजन हमेशा होते रहे।

### नवादा जिले में ओपीडी स्वास्थ्य सेवाएं बंद, मरीजों को हुई परेशानी



**नवादा।** बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ के आह्वान पर बुधवार को नवादा जिले के अस्पतालों में ओपीडी सेवा बंद रही जिस कारण मरीजों को परेशान होते देखा गया । स्वास्थ्य सेवा संघ के नेता भुवनेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर स्वास्थ्य कर्मी ओपीडी सेवा बाधित कर दी है ।अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो व्यापक आंदोलन चलाया जाएगा।इधर जिले के कौआकोल ,नरहट, हिसुआ, वारिसलीगंज सहित जिले की सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में ओपीडी सेवाएं पूरी तरह बंद रहीं। इसके कारण इलाज कराने पहुंचे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई मरीज बिना उपचार कराए वापस लौट गए, जबकि कुछ को निजी क्लीनिकों का सहारा लेना पड़ा। पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामप्रिय सहगल ने बताया कि बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ के राज्यव्यापी आह्वान के तहत ओपीडी सेवाओं का बहिष्कार किया गया। यह निर्णय अरवल सदर अस्पताल में सिविल सर्जन के साथ हुई हिंसक घटना एवं दोषियों के विरुद्ध अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के विरोध में लिया गया है। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों ने केवल ओपीडी सेवाओं का बहिष्कार किया,जबकि आपातकालीन (इमरजेंसी) एवं जीवनरक्षक सेवाएं पूर्ववत संचालित होती रहीं,ताकि गंभीर मरीजों के इलाज में किसी प्रकार की बाधा न हो। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर यह सांकेतिक विरोध किया गया है।

### निशांत कूमार के नेतृत्व में स्वस्थ व्यवस्था को मिल रही नई दिशा : उत्तम कुशवाहा



**गया जी।** जदयू की युवा नेता अध्यक्ष मगध विश्वविद्यालय बोधगया उत्तम कुशवाहा ने पार्टी के वरिष्ठ नेता, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कृमार को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शभकामनाएं दी हैं। उत्तम कुशवाहा ने उनके दीर्घायु स्वस्थ और सफल जीवन की कामना करते हए निशांत कुमार के व्यवितत्व को सादगी और संवेदनशीलता का प्रतीक बताया है! शुभकामना संदेश देते हुए उत्तम कुशवाहा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की बागडोर संभालने लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहंच रहा है। उन्होंने कहा कि मंत्री के रूप में प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ वे पार्टी संगठन को भी निरंतर नई ऊर्जा और मजबती प्रदान कर रहे हैई. उत्तम कुशवाहा विश्वास व्यक्त किया कि निशांत कुमार के नेतत्व में बिहार स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में न् ऊंचाडयां हासिल करेगा। इसके साथी कहां की निशांत कुमार में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की झलक और उनकी सोच दिखती है उन्होंने कहा कि जनहित को सर्वोपरि रखने की उनकी कार्यशैली आज के यवा कार्यकर्ताओं के लिए एक बड़ी प्रेणा है, जो उन्हे एक लोकप्रिय और जनप्रिय नेता के रूप में स्थापित कर रही है।

### एनएच-20 पर खड़े ट्रक से टकराया बिस्किट लदा ट्रक, चालक की मौत

**बिहारशरीफ।** बख्तियारपुर-रजौली फोरलेन (एनएच-20) पर बुधवार की सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बिस्किट लदे ट्रक के चालक की मौत हो गई। हादसा दीपनगर थाना क्षेत्र के कासिमचक गांव के पास उस समय हुआ, जब रांची जा रहा ट्रक सड़क किनारे पहले से दुर्घटनाग्रस्त खड़े ट्रक से पीछे से जा टकराया।मृतक की पहचान नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के खजूरी बिगहा निवासी रामेश्वर प्रसाद यादव के 28 वर्षीय पुत्र विपिन कुमार के रूप में हुई है। मृतक के भाई सुमंत कुमार ने बताया कि विपिन मुजफ्फरपुर से बिस्किट लादकर रांची जा रहे थे। आशंका है कि रास्ते में उन्हें नींद की झपकी आ गई, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक से जा भिड़ा। टक्कर इतनी भीषण थी कि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल चालक को तत्काल पावापुरी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# लापरवाही पर नगर आयुक्त का सख्त एक्शन, सूची नहीं दिखा सके अधिकारी तो बैठक में फूटा गुस्सा, 2 घंटे का अल्टीमेटम

## पितृपक्ष मेला से पहले नगर आयुक्त सख्त, लापरवाह अधिकारियों को चेतावनी, काम नहीं तो कार्रवाई तय

लोकतंत्र की आवाज






**गयाजी।** विश्वप्रसिद्ध पितृपक्ष मेला-2026 की तैयारियों को लेकर गया नगर निगम अब पूरी तरह एक्शन मोड में है। मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त डॉ. गगन कुमार की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला प्रशासन द्वारा गठित साफ सफाई व पथ निर्माण सहित विभिन्न कोषांगों की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उस समय माहौल गर्म हो गया जब पथ निर्माण कोषांग के जिम्मेदार अधिकारी मेला क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कों, टूटी टाइल्स और खुले नाला ढक्कनों की सूची तक प्रस्तुत नहीं कर सके। अधिकारियों की इस तैयारी पर नगर आयुक्त का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने बैठक में ही कड़ी फटकार लगाते हुए दो घंटे के भीतर पूरी रिपोर्ट उपलब्ध कराने का अल्टीमेटम दे दिया है।

इस बैठक में सदर एसडीएम, जिला योजना पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता, अन्य विभागों के कार्यपालक अभियंता, नगर निगम की साफ सफाई शाखा के अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे हैं। नगर आयुक्त डॉ. गगन ने कहा कि पितृपक्ष मेला केवल गयाजी ही नहीं बल्कि पूरे देश-दुनिया की आस्था से जुड़ा आयोजन है। ऐसे में किसी भी विभाग की लापरवाही लाखों श्रद्धालुओं को परेशानी में डाल सकती है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**साफ-सफाई पर जीरो टॉलरेंस, हर व्यवस्था का लिया गया हिसाब:** इस समीक्षा बैठक में नगर आयुक्त डॉ. गगन ने सबसे पहले साफ-सफाई कोषांग से मेला क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, कूड़ा उठाव, डोर-टू-डोर कलेक्शन, शौचालयों की सफाई, नालियों की सफाई और अतिरिक्त सफाईकर्मियों की तैनाती की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि मेला शुरू होने से पहले पूरे मेला क्षेत्र को पूरी तरह स्वच्छ बनाया जाए और मेला अवधि के दौरान 24 घंटे सफाई व्यवस्था सक्रिय रहे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी पिंडवेदी, घाट, सड़क, मंदिर मार्ग या सार्वजनिक स्थल पर गंदगी की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए।

**सूची नहीं मिलने पर भड़के नगर आयुक्त**
इस बैठक के दौरान नगर आयुक्त ने पथ निर्माण कोषांग से मेला क्षेत्र में टूटी सड़कें, उखड़ी हुई टाइल्स, क्षतिग्रस्त पेवर ब्लॉक, खुले एवं टूटे नाला ढक्कन, जर्जर नालियों और अन्य मरम्मत योग्य स्थलों की सूची मांगी। लेकिन संबंधित अधिकारी कोई संतोषजनक रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर नगर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि बिना तैयारी के समीक्षा बैठक में आना गंभीर लापरवाही है।
उन्होंने संबंधित अधिकारियों और सहायक अभियंताओं को निर्देश दिया कि सिर्फ दो घंटे के भीतर पूरे मेला क्षेत्र का फील्ड सर्वे कर विस्तृत सूची नगर निगम को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय में रिपोर्ट नहीं दी गई तो संबंधित अधिकारी और कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी तथा जवाबदेही तय होगी।

**रोज होगी मॉनिटरिंग, ड्रोन से भी रखी जाएगी नजर:** नगर आयुक्त ने सभी कोषांगों को निर्देश दिया कि अपने-अपने कार्यक्षेत्र का प्रतिदिन निरीक्षण करें और दैनिक प्रगति रिपोर्ट नगर निगम मुख्यालय को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि इस बार मेला क्षेत्र की निगरानी केवल अधिकारियों के निरीक्षण तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी सफाई व्यवस्था और अन्य कार्यों की मॉनिटरिंग की जाएगी। जहां भी गंदगी, अव्यवस्था या अधूरा कार्य मिलेगा, वहां संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

**श्रद्धालुओं को नहीं होनी चाहिए कोई परेशानी:** नगर आयुक्त ने कहा कि पितृपक्ष मेला में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु गयाजी पहुंचते हैं। इसलिए सड़क, नाला, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य नागरिक सुविधाओं को समय से पहले दुरुस्त करना सभी विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ युद्धस्तर पर कार्य करें और किसी भी समस्या को लंबित न रखें। इस बैठक के अंत में नगर आयुक्त ने दो टूक शब्दों में कहा कि पितृपक्ष मेला की तैयारियों में किसी भी स्तर पर लापरवाही, ढिलाई या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम का लक्ष्य है कि इस वर्ष का पितृपक्ष मेला स्वच्छ, सुरक्षित, सुव्यवस्थित और श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह सुविधाजनक बनाया जाए।

## नीट पेपर लीक और छात्र प्रदर्शन पर राजद प्रखंड अध्यक्ष ने जताया विरोध

लोकतंत्र की आवाज

**अभिमन्यु कुमार प्रखंड संवाददाता दाऊदनगर**


देवेंद्र सिंह प्रखंड अध्यक्ष आरजेडी दाउदनगर

दाउदनगर (औरंगाबाद)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह ने नीट पेपर लीक और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर नई दिल्ली में छात्रों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई की निंदा की है। उन्होंने छात्रों की मांगों का समर्थन करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग की। देवेंद्र कुमार सिंह ने जारी बयान में आरोप लगाया कि देश में बेरोजगारी और प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं से छात्र-युवा परेशान हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार समय रहते छात्रों की मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं करती है, तो व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान छात्रों के साथ कठोर व्यवहार किया गया और सरकार को संवाद के माध्यम से समस्या का समाधान करना चाहिए।

## अरवल के सिविल सर्जन पर हमले के विरोध में अनुमंडल अस्पताल रजौली में ठप रहीं ओपीडी सेवाएं, मरीज हुए परेशान

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**



**रजौली।** बिहार के अरवल के सिविल सर्जन डॉक्टर राजकिशोर प्रसाद के साथ गत 17 जुलाई को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा की गई मारपीट और हिंसा की घटना के विरोध तथा चिकित्सकों की सुरक्षा की मांग को लेकर बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ के आह्वान पर बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल में ओपीडी सेवाएं सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक पूरी तरह बाधित रहीं। जिससे अस्पताल परिसर में सन्नाटा पसरा रहा और दूर-दराज से इलाज कराने पहुंचे दर्जनों मरीज बिना इलाज कराए ही मायूस होकर वापस लौटने को मजबूर हो गए, हालांकि इस दौरान अस्पताल के प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार, चिकित्सक डॉ. गुलाम अनीष, डॉ. परितोष, डॉ. निवेदिता नंदनी, डॉ. सूरज कुमार, डॉ. श्यामनंदन प्रसाद तथा डीएनएम समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी ड्यूटी पर तैनात तो रहे परंतु संघ के निर्देशानुसार उन्होंने ओपीडी के मरीजों का इलाज नहीं किया और अस्पताल में लगे पोस्टरों व नोटिस के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि चिकित्सकों पर हुए हमले के खिलाफ और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा दोषियों पर त्वरित एवं कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर यह बहिष्कार किया गया है, वहीं अस्पताल प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्यव्यापी इस विरोध प्रदर्शन के तहत ओपीडी कार्य पूरी तरह ठप रखा गया है, ताकि प्रशासन पर दबाव बनाया जा सके कि डॉक्टरों के खिलाफ हिंसा पर पूर्ण रोक लगाई जाए, हालांकि आम जनता की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए अस्पताल की आपातकालीन सेवा को पूरी तरह सुचारू रूप से चालू रखा गया है ताकि किसी भी गंभीर मरीज को असुविधा न हो और उसका समय पर उचित उपचार किया जा सके।

## रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम से किडनी मरीजों को मिली बड़ी राहत

लोक तंत्र की आवाज



**रजौली (नवादा)।** रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में बुधवार को बहुप्रतीक्षित डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम (ढठउ्ढ) के तहत शुरू हुई इस अत्याधुनिक सुविधा का उद्घाटन नवादा के सिविल सर्जन डॉ. बिनोद चौधरी, रजौली नगर परिषद की मुख्य पार्षद मानती देवी, अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस सेवा के शुरू होने से अब क्षेत्र के किडनी रोगियों को डायलिसिस के लिए गया, पटना या अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि आयुष्मान भारत कार्ड अथवा राशन कार्ड रखने वाले पात्र मरीजों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क डायलिसिस सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं जिन मरीजों के पास ये दस्तावेज नहीं होंगे, उनसे प्रति डायलिसिस 1,878 रुपये शुल्क लिया जाएगा।
फिलहाल यूनिट में तीन डायलिसिस बेड स्थापित किए गए हैं, जिन पर प्रतिदिन तीन मरीजों का डायलिसिस किया जा सकेगा। मरीजों की संख्या बढ़ने पर भविष्य में बेडों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। यह सेवा प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगी।

यूनिट के संचालन की जिम्मेदारी डॉ. श्यामनंदन प्रसाद एवं डॉ. सूरज कुमार की देखरेख में होगी। प्रशिक्षित डायलिसिस टेक्नीशियन की तैनाती भी की गई है, ताकि मरीजों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके। उद्घाटन समारोह में सौरभ कुमार निराला, गौरव कुमार सांडिल्य (महामंत्री, नवादा) सहित अस्पताल के चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. बिनोद चौधरी ने कहा कि बिहार सरकार एवं प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। स्थानीय लोगों ने भी इस सुविधा के शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब किडनी मरीजों का समय, धन और परेशानी तीनों की बचत होगी तथा गंभीर मरीजों को समय पर जीवनरक्षक उपचार उपलब्ध हो सकेगा।

## सदर अस्पताल में आईसीयू और एचडीयू वार्ड का उद्घाटन

लोक तंत्र की आवाज



**बिहारशरीफ।** सदर अस्पताल में नवनिर्मित अत्याधुनिक 5 बेड का आईसीयू और 3 बेड का एचडीयू वार्ड का बुधवार को औपचारिक शुभारंभ किया गया। पटना से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ऑनलाइन माध्यम से इसका उद्घाटन किया। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने अस्पताल पहुंचकर दोनों वार्डों का निरीक्षण किया और उपलब्ध कराई गई स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वार्ड में भर्ती मरीजों के उपचार, चिकित्सा उपकरणों, ऑक्सीजन व्यवस्था, मॉनिटरिंग सिस्टम तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को बेहतर उपचार व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने देने का निर्देश भी दिया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि अब तक सदर अस्पताल में आईसीयू की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण गंभीर एवं अति गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पतालों में रेफर करना पड़ता था। नई व्यवस्था शुरू होने से ऐसे मरीजों का इलाज अब जिले में ही संभव हो सकेगा। इससे इलाज में होने वाली देरी कम होगी, मरीजों और उनके परिजनों को आर्थिक व मानसिक राहत मिलेगी तथा समय पर विशेषज्ञ निगरानी में उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा। अस्पताल में स्थापित एचडीयू वार्ड उन मरीजों के लिए भी राहत साबित होगा, जिन्हें सामान्य वार्ड से अधिक निगरानी की आवश्यकता होती है, लेकिन आईसीयू में भर्ती करने की जरूरत नहीं होती। वहीं आईसीयू में जीवनरक्षक उपकरणों और प्रशिक्षित चिकित्सकीय टीम की निगरानी में गंभीर मरीजों का उपचार किया जाएगा, जिससे उनकी जान बचाने की संभावना और बेहतर होगी।मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष तनुजा कुमारी, सिविल सर्जन डॉ. जयप्रकाश सिंह, उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्याम कुमार निर्मल, स्वास्थ्य प्रबंधक मो. इमरान आलम, लेखा प्रबंधक सुरजीत कुमार, राजेंद्र प्रसाद सहित कई जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## राजगीर : नालंदा विश्वविद्यालय और सीएसआईआर के बीच समझौता, विज्ञान आधारित विकास को मिलेगी नई दिशा

लोक तंत्र की आवाज



**राजगीर।** नालंदा विश्वविद्यालय और वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के बीच नई दिल्ली स्थित सीएसआईआर मुख्यालय (अनुसंधान भवन) में बुधवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी का उद्देश्य विज्ञान आधारित सतत विकास, प्रौद्योगिकी प्रसार, ग्रामीण परिवर्तन, कौशल विकास और वैज्ञानिक जनसंपर्क को नई गति देना है। इसके माध्यम से सीएसआईआर की स्वदेशी वैज्ञानिक एवं तकनीकी उपलब्धियों को नालंदा विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक परिवेश से जोड़कर समाज-केंद्रित विकास मॉडल विकसित किए जाएंगे।एमओयू का आदान-प्रदान नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन चतुर्वेदी, सीएसआईआर की महानिदेशक डॉ. एन. कलैसेल्वी तथा विदेश मंत्रालय के सचिव (ईस्ट) रुद्रेन्द्र टंडन की उपस्थिति में हुआ। समारोह में दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक और संकाय सदस्य भी मौजूद रहे।कुलपति प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि नई प्रौद्योगिकियों का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस सहयोग से नालंदा क्षेत्र में आदर्श ग्राम विकास, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जल गुणवत्ता सुधार और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में आधुनिक तकनीकों का उपयोग बढ़ेगा।विदेश मंत्रालय के सचिव (ईस्ट) रुद्रेन्द्र टंडन ने कहा कि यह साझेदारी नालंदा विश्वविद्यालय को विश्वस्तरीय अनुसंधान एवं शैक्षणिक केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, सीएसआईआर की महानिदेशक डॉ. एन. कलैसेल्वी ने कहा कि विश्वविद्यालय का अंतरराष्ट्रीय छात्र समुदाय भारतीय वैज्ञानिक उपलब्धियों को वैश्विक मंच तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा।समझौते के तहत नालंदा विश्वविद्यालय परिसर में सीएसआईआर टेक्नोलॉजी गैलरी स्थापित की जाएगी, जहां स्वदेशी प्रौद्योगिकियों और वैज्ञानिक नवाचारों का प्रदर्शन होगा। इसके अलावा राजगीर क्षेत्र के गांवों में कृषि अवशेष एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, कौशल विकास, पुष्पोत्पादन, औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती, कृषि प्रसंस्करण और ग्रामीण उद्यमिता से जुड़े कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे, जिससे स्थानीय समुदायों को रोजगार और आजीविका के नए अवसर मिलेंगे।

## ई-रिक्शा और बाइक की सीधी टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल

लोक तंत्र की आवाज



**नवादा।** नवादा जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र की सीमा से सटे गया-जेठियन मार्ग पर सारसु जाने वाली सड़क के समीप बुधवार को ई-रिक्शा और मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग तत्काल मदद के लिए जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना तत्काल डायल 112 पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गया रेफर किए जाने की जानकारी मिली है। घटनास्थल पर मौजूद पत्रकार मिथिलेश कुमार ने भी घायलों की सहायता की और उन्हें समय पर अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया। दुर्घटना के समय दोनों युवक बेहोश थे, जिसके कारण उनकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस उनकी पहचान कराने का प्रयास कर रही है तथा परिजनों का पता लगाने में जुटी है। फिलहाल हादसे के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आसपास मौजूद लोगों से जानकारी जुटाई जा रही है। दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर आवागमन भी प्रभावित रहा, जिसे बाद में पुलिस ने सामान्य कराया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अखिलेश यादव की हिरासत के विरोध में सपाइयों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, नारेबाजी



लोकतंत्र की आवाज
करीम खान
गोण्डा। दिल्ली में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को हिरासत में लिए जाने से नाराज सपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार शाम गोण्डा कलेक्ट्रेट गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। करीब दो घंटे तक चले धरने के दौरान सरकार विरोधी नारे गूंजते रहे। प्रदर्शन खत्म होने के बाद पुलिस ने कई सपा नेताओं समेत कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर नगर कोतवाली भेज दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व सपा लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव लाल चंद्र गौतम और जिला प्रवक्ता जावेद अख्तर उर्फ मंटू ने किया। सूचना पर एसडीएम सदर जितेंद्र गौतम और सीओ नगर योगेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ता अपनी मांगों पर अड़े रहे। इसके बाद पुलिस ने मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष देवेंद्र प्रताप उर्फ दीपू यादव, समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, मेराज अहमद समेत कई सपा नेताओं को हिरासत में ले लिया। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि युवाओं, किसानों और महिलाओं के मुद्दों पर आवाज उठाने वालों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। पेपर लीक जैसे मुद्दे पर सवाल पूछने पर नेताओं को हिरासत में लेना लोकतंत्र का गला घोंटना है। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि अखिलेश यादव को जल्द रिहा नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। वहीं पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई।

### हरदोई की चेतना शुक्ला को राज्यस्तरीय सम्मान अभिनय के लिए प्रशस्ति पत्र और मेडल मिला




लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
हरदोई। जिले की अभिनेत्री चेतना शुक्ला को अभिनय के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जन समस्या मेला समिति भारत के 11वें स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। गोमती नगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के ऑडिटोरियम में यह समारोह आयोजित हुआ। इसका शुभारंभउत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र प्रताप सिंह वत्स और उत्तर प्रदेश फिल्म बंधु के पूर्व उपनिदेशक दिनेश कुमार सहगल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं फिल्म अभिनेता सतेंद्र सिंह यादव 'हीरो भैया' ने की, जबकि राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट डॉ. अंकित मित्तल सह-अध्यक्ष रहे।समारोह में कला, समाजसेवा, न्याय, पत्रकारिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली कई हस्तियों को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में हरदोई की अभिनेत्री चेतना शुक्ला को अभिनय के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।मुख्य अतिथि वीरेंद्र प्रताप सिंह वत्स ने इस अवसर पर कहा कि अपनी प्रतिभा, मेहनत और संस्कृति से जुड़ाव के बल पर प्रदेश और देश स्तर पर पहचान बनाना हरदोई के लिए गर्व की बात है। उन्होंने युवा कलाकारों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया।सम्मान प्राप्त करने के बाद चेतना शुक्ला ने आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में अभिनय के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। चेतना शुक्ला ने हरदोई का नाम प्रदेश और देश स्तर पर रोशन करने का प्रयास जारी रखने की बात कही। इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कलाकार, सामाजिक कार्यकर्ता, अधिवक्ता और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### फर्जी रिकवरी एजेंट ने 3.75 लाख रुपए की ठगी की: हरदोई की शहर कोतवाली में 8 आरोपियों पर मुकदमा दर्ज



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
हरदोई। कछौना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति से एचडीएफसी बैंक का फर्जी रिकवरी एजेंट बनकर 3,75,887 रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। इस धोखाधड़ी के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शहर कोतवाली में मंगलवार की रात 8:08 पर मुख्य आरोपी समेत कुल आठ लोगों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। सभी आरोपी शहर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले हैं। ग्राम आरखताली कामीपुर निवासी वजाहत अली ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने पशुपालन के लिए बैंक से सात लाख रुपये का कर्ज लिया था। समय पर भुगतान न होने के कारण यह कर्ज एनपीए (नॉन-परफॉर्मिंग एसेट) हो गया था। इसी रिकवरी के सिलसिले में आरोपी शुभम बाजपेयी उनके घर पहुंचा और खुद को एचडीएफसी बैंक का रिकवरी एजेंट बताकर आईडी कार्ड दिखाया।आरोपी ने पीड़ित वजाहत अली और उनके भाई को रेलवेगंज स्थित बैंक के बाहर बुलाया। उसने विभिन्न तारीखों पर उनसे नकद के रूप में कुल 2,71,200 रुपये लिए और फर्जी रसीदें थमा दीं।इसके अतिरिक्त, शेष बची रकम के लिए अन्य आरोपियों के खातों और क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन 1,04,687 रुपये और ट्रांसफर करवाए गए। आरोपी ने पीड़ित को बैंक से कर्ज माफ कराने और अदेयता प्रमाण पत्र (नो ड्यूज सर्टिफिकेट) देने का झांसा दिया था।इस धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब हाल ही में 9 जुलाई को पीड़ित के भाई ने हरदोई पुलिस का एक प्रेस नोट अपने मोबाइल पर देखा। इस प्रेस नोट से पता चला कि शुभम बाजपेयी और उसके साथियों ने फर्जी रसीदें काटकर और ऑनलाइन लेनदेन के जरिए कुल 3 लाख 75 हजार 887 रुपये की ठगी की है।पुलिस ने इस घटना के संबंध में शुभम बाजपेयी, रोहित सिंह, सैनिक मोबाइल शॉप, आरिफ कुरैशी, अंकित शुक्ला, अनुपम मिश्रा, श्रीराम ट्रेडर्स और समीर पाण्डेय सहित कुल आठ लोगों को आरोपी बनाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गोंडा: आधी रात बेपटरी हुई गेहूं लदी मालगाड़ी, 2 डिब्बे पटरी से उतरे, टला बड़ा हादसा

लोकतंत्र की आवाज

## ट्रैक सुरक्षा पर फिर उठे सवाल, देर रात चला री-रेलिंग अभियान



करीम खान
**गोंडा।** गोंडा जंक्शन रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार देर रात गेहूं से लदी एक मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर जाने से रेल विभाग में हड़कंप मच गया। गाजियाबाद से बिहार के मोतिहारी जा रही 42 डिब्बों वाली मालगाड़ी की 29वीं बोगी पूरी तरह और 30वीं बोगी आंशिक रूप से बेपटरी हो गई। राहत की बात यह रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। समय रहते लोको पायलट ने ट्रेन रोक दी, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

**बड़गांव ओवरब्रिज के नीचे हुआ हादसा:** हादसा मंगलवार रात करीब 12 बजे गोंडा रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर बड़गांव रेलवे ओवरब्रिज के नीचे लाइन नंबर-7 पर हुआ। मालगाड़ी सामान्य गति से आगे बढ़ रही थी कि अचानक झटके के साथ दो डिब्बे पटरी से उतर गए।झटका महसूस होते ही लोको पायलट ने तुरंत ट्रेन रोककर रेलवे कंट्रोल रूम और स्थानीय अधिकारियों को सूचना दी।

**रेलवे की टीमें मौके पर, ट्रैक बहाली में जुटी:** घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के इंजीनियरिंग, परिचालन और तकनीकी विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं। आरपीएफ और जीआरपी ने भी सुरक्षा व्यवस्था संभाल ली। अधिकारियों ने पहले प्रभावित ट्रैक को सुरक्षित किया और फिर बेपटरी हुए डिब्बों को री-रेलिंग कर पटरी पर चढ़ाने का काम शुरू किया। रेलवे के मुताबिक लाइन नंबर-7 सिर्फ मालगाड़ियों के लिए है, इसलिए यात्री ट्रेनों के संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा। देर रात तक ट्रैक बहाली का काम जारी रहा।

**तकनीकी खराबी या लापरवाही? जांच शुरू:** जीआरपी ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती तौर पर ट्रैक में तकनीकी खराबी, पहियों में खामी या अन्य वजहों की पड़ताल की जा रही है। रेलवे का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही असली वजह सामने आएगी।

**6 महीने में दूसरी घटना, सुरक्षा पर सवाल:** गोंडा में यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले 1 नवंबर 2025 को भी प्लेटफॉर्म नंबर-2 से कचहरी की ओर जा रही पत्थर लदी मालगाड़ी के दो डिब्बे बेपटरी हुए थे। तब जांच के बाद कर्मचारियों पर कार्रवाई हुई थी। लगातार दूसरी बार मालगाड़ी के बेपटरी होने से रेलवे की तकनीकी निगरानी और ट्रैक सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

## अंतर्जनपदीय गौ-तस्कर मुफीद मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार-पुलिस खंगाल रही पूरे गिरोह की कुंडली



लोकतंत्र की आवाज

**10 बैल पकड़े, 1 तस्कर फरार- रात में मुफीद को पुलिस ने पैर में गोली मारकर पकड़ा**

करीम खान
**गोण्डा।** नवाबगंज पुलिस और एसओजी टीम ने मंगलवार देर रात मुठभेड़ के बाद अंतर्जनपदीय गौ-तस्करी के फरार आरोपी मुफीद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसके दाहिने पैर में गोली लगी। घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार कर गोंडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

**10 बैलों से भरी डीसीएम पकड़ी, तस्कर हुआ था फरार:** पुलिस के मुताबिक मंगलवार सुबह करीब 10 बजे नवाबगंज पुलिस ने चेकिंग के दौरान 10 बैलों से भरी एक डीसीएम पकड़ी थी।कार्रवाई के दौरान मुफीद का साथी अयाज गिरफ्तार हो गया था, जबकि मुफीद मौके से फरार हो गया था।घटना के बाद एसपी विनीत जायसवाल ने उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीमें गठित की थीं।

**नगवा मोड़ के पास हुई मुठभेड़:** मुठभेड़ मंगलवार रात करीब 11:40 बजे नवाबगंज थाना क्षेत्र के नगवा मोड़ से कर्बला जाने वाली सड़क पर हुई। पुलिस के अनुसार चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट की सुपर स्प्लेंडर से आ रहे मुफीद को रुकने का इशारा किया गया। आरोप है कि पुलिस को देखकर मुफीद ने तमंचा निकालकर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली उसके दाहिने पैर में लगी और उसे दबोच लिया गया। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और बाइक बरामद की गई है।

**गिरोह की कुंडली खंगाल रही पुलिस:** एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि मुफीद के खिलाफ नवाबगंज थाने में गौ-तस्करी, पशु क्रूरता और आर्म्स एक्ट के तहत 3 मुकदमे पहले से दर्ज हैं। वह लगातार गौ-तस्करी की घटनाओं में संलिप्त था। अब पुलिस उसके आपराधिक नेटवर्क की जांच कर रही है कि पशुओं को कहां से लाया जाता था और कहां सप्लाई की जाती थी। पूछताछ में और भी नाम सामने आने की संभावना है।

### होशियारपुर से गांव लौटे युवक की संदिग्ध मौत, परिजनों ने दोस्त पर जबरन जहरीली शराब पिलाने का लगाया आरोप

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
हरदोई। पंजाब से लौटे एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि गांव के ही एक दोस्त ने युवक को जबरन जहरीली शराब पिला दी, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई और इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। टड़ियावां थाना क्षेत्र के बांधा मजरा भड़ायल निवासी सर्वेश पंजाब के होशियारपुर जिले के जंडौर क्षेत्र में मजदूरी करते हैं। करीब चार महीने पहले उनका 18 वर्षीय बेटा अक्षय कुमार भी उनके पास पंजाब चला गया था। अक्षय के छोटे भाई रजनीकांत के अनुसार, करीब 15 दिन पहले उनके पिता गांव लौट आए थे। इसके बाद 17 जुलाई को अक्षय अपने गांव के ही दोस्त उदयराज के साथ पंजाब से रवाना हुआ और 19 जुलाई को गांव पहुंचा। परिजनों के मुताबिक, गांव पहुंचने के कुछ ही समय बाद अक्षय की तबीयत अचानक खराब हो गई। उसे पहले नीर गांव के एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। मंगलवार को गंभीर हालत में उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई रजनीकांत ने आरोप लगाया कि गांव के ही दोस्त उदयराज ने अक्षय को जबरन जहरीली शराब पिलाई थी। इसी वजह से उसकी तबीयत बिगड़ी और बाद में उसकी मौत हो गई।

## दो रोडवेज बसों के बीच फंसकर महिला की मौत: हरदोई में दोनों ड्राइवरों एक साथ बढ़ाई बस, खड़े-खड़े ही सिर पिच्चा

लोकतंत्र की आवाज





ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
**हरदोई।** शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित रोडवेज बस अड्डे पर बुधवार दोपहर करीब 1:30 बजे एक हादसे में 32 वर्षीय नेहा सिंह की मौत हो गई। नेहा कोतवाली देहात क्षेत्र के खेतुई गांव की निवासी थीं। वह एक निजी दवा कंपनी में कार्यरत थीं और उन्नाव के बांगरमऊ में आयोजित आधिकारिक बैठक में शामिल होने के लिए बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रही थीं।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इसी दौरान कन्नौज डिपो और हरदोई डिपो की दो रोडवेज बसें एक साथ आगे बढ़ीं। नेहा दोनों बसों के अगले हिस्से के बीच फंस गईं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद बस अड्डे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।आसपास मौजूद लोगों ने नेहा को तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।परिजनों का आरोप है कि दोनों बस चालकों ने यह सुनिश्चित किए बिना बसों को आगे बढ़ा दिया कि सामने कोई व्यक्ति मौजूद है या नहीं। उनका कहना है कि यदि चालकों ने सावधानी बरती होती तो नेहा की जान बच सकती थी।मृतका के देवर वीरेश सिंह ने बताया कि करीब 10 वर्ष पहले नेहा के पति सर्वेश सिंह, जो ट्रक चालक थे, एक सड़क हादसे में डीसीएम और ट्रक के बीच फंसने से जान गंवा चुके थे। पति की मौत के बाद नेहा ने परिवार की पूरी जिम्मेदारी संभाली थी। वह नौकरी कर अपने 15 वर्षीय बेटी रिया सिंह और 11 वर्षीय बेटे विवेक का पालन-पोषण कर रही थीं।इस घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## कर्नलगंज: मुंडेरवा-खालेपुरवा मार्ग बना कीचड़ का दलदल, बरसात में आवागमन दुश्वार

लोकतंत्र की आवाज



करीम खान
**कर्नलगंज, गोण्डा।** तहसील व विकासखंड कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुंडेरवा से खालेपुरवा को जोड़ने वाला मुख्य संपर्क मार्ग लंबे समय से जर्जर अवस्था में है। सड़क पर गहरे गड्ढे और कीचड़ होने के कारण ग्रामीणों को दैनिक आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**बरसात में चलना दुश्वार:** यह मार्ग गांव को सार्वजनिक वितरण प्रणाली यानी राशन की दुकान सहित अन्य आवश्यक सेवाओं से जोड़ता है। सड़क की खराब स्थिति के कारण बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है।

**कई बार शिकायत, नहीं हुई सुनवाई:** ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को सड़क की बदहाली से अवगत कराया है। लेकिन अब तक मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया गया है, जिससे स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति असंतोष है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान श्रीमती कुसुम रानी से भी सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि मार्ग की मरम्मत से आवागमन सुगम होगा और उन्हें राशन सहित अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आने-जाने में सुविधा मिलेगी।

**जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग:** स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से आग्रह किया है कि सड़क की स्थिति का तत्काल निरीक्षण कर मरम्मत कार्य जल्द से जल्द शुरू कराया जाए, ताकि उन्हें मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशानी न हो।

## कटरा बाजार: बिना अनुमति संचालित हो रहे अवैध टैक्सी स्टैंड, भीड़ और हादसे को दावत

लोकतंत्र की आवाज



**अवैध टैक्सी स्टैंड संचालक दे रहे प्रशासन को खुली चुनौती, प्रतिदिन लग रहा जाम**

करीम खान
**गोण्डा।** कटरा बाजार में अवैध टैक्सी स्टैंड के कारण आए दिन जाम लग रहा है और इससे आये दिन लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होने के साथ ही बड़े हादसे का भय बना हुआ है। आरोप है कि बिना किसी अनुमति के सड़क पर व मुख्य नुक्कड़ पर टैक्सी स्टैंड संचालित किया जा रहा है और टैक्सी संचालक खुलेआम प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कटरा बाजार के व्यस्ततम चौराहे और मुख्य नुक्कड़ पर दर्जनों चौपहिया डग्गामार वाहन, आटो, टैक्सी खड़ी कर दी जाती हैं।इससे पैदल चलने वालों और दोपहिया वाहन चालकों को निकलने में भारी दिक्कत होती है। भीड़-भाड़ वाले समय में यहां अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है और छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं भी हो रही हैं।

**प्रशासन को खुली चुनौती:** सबसे बड़ा सवाल यह है कि यह टैक्सी स्टैंड बिना अनुमति के कैसे संचालित हो रहा है? लोगों का आरोप है कि संचालकों ने प्रशासनिक नियमों को ताक पर रखकर स्टैंड बना लिया है और किसी भी कार्रवाई की परवाह नहीं कर रहे।

**स्थानीय लोगों की मांग:** व्यापारियों और आम जनता ने जिला प्रशासन और उपजिलाधिकारी कटरा बाजार से मांग की है कि अवैध टैक्सी स्टैंड को तत्काल हटवाया जाए और उचित स्थान चिन्हित कर स्टैंड बनाया जाए।लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कोई बड़ी दुर्घटना होना तय है।

# कांग्रेसियों ने कचहरी परिसर में किया प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
**हरदोई।** जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कचहरी परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो, नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद, छात्र एकता ज़िंदाबाद, लोकतंत्र बचाओ जैसे नारे लगाए।

कचहरी परिसर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की आवाजों से देर तक गूंजता रहा।ज्ञापन में नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की। पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय, निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराने, दोषी अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा घायल छात्रों को निःशुल्क उपचार एवं उचित मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की गई।ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा लिया जाए। अथवा उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए। साथ ही लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ कथित रूप से हुए दुर्व्यवहार के मामले में संबंधित पुलिस कर्मियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाए।जिला कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम पांडे ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखने वाले छात्रों पर बल प्रयोग अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। छात्रों की आवाज़ को दबाने का हर प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है। कांग्रेस पार्टी छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी। दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई, घायलों को न्याय तथा शिक्षा मंत्री की जवाबदेही हर हाल में तय होनी चाहिए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुपम दीक्षित ने कहा कि देश का भविष्य हमारे छात्र हैं। उनकी आवाज़ को लाठी के बल पर दबाने का प्रयास लोकतंत्र की आत्मा पर आघात है।

## जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत खुरपका मुँहपका टीकाकरण अभियान के आठवें चरण का किया शुभारम्भ

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
**हरदोई।**आज जिलाधिकारी अनुनय झा ने कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत खुरपका मुँहपका टीकाकरण अभियान के आठवें चरण का हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर टीकाकरण करने हेतु गठित टीमों को रोस्टर अनुसार ग्रामों में पहुँचकर टीकाकरण पशुपालक के द्वार पर जाकर निःशुल्क करने हेतु रवाना किया गया।मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा जनपद के समस्त पशुपालकों से अपील की गयी कि टीम द्वारा किये गये टीकाकरण का विवरण भारत पशुधन ऐप पर कान के छल्ला नम्बर के साथ अपलोड किया जायेगा, इस हेतु टीकाकरण कार्यकर्ता को अपेक्षित सहयोग प्रदान करें।इसी क्रम में विकास खण्ड मल्लावां में माननीय विधायक श्री आशीष सिंह 'आशू' जी, विकास खण्ड माधौगंज में मा. विधायक जी की पूज्यनीय माताजी श्रीमती विमला देवी जी के कर कमलों से तथा इसके अतिरिक्त जनपद के विभिन्न ब्लाकों में माननीय प्रमुख एवं क्षेत्रीय प्रतिनिधियों द्वारा हरी झण्डी दिखाकर उक्त अभियान का शुभारम्भ किया गया।उक्त अभियान जनपद में दिनांक 22.07.2026 से 08.09.2026 तक (कुल 45 दिवस) संचालित होगा। अभियान के अन्तर्गत गठित टीमों द्वारा जनपद में 8,38,000 (गोवंशीय एवं महिषवंशीय) पशुओं में खुरपका मुँहपका रोग की रोकथाम हेतु टीकाकरण पशुपालक के द्वार पर जाकर निःशुल्क किया जायेगा। टीकाकरण के दौरान 08 माह से अधिक गाभिन पशु एवं 04 माह से छोटे बच्चों का टीकाकरण नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, समस्त उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी / पशु चिकित्सा अधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी एवं पशुमित्र उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### तीनपहाड़ में चौहल्लूम कमिटी का हुआ गठन



लोकतंत्र की आवाज़
साहिबगंज/तीनपहाड़। ईमाम हुसैन के सहादत की याद में मुहर्रम के चालीस दिन बाद मनाया जाने वाला त्यौहार को लेकर मंगलवार देर शाम इमामबाड़ा चौक में एक बैठक का आयोजन किया गया।जहां बैठक की अध्यक्षता मो हुसैन ने की।बैठक में नई कमिटी का गठन किया गया।जहां सर्व सहमति से कमिटी के संरक्षक मो हुसैन,मो मुन्ना,अध्यक्ष नाज़िम लड्डू, उपाध्यक्ष शंभु भगत,शकील,बासु जावेद,राजू अंसारी,मो ज़मीर,सचिव समसेर अंसारी, संयुक्त सचिव नाज़िम पप्पू,इम्तियाज़ बबुआ,उपसचिव मो वकार,कोषाध्यक्ष कबीर अंसारी, सह कोषाध्यक्ष तबरेज़ अंसारी को बनाया गया।बैठक में नए कमिटी के सदस्यों ने बताया कि आगामी 6 अगस्त को चलीसवा मनाया जाना है इसके लिए अभी से ही इसकी तैयारी के लिए कमिटी के सदस्य जुट गए है हर साल की तरह इस साल भी चलीसवा पूरे इबादत ओर एहतराम के साथ मनाया जाएगा।मौके पर बैठक में लाइसेंस धारी फिरोज़ साह उर्फ राजा, इमाम बाड़ा प्रभारी कमरुद्दीन अंसारी, मुर्शिद राजा, मो सैफी,छोटू, आरिफ गोरकु, साहेब, मिठ्ठू, बिट्टू, गोविंदा, मो रियाज़ साह सहित अन्य मौजूद थे।

### मुकेश कुमार बमबम ने सातवें कार्यपालक अभियंता के रूप में लिया पदभार



लोकतंत्र की आवाज़
साहिबगंज। जिला के सातवें ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल कार्यपालक अभियंता के रूप में मुकेश कुमार बमबम ने बुधवार को पदभार लिया। उन्हें छवे ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल कार्यपालक अभियंता रामा कान्त ने पदभार सौंपा। पदभार लेने के बाद मुकेश कुमार बमबम ने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण ओर प्राक्कलन के अनुसार कार्य कराना है। सहायक अभियंता के रूप में जिला में अपनी सेवा पूर्व में दे चुके है। समय पर कार्य पूर्ण कराना प्राथमिकता है। मुकेश कुमार बमबम इससे पूर्व साहिबगंज में सहायक अभियंता के रूप में अपनी सेवा दे चुके है। सहायक अभियंता से प्रमोशन होने के बाद दूसरा पोस्टिंग साहिबगंज में हुआ है। वही रामाकांत 16 मार्च 2023 से जिला में पदस्थापित थे। मौके पर कनीय अभियंता रामाशंकर, सहायक अभियंता प्रेम कुमार, बैजनाथ कुमार महतो, एजाज अहमद, जई पंचक कुमार रविदास, एई सुभाषचंद्र टुडु, जेई चंद्रप्रकाश व शैलेन्द्र कुमार, बड़ा बाबू प्रणव कुमार, एनआरईपी एई देवीलाल हांसदा व जेई दिवाकर कुमार सहित अन्य थे।

### राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ : समाजसेवी मुकेश कुमार तोमर उर्फ चंचल सिंह



लोकतंत्र की आवाज
अनोज कुमार सिंह ब्यूरो चीफ
मुंगेर। धरहरा मुंगेर जिले के धरहरा प्रखंड अंतर्गत भलार ग्राम वासी एवं प्रखंड के अग्रणी समाजसेवी एवं धरहरा प्रखंड के पूर्व खेल सितारे मुकेश कुमार तोमर उर्फ चंचल सिंह ने बताया कि22 जुलाई 1947 भारतीय इतिहास का वह गौरवशाली दिवस है, जब संविधान सभा ने हमारे गौरव, सम्मान और राष्ट्रीय अस्मिता के प्रतीक तिरंगे को भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अंगीकार किया। यह केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की स्वतंत्रता, त्याग, बलिदान, एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों का जीवंत प्रतीक है। तिरंगे का केसरिया रंग साहस, त्याग और समर्पण का संदेश देता है, श्वेत रंग सत्य, शांति और सद्भाव का प्रतीक है तथा हरा रंग समृद्धि, विकास और प्रकृति के प्रति हमारी आस्था को दर्शाता है। मध्य में स्थित अशोक चक्र निरंतर प्रगति, न्याय और कर्मपथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। आइए, राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस के इस पावन अवसर पर हम सभी अपने तिरंगे के सम्मान की रक्षा करने, राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने तथा भारत को और अधिक समृद्ध, सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लें।

### विद्यार्थियों की न्यायोचित मांगों का समाधान संवाद, पारदर्शिता एवं संस्थागत सुधारों से हो, हिंसा नहीं : अभाविप

लोकतंत्र की आवाज़
साहिबगंज। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने जंतर–मंतर पर नीट–यूजी सहित विभिन्न शिक्षा संबंधी मुद्दों को लेकर आयोजित प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसक घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की है। परिषद ने कहा कि विद्यार्थियों की न्यायोचित मांगों का समर्थन किया जाना चाहिए, लेकिन किसी भी आंदोलन का स्वरूप शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं अनुशासित होना आवश्यक है। हिंसा, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना तथा कानून–व्यवस्था को प्रभावित करना किसी भी आंदोलन को कमजोर करता है और इससे विद्यार्थियों के मूल मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। अभाविप ने कहा कि वह प्रारंभ से ही नीट–यूजी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग करती रही है। परिषद ने यह भी कहा कि विद्यार्थियों की समस्याओं एवं आंदोलनों का उपयोग किसी भी संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ या राष्ट्रविरोधी एजेंडे के लिए नहीं होना चाहिए। छात्र शक्ति देश की सबसे बड़ी रचनात्मक शक्ति है, जिसका उपयोग शिक्षा सुधार, राष्ट्र निर्माण और समाज हित में होना चाहिए। अभाविप नगर मंत्री चंदन कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों की मांगें पूरी तरह न्यायोचित हैं और उनका समाधान संवेदनशीलता के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आंदोलन लोकतंत्र का महत्वपूर्ण माध्यम है, लेकिन जब उसमें हिंसा, अराजकता और टकराव शामिल हो जाता है तो उसका उद्देश्य कमजोर पड़ जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से संयम बनाए रखते हुए लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने की अपील की। अभाविप संथाल परगना विभाग संयोजक संजय दत्ता ने कहा कि देश के लाखों युवाओं का भविष्य प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ा हुआ है। इसलिए परीक्षा प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और जवाबदेह होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के साथ–साथ ऐसी व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना समाप्त हो।

# अमेरिकी ट्रेड डील और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ दरभंगा में गरजा किसान मोर्चा, ट्रंप, मोदी व सम्राट चौधरी का फूंका पुतला

**संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर दरभंगा में निकला प्रतिरोध मार्च, भोगेन्द्र झा चौक पर ट्रंप, पीएम व सीएम का प्रतीकात्मक पुतला दहन**

**लोक तंत्र की आवाज**



**दरभंगा**।दरभंगा में बुधवार को संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में किसानों ने अमेरिकी ट्रेड डील, किसान विरोधी नीतियों, भूमि अधिग्रहण, प्रस्तावित सेटलाइट टाउनशिप तथा छात्रों पर कथित लाठीचार्ज के विरोध में जोरदार प्रतिरोध मार्च निकाला। यह मार्च अजय भवन से शुरू होकर एम.आर.एम. कॉलेज होते हुए कॉमरेड भोगेन्द्र झा चौक पहुंचा, जहां अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया।

मार्च का नेतृत्व किसान सभा के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार चौधरी ने किया। इस दौरान किसानों ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अमेरिकी ट्रेड डील वापस लेने तथा किसानों की जमीन के अधिग्रहण की योजनाओं को रद्द करने की मांग की। सभा को संबोधित करते हुए किसान सभा के जिला सचिव अहमद अली तमन्ना ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित अमेरिका-भारत व्यापार समझौता भारतीय किसानों के हितों के प्रतिकूल है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र को कॉरपोरेट कंपनियों के हवाले करने की कोशिश की जा रही है, जिससे किसानों की आजीविका और देश की खाद्य सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। उन्होंने छात्रों और युवाओं पर हुए कथित लाठीचार्ज की भी आलोचना की और इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताया।

किसान नेता विश्वनाथ मिश्र ने कहा कि बिहार में सेटलाइट टाउनशिप, भारतमाला सड़क परियोजना, चौसा थर्मल पावर, रेलवे विस्तार और अन्य विकास परियोजनाओं के नाम पर बड़ी मात्रा में कृषि भूमि अधिग्रहित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों की जमीन केवल संपत्ति नहीं बल्कि उनकी आजीविका, पहचान और भविष्य का आधार है। उन्होंने मांग की कि बिहार में स्मार्ट गांव, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि आधारित उद्योगों के विकास को प्राथमिकता दी जाए।

**■ छात्र आंदोलन पर लाठीचार्ज की निंदा करते हुए लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा की मांग**

वहीं किसान नेता वरुण झा ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा 23 से 25 जुलाई तक बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाएगा। उन्होंने कहा कि किसान, बटाईदार, खेतिहर मजदूर और कृषि पर निर्भर सभी वर्गों को संगठित कर लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा।

कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष राजीव कुमार चौधरी ने कहा कि किसान अपनी जमीन, अधिकार और सम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक किसानों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कार्यक्रम में रामनाथ पंजियार, सुजीत आचार्या, राजू कुमार मिश्र (AIYF), क्रांति सिंह, संजीव झा, हीरा पासवान, भोला शेख सहित किसान सभा एवं संयुक्त किसान मोर्चा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## दरभंगा को मिली अत्याधुनिक पैथोलॉजी लैब की सौगात, अब 87 तरह की जांच होगी बिल्कुल मुफ्त

**लोक तंत्र की आवाज**

**दरभंगा**। दरभंगा जिले के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिली है।बुधवार को सदर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में अत्याधुनिक जिला पैथोलॉजी लैब, यानी रक्त जांच हब का विधिवत उद्घाटन किया गया। यह सुविधा राज्य सरकार की लोक-निजी साझेदारी (PPP) के तहत हब एंड स्पोक मॉडल पर शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य जिले के मरीजों को बेहतर और समयबद्ध जांच सुविधा उपलब्ध कराना है।

उद्घाटन के अवसर पर जिलाधिकारी कौशल कुमार ने लैब का निरीक्षण किया और वहां स्थापित आधुनिक मशीनों, जांच व्यवस्था तथा कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी ली।उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और समय पर जांच सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इस नई लैब के शुरू होने से जिले के विभिन्न सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों को अब बेहतर जांच सुविधा मिलेगी, जिससे गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान और इलाज संभव हो सकेगा।लैब इंचार्ज ने बताया कि यह जिला स्तरीय रक्त जांच हब है, जहां 87 प्रकार की पैथोलॉजी जांच पूरी तरह निःशुल्क की जाएगी।



इनमें लिवर फंक्शन टेस्ट (LFT), किडनी फंक्शन टेस्ट (KFT), टी-3, टी-4, टीएसएच, सीबीसी (CBC), यूरिन रूटीन जांच सहित कई महत्वपूर्ण जांच शामिल हैं।

इस हब से जिले के 26 सरकारी स्वास्थ्य संस्थान जुड़े हुए हैं, जिनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रेफरल अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल और अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थान शामिल हैं।

उद्घाटन समारोह में सिविल सर्जन डॉ. अरुण कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रीना कुमारी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुप्रिया नारायण, डॉ. उमाशंकर प्रसाद, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध इस निःशुल्क जांच सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं, ताकि समय पर जांच और बेहतर इलाज सुनिश्चित हो सके।

## मुंगेर: लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर पर दी बधाई

**लोकतंत्र की आवाज**

**अनोज कुमार सिंह ब्यूरो चीफ**
**मुंगेर**। जिला ब्रह्मर्षि समाज के सदस्यों ने भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर सीपी ठाकुर को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी है। ब्रह्मर्षि समाज के वरिष्ठ संस्थापक सदस्य सह जन सुराज पार्टी के प्रदेश सलाहकार समिति सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि डॉ सीपी ठाकुर को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाना ब्रह्म ऋषि समाज के लिए गर्व की बात है। मुंगेर जिला ब्रह्मर्षि समाज के कोषाध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील कुमार ने कहा कि डॉ सीपी ठाकुर हमारे भूमिहार समाज के अनमोल धरोहर है उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किए जाने से मुंगेर जिला ब्रह्मर्षि समाज प्रसन्नता व्यक्त करती है। ब्रह्मर्षि समाज के संस्थापक महासचिव श्री अशोक शंकर सिंह ने कहा कि डॉ सीपी ठाकुर जी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किए जाने से ब्रह्मर्षि समाज के सदस्य बेहद उत्साहित है। ब्रह्मर्षि चेतना मंच प्रवक्ता व अधिवक्ता प्रणव कुमार ने कहा कि श्री डॉक्टर सीपी ठाकुर जी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर समाज की ओर से उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ। श्री डॉक्टर सीपी ठाकुर जी को बधाई देने वालों ने सदस्य मणि शंकर भोलू त्रिपुरारी चौधरी पंकज कुमार शांडिल्य पंकज कुमार सिंह नवेंदु कुमार सिंह आदि अन्य सदस्य शामिल थे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने पर जोर, बीएलओ -बी एलए -2 की तृतीय बैठक आयोजित

**लोकतंत्र की आवाज़**

**साहिबगंज/पटना**। विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर -2026 अभियान को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से बुधवार को धर्मपुर पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 225, 226 एवं 227 पर एल ओ –बी एल ए-2 की तृतीय बैठक एवं चुनाव पाठशाला की तृतीय बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची का शुद्धीकरण करना और अभियान में सभी हितधारकों की सहभागिता सुनिश्चित करना था।

बैठक में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के आलोक में मतदाता सूची में व्याप्त त्रुटियों को दूर करने, नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत तथा स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने और डुप्लिकेट प्रविष्टियों को हटाने पर विस्तृत चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अभियान के दौरान कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। इसके लिए घर-घर सर्वेक्षण और दस्तावेज सत्यापन में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए।



**समयबद्ध तरीके से फॉर्म जमा करने पर बल** : बैठक में उपस्थित एल ओ –बी एल ए-2, शिक्षकों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को फॉर्म-6, 7, 8 एवं 8ए भरने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, नाम में संशोधन और पते में बदलाव के लिए निर्धारित प्रपत्रों को समयबद्ध तरीके से भरकर जमा कराना अनिवार्य है। साथ ही मतदाताओं को आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र और आयु प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध रखने की अपील की गई।

**घर–घर जागरूकता अभियान का आह्वान** : बैठक में सभी बी एल ए-2 एवं चुनाव पाठशाला के सदस्यों से आग्रह किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं को एस आई आर -2026 के महत्व के बारे में जागरूक करें। बैठक में मतदान केंद्र संख्या 225 के बी एल ए -2 राजेश कुमार मंडल, 226 के आबिद नैयर तथा 227 के रंजन तुरी उपस्थित रहे। संबंधित बी एल ओ के रूप में कुमकुम कुमारी 225, एलिजाबेथ हेम्ब्रम 226 एवं मुन्नी मरांडी 227 मौजूद थीं। चुनाव पाठशाला में शिक्षक भारती हांसदा 225, मरियम मरांडी 226 एवं लाल पावरिया 227 ने भी भाग लिया। पंचायत सहायक अख्तर हुसैन सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

## नशा कारोबारी पर पुलिस का करारा प्रहार

**लोकतंत्र की आवाज**

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती**।पीरपैंती ,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (कहलगांव-2) स्नेह सेतु ने बुधवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान ईशीपुर बाराहाट थाना क्षेत्र से भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किए गए और एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने छापेमारी के दौरान 1654 नशीली गोलियां, 170 पीस कफ सिरप, दो मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल और 19,080 रुपये नकद बरामद किए। इस मामले में झारखंड के गोड्डा जिले के अमजोरा, पिरोजपुर निवासी गोपाल कुमार साह को गिरफ्तार किया गया है। इसके अतिरिक्त, एक विधि-विरुद्ध बालक को भी अभिरक्षा में लिया गया है। डीएसपी स्नेह सेतु ने बताया कि जब्त मादक पदार्थों की अंतरराज्यीय तस्करी से जुड़े सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि नशीली दवाओं की यह खेप कहां से लाई गई थी और इसकी आपूर्ति किन-किन क्षेत्रों में की जाती थी।



उन्होंने यह भी कहा कि इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ भी जल्द ही सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस छापेमारी अभियान का नेतृत्व स्वयं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी स्नेह सेतु ने किया। टीम में ईशीपुर बाराहाट थाना के थानाध्यक्ष मनीष कुमार, पुलिस पदाधिकारी विपिन प्रसाद यादव, नियाज अहमद और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे क्षेत्र में इस कार्रवाई को हाल के वर्षों की सबसे बड़ी मादक पदार्थ बरामदगी में से एक माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने डीएसपी स्नेह सेतु के पदभार संभालने के बाद सूखे नशे के खिलाफ हुई इस बड़ी कार्रवाई की सराहना की है।

## राजमहल में खाद्य सुरक्षा विभाग की सघन जांच, एक्सपायरी शीतल पेय व सोडा की बोतलें बरामद, दुकानदारों को कड़ी चेतावनी

**लोकतंत्र की आवाज़**

**साहिबगंज/राजमहल**। उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग ने बुधवार को राजमहल प्रखंड क्षेत्र में एक्सपायरी डेट में छेड़छाड़ (टेंपरिंग) एवं री-लेबलिंग के खिलाफ सघन जांच अभियान चलाया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी नौरंग देव कुमार एवं आशीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने लगभग 20 दुकानों का औचक निरीक्षण कर खाद्य एवं पेय पदार्थों की गुणवत्ता, एक्सपायरी तिथि और लेबलिंग की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान फैंटा, थम्स अप सहित कई शीतल पेय की एक्सपायरी बोतलें तथा बड़ी संख्या में एक्सपायरी सोडा की बोतलें बरामद की गईं। अधिकारियों ने संबंधित दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का सख्ती से पालन करने का निर्देश देते हुए एक्सपायरी अथवा री-लेबल किए गए उत्पादों की बिक्री नहीं करने की चेतावनी दी।



विभाग ने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग ने बताया कि जिले में ऐसे औचक निरीक्षण आगे भी लगातार जारी रहेंगे। साथ ही नागरिकों से खाद्य सामग्री खरीदते समय निर्माण तिथि, समाप्ति तिथि और पैकेजिंग की जांच करने तथा किसी भी अनियमितता की सूचना तत्काल विभाग को देने की अपील की है।

## दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए हिंसात्मक लाठीचार्ज के विरोध में जमालपुर की जनता एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करेगी

**लोकतंत्र की आवाज**

**अनोज कुमार सिंह ब्यूरो चीफ**
**मुंगेर**। दिनांक : 23 जुलाई, गुरुवार , समय : दोपहर 2:00 बजे , स्थान : बराट चौक

**बराट चौक से तिरंगा झंडे के साथ प्रोटेस्ट मार्च शुरू होगा:** जमालपुर सदर बाजार स्थित बारात चौक पर बैठक हुई बैठक में जमालपुर नगर परिषद कांग्रेस नगर अध्यक्ष साइ शंकर ,राजद नगर अध्यक्ष बम बम यादव ,आईआई पी युवा जिला अध्यक्ष मयंक राज उर्फ छोटू ,एस यू सी आई प्रखंड अध्यक्ष सकीचंद मंडल ,सपा प्रदेश महासचिव रविकांत झा ,सपा मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति, ऑल इंडिया अप्रेंटिस एसोसिएशन अध्यक्ष चंदन पासवान, कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र नाथ सिंह, नगर उपाध्यक्ष सिद्धेश्वर नाथ विश्वकर्मा, सचिव विनोद मंडल ,राजद अल्पसंख्यक अध्यक्ष मोहम्मद बरकत कुरैशी आदि लोग उपस्थित थे



**मार्च में अपने साथ अवश्य लाएं:** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव अंबेडकर, शहीद भगत सिंह की तस्वीरें, तिरंगा झंडा

**यात्रा मार्ग:** बराट चौक → स्टेशन मोड़ → जुबली वेल → अवंतिका रोड → शनि मंदिर → सदर फाड़ी → जनता मोड़ → भारत माता चौक → 6 नंबर गेट

**विशेष अपील:** सभी छात्रों से अनुरोध है कि वे इस प्रोटेस्ट मार्च में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर लोकतंत्र, संविधान और छात्र एकता का समर्थन करें। आप सभी शहरवासियों से सादर अनुरोध है कि इस मार्च को सफल बनाएं।

# 80वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां तेज, नेहरू स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह, जिला पदाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश

**लोक तंत्र की आवाज**

**दरभंगा** । दरभंगा में आगामी 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें समारोह को गरिमामय, अनुशासित और आकर्षक ढंग से संपन्न कराने को लेकर विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय गौरव और सम्मान का पर्व है।इसे पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूरी करें। उन्होंने जिला जनसंपर्क कार्यालय को समारोह का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। मुख्य समारोह नेहरू स्टेडियम में आयोजित होगा। इसके लिए कार्यपालक अभियंता (भवन) को स्टेडियम के मैदान को पूरी तरह समतल करने तथा जल-जमाव और कीचड़ से मुक्त रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही नगर आयुक्त को पोलो मैदान और आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई एवं आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने को कहा गया।



**■ जिलाधिकारी कौशल कुमार ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों की समीक्षा की**

समारोह स्थल पर पेयजल सहित सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था नजारत शाखा के माध्यम से की जाएगी। इसके अलावा नगर निगम क्षेत्र में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई, साज-सज्जा और माल्यार्पण की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि सांसद, विधायक, अन्य जनप्रतिनिधियों, वरीय अधिकारियों और मीडिया प्रतिनिधियों को ई-आमंत्रण पत्र (ई-कार्ड) के माध्यम से आमंत्रित किया जाएगा, ताकि आयोजन सुव्यवस्थित और आधुनिक तरीके से संपन्न हो सके।

बैठक में सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, नगर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) सलीम अख्तर, जिला शिक्षा पदाधिकारी विद्यानंद ठाकुर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पवन कुमार यादव, प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष अमन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी विभागों के समन्वित प्रयास से इस वर्ष का 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह दरभंगा में पूरे सम्मान, अनुशासन और राष्ट्रीय उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### केसरिया: दक्षिणी हुसैनी में महायज्ञ व रामलीला कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया



**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**मोतिहारी**। केसरिया प्रखंड क्षेत्र के दक्षिणी हुसैनी पंचायत के नवीन गांधी नगर में नौ दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ बहुत ही धूमधाम से हो रहा है। इस कार्यक्रम के 7वें दिन संध्या में भव्य आरती एवं रामलीला कार्यक्रम का शुभारंभ के के मिश्र ने पिता काटकर की। वहीं कार्यक्रम उद्घाटन के बाद क्षेत्र के युवा समाजसेवी सह केसरिया 30 से भावी जिला परिषद सदस्य प्रत्याशी के के मिश्र उर्फ कृष्णकांत मिश्र, ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति,धर्म और आध्यात्म परंपराओं को जीवंत बनाए रखने में इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। महायज्ञ एवं मूल्यों और धार्मिक आस्था को और मजबूत करतें हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम के आदर्शो को अपनाकर ही एक अच्छे समाज का निर्माण किया जा सकता है। वहीं आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम से समाज में सकारात्मक उर्जा एवं पूरे गांव में भक्तिमय माहौल हो जाता है। साथ ही उन्होंने कहा इस प्रकार के कार्यक्रम से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परम्पराओं से जुड़ने का अवसर भी मिलता है। इस अवसर पर आयोजन समिति के चंदन पांडेय, समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहें।

### केन्द्रीय प्रभारी पदाधिकारी सह निदेशक सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की अध्यक्षता में निति आयोग द्वारा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत चयनित केसरिया, कल्याणपुर प्रखंड के प्रगति कीमत समीक्षात्मक बैठक हुई



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

दिनांक 21.07.2026 को नीरज कुमार, आईआरएस (आईटी), केंद्रीय प्रभारी पदाधिकारी–सह –निदेशक, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार,नई दिल्ली की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम (एबीपी) अंतर्गत चयनित केसरिया एवं कल्याणपुर प्रखंड के प्रगति की गहन समीक्षात्मक बैठक की गयी। उक्त बैठक में 05 जेम्स यथा– स्वास्थ्य एवं पोषण,शिक्षा,कृषि एवं संबद्ध सेवाएं, आधारभूत संरचना, सामाजिक विकास के तहत 40 संकेतकों के प्रगति की समीक्षा, जिसमें 07 स्वास्थ्य के संकेतकों, 07 पोषण के संकेतकों, 11 शिक्षा के संकेतकों, 05 कृषि एवं संबद्ध से संबंधित संकेतकों, 05 आधारभूत संरचना के संकेतकों तथा 05 सामाजिक विकास के प्रत्येक संकेतकों की समीक्षा के दौरान संबंधित जिला/ प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को स–समय आंकड़ों की प्रविष्टि करने तथा राज्य/केन्द्र के औसत से कम के संकेतकों में सुधार हेतु निदेशित किया गया। इस बैठक में सौरभ सुमन यादव,जिलाधिकारी, पूर्वी चंपारण,राजकृष्ण झा, सहायक समाहर्ता,पूर्वी चम्पारण,डॉ. प्रदीप कुमार, उप विकास आयुक्त,पूर्वी चंपारण,संकेतकों से संबंधित जिलास्तरीय पदाधिकारी एवं केसरिया तथा कल्याणपुर प्रखंड के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। साथ ही केंद्रीय प्रभारी पदाधिकारी द्वारा कल्याणपुर तथा केसरिया प्रखंड में आंगनवाड़ी केंद्र, विद्यालयों एवं स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया गया। समस्या के त्वरित निराकरण तथा बेहतर परिणाम/ सुविधा हेतु संबंधित पदाधिकारी को निदेशित किया गया।

# बसतपुर मोड़ के पास हुआ हादसा, प्राथमिक उपचार के बाद सहरसा सदर अस्पताल रेफर, पुलिस जांच में जुटी

लोकतंत्र की आवाज



**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)**। सिमरी बख्तियारपुर पुलिस सर्किल बलवा हाट थाना क्षेत्र के सोनपुरा पंचायत स्थित बसतपुर मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पंचायत समिति सदस्य राहुल कुमार सिंह ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल, सिमरी बख्तियारपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सहरसा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल युवक की पहचान सरडीहा पंचायत के पूरब टोला वार्ड संख्या-11 निवासी अजय सिंह के 24 वर्षीय पुत्र सुमित कुमार सिंह के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए, जहां युवक की गंभीर स्थिति को देखकर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि सुमित कुमार सिंह किसी निजी कार्य से अपनी बाइक से सोनपुरा पंचायत के बसतपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान बसतपुर मोड़ के समीप सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके का फायदा उठाकर वाहन लेकर भागने में सफल रहा । घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया और इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट होने के कारण बेहतर इलाज के लिए सहरसा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इधर, घटना की सूचना बलवाहाट थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान करने में जुट गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बसतपुर मोड़ पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों ने इस मार्ग पर यातायात नियंत्रण और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

## सिमरी बख्तियारपुर गायत्री मंदिर में 'सजल श्रद्धा' व 'प्रखर प्रज्ञा' की प्राण-प्रतिष्ठा



लोकतंत्र की आवाज

**चन्दन कुमार पासवान**
**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)**।

नगर परिषद क्षेत्र के गायत्री नगर स्थित गायत्री मंदिर परिसर में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण में 'सजल श्रद्धा' एवं 'प्रखर प्रज्ञा' की प्राण-प्रतिष्ठा विधि-विधानपूर्वक संपन्न हुई। वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजन-अर्चन के बीच आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे मंदिर परिसर में गायत्री मंत्र और वैदिक ऋचाओं की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्राण-प्रतिष्ठा की समस्त वैदिक विधियां सहरसा से पधारे गायत्री परिवार के वेदप्रकाश जी के निर्देशन में संपन्न कराई गईं। उन्होंने वैदिक परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना कराते हुए श्रद्धालुओं को प्राण-प्रतिष्ठा का आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व भी बताया। उन्होंने कहा कि सजल श्रद्धा और प्रखर प्रज्ञा का संदेश व्यक्ति के जीवन में श्रद्धा, विवेक, सेवा और संस्कारों को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है। समारोह में मुख्य यजमान के रूप में अमल प्रसाद केसरी एवं उनकी धर्मपत्नी आशा देवी ने पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्राण-प्रतिष्ठा का दायित्व निभाया। अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालुओं ने हवन, पूजन एवं सामूहिक प्रार्थना में भाग लेकर परिवार, समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि तथा विश्व कल्याण की कामना की। कार्यक्रम में विद्यावरण सिंह, शिवजी साह, रंजू भारती, लक्ष्मी देवी, उषा देवी, राजकुमारी देवी सहित गायत्री परिवार के अन्य सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में समाज में नैतिक मूल्यों, सद्भावना, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना के विस्तार का संकल्प लिया। समारोह के अंत में उपस्थित श्रद्धालुओं ने कहा कि इस प्रकार के आध्यात्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, संस्कार और मानवीय मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजन के समापन पर सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

## रक्सौल एयरपोर्ट का भ्रमण कर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कार्य प्रगति का लिया जाएगा

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**मोतिहारी**। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा जिला के वरीय अधिकारियों के साथ रक्सौल एयर पोर्ट का स्थलीय भ्रमण कर कार्य प्रगति का जाएजा लिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा रक्सौल एयर पोर्ट के लिए शेष बचे भू- अर्जन से संबंधित रैयतों का भुगतान शीघ्र कराने का निर्देश दिया गया। रक्सौल परिसदन में समीक्षा करते हुए,डीएम ने कहा कि जिनका भुगतान नहीं हुआ है उनका एलपीसी और उनके जमीन से संबंधित अभिलेख एक सप्ताह के अंदर अंचल अधिकारी रक्सौल जिला भू अर्जन कार्यालय को भिजवाएं। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि प्राप्त अभिलेखों का नियमित समीक्षा करें एवं जल्द से जल्द उसका भुगतान सुनिश्चित करें। अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल को निर्देश दिया गया कि रक्सौल अंचल अधिकारी के साथ रेगुलर समीक्षा करें और बचे हुए रैयतों का अभिलेख जिला भू-अर्जन कार्यालय को शीघ्र भिजवाएं। इस मौके पर उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार,सदर अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी,अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल,अंचल अधिकारी रक्सौल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 13-14 जुलाई से लापता शशिभूषण का नहीं मिला कोई सुराग, प्रशासन से खोजबीन करने की मांग

लोकतंत्र की आवाज





**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)**। सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बलहमपुर वार्ड संख्या चार निवासी एक युवक हिमाचल प्रदेश से घर लौटने के दौरान रहस्यमय ढंग से लापता हो गया है।करीब एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिलने से परिजन गहरे सदमे में हैं।लापता युवक की पहचान बलहमपुर निवासी बिंदेश्वरी मेहता के पुत्र शशिभूषण कुमार के रूप में हुई है।परिजनों ने बताया कि शशिभूषण हिमाचल प्रदेश के बद्दी जिले में मजदूरी करता था। 13-14 जुलाई को वह बद्दी से अंबाला पहुंचा और वहां से ट्रेन पकड़कर बिहार के लिए रवाना हुआ था।इसके बाद से उसका मोबाइल फोन बंद है और उससे किसी भी प्रकार का संपर्क नहीं हो सका है।परिजनों के अनुसार, शशिभूषण की बातचीत गया जिले के एक परिचित युवक से हुई थी, उसके संपर्क में वह बिहार आ रहा था।लेकिन उसके बाद से कोई जानकारी नहीं मिली। युवक के अचानक लापता होने से परिवार में मातम का माहौल है।पिता बिन्देश्वरी मेहता और माता रंजन देवी का रो - रोकर बुरा हाल है.शशिभूषण बिंदेश्वरी मेहता का इकलौता पुत्र है।परिजनों ने प्रशासन और रेल पुलिस से शशिभूषण की जल्द से जल्द तलाश करने की अपील की है।साथ ही आम लोगों से भी अनुरोध किया है कि यदि किसी को शशिभूषण के संबंध में कोई जानकारी मिले तो तत्काल स्थानीय पुलिस या उसके परिजनों को सूचित करें।युवक के लापता होने से पूरे मोहल्ले में चिंता का माहौल बना हुआ है।

## सदर अस्पताल,मोतिहारी के कैम्पस में गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) का सुदृढ़ीकरण करते हुए तथा पाँचो अनुमण्डलीय अस्पताल में 3 शय्या वाले डायलेसिस यूनिट का मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण किया गया

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

मोतीहारी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के द्वारा पटना सिटी के गुरू गोविन्द अस्पताल से लाईव प्रसारण के माध्यम से लोकार्पण किया गया।जिसका लाइव प्रसारण पूरे बिहार में किया गया।मोतिहारी में इसके लिए सदर अस्पताल में व्यवस्था कराई गई थी। इस अवसर पर जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने कहा कि राज्य सरकार के निदेशानुसार जिला स्तर से रेफर की संख्या कम करनी है। इसी के आलोक में पूर्व से संचालित 4 शय्या के गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) को सुदृढ़ीकरण करते हुए 10 शय्या में विस्तारित किया गया है। उन्होने कहा कि सदर अस्पताल अन्य सुविधाओं का भी गैप एनालिसिस किया जा रहा है। जिसके उपरान्त अन्य सुविधाओं का भी सुदृढ़ीकरण किया जायेगा। इस अवसर पर उपमहापौर डा० लालबाबू गुप्ता,सिविल सर्जन डा० दिलीप कुमार,उपाधीक्षक, सदर अस्पताल डा०एसएन सत्यार्थी,जिला कार्यक्रम प्रबंधक,विश्वमोहन ठाकुर जिला स्वास्थ्य समिति, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी, जिला योजना समन्वयक, भारत भूषण,जिला अनु० एवं मू० पदाधिकारी, मो०अमानुल्लाह सहित गई गणमान्य उपस्थित थे।

## 22 जुलाई को शैक्षणिक संस्थानों में कांग्रेस का विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम जिला कांग्रेस कार्यालय में हुई बैठक

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता**

जिला कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को 'छात्रों की गूंज' अभियान के तहत 22 जुलाई को जिले के महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, छात्रावासों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित होने वाले विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश कुमार झा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि देशभर के विद्यार्थी प्रश्नपत्र लीक, परीक्षाओं में विलंब, भर्ती प्रक्रियाओं में अनिश्चितता, शिक्षा की बढ़ती लागत तथा बेरोजगारी जैसी गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इन्हीं मुद्दों को लेकर कांग्रेस की ओर से 22 जुलाई को देशव्यापी विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके माध्यम से विद्यार्थियों की समस्याओं को सुनने के साथ साथ उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल संचालन एवं मार्गदर्शन के लिए अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कार्यालय, नई दिल्ली से तीन पर्यवेक्षक भी सहरसा पहुंचेंगे। बैठक में एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कैशर कुमार सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि मो. नईम उद्दीन, वरीय उपाध्यक्ष कुमार हीरा प्रभाकर, इंटक अध्यक्ष सत्य नारायण चौपाल, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद जायसवाल, सौर प्रखंड अध्यक्ष राम शरण कुमार, वरीय कांग्रेसी रंजन कुमार, युवा महासचिव मृणाल कामेश, पूर्व राष्ट्रीय युवा संयोजक मनीष कुमार, युवा कांग्रेस के आलोक राज, एनएसयूआई अध्यक्ष नितीश कुमार, बाबुल कुमार सिंह, बैद्यनाथ झा, सुमन कुमार सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मटेश्वरधाम : आस्था की राह में गड्ढे ही गड्ढे, श्रावणी मेले से पहले नहीं सुधरी कांवरिया पथ

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता**

मटेश्वरधाम में आगामी श्रावणी मेले को लेकर प्रशासन और मंदिर न्यास समिति तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी है। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक इंतजामों को लेकर लगातार समीक्षा बैठकें हो रही हैं। वहीं दूसरी ओर मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं व डाक एवं कांवरिया बम की आवाजाही के लिए सबसे महत्वपूर्ण खोजूचक स्थित दर्शनिया से बाबा मटेश्वर धाम मंदिर तक जाने वाली मुख्य सड़क अब भी जर्जर बनी हुई है। सड़क की बदहाल स्थिति श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। श्रावणी मेले के दौरान इसी मार्ग से बड़ी संख्या में कांवरिया और श्रद्धालु बाबा मटेश्वर धाम पहुंचते। खोजूचक स्थित दर्शनिया से मंदिर तक जर्जर सड़क, न्यास समिति की पहली बैठक में मरम्मत का निर्णय अब तक अधूरा; सावन शुरू होने में बचे हैं चंद दिन हैं। लेकिन सड़क पर जगह-जगह उखड़ी हुई परत और बारिश के कारण कीचड़ होने से आवागमन में परेशानी होने की आशंका बढ़ गई है। यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो सावन के दौरान श्रद्धालुओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। गौरतलब है कि मंदिर न्यास समिति की



पहली बैठक में ही इस सड़क की मरम्मत को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया था। बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए संबंधित विभाग से शीघ्र सड़क दुरुस्त कराने की बात कही गई थी। इसके बावजूद अब तक सड़क की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हो सका है। इधर सावन माह शुरू होने में अब केवल कुछ ही दिन शेष बचे हैं। ऐसे में स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो मेले के दौरान लाखों श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी होगी। विशेषकर बारिश होने पर सड़क और अधिक फिसलनयुक्त तथा जोखिम भरी हो सकती है। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि श्रावणी मेले की शुरुआत से पहले खोजूचक दर्शनिया से बाबा मटेश्वर धाम मंदिर तक की सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके तथा मेले की व्यवस्थाएं पूरी तरह सफल हो सकें। बता दे कि सावन माह के हर रविवार की रात डाक बम मुंगेर के छर्रा पट्टी स्थित उत्तरवाहिनी गंगा घाट से जल भर कर हजारों श्रद्धालु करीब 85 किलोमीटर की पैदल दूरी तय कर उक्त सड़क मार्ग से बाबा नगरी मटेश्वर धाम पहुंच कर सावन के सोमवारी को जलाभिषेक करते है।

## द ग्रीन प्लेनेट स्कूल में मनाया गया मैंगो डे, बच्चों ने ली आम की मिठास का आनंद

लोकतंत्र की आवाज



**चन्दन कुमार पासवान**
**सिमरी बख्तियारपुर( सहरसा)**। नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत पुरानी स्टेट बैंक के पीछे स्थित द ग्रीन प्लेनेट स्कूल में बुधवार को उत्साहपूर्वक मैंगो डे का आयोजन किया गया।इस अवसर पर स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आम से जुड़ी कई रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया और गर्मी के राजा कहे जाने वाले आम का भरपूर आनंद उठाया।कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा रंग-बिरंगे आम की आकृतियों की प्रदर्शनी से हुई।बच्चों ने कागज, रंग और कलाकृति से आम के आकर्षक मॉडल बनाकर स्कूल परिसर को सजाया।कार्यक्रम की एक विशेष आकर्षण रही ₹आम खाओ प्रतियोगिता₹, जिसमें बच्चों ने निर्धारित समय में आम खाने की होड़ लगाई।बच्चों के चहरे आम के स्वाद से सराबोर नजर आए और उनके उत्साह ने पूरे माहौल को उल्लासमय बना दिया।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को आम से जुड़े पौष्टिक तत्वों और स्वास्थ्य लाभों के बारे में भी जानकारी दी। मैनेजमेंट हेड सुमित गुप्ता ने बताया कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को फलों के प्रति रुचि पैदा करना और उनके पोषण संबंधी गुणों से अवगत कराना है। उन्होंने आगे कहा कि आम ग्रीष्म ऋतु का सबसे प्रमुख और उपयोगी फल है, जिसमें विटामिन सी, ए और फाइबर की भरपूर मात्रा होती है। यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत लाभकारी है।इस कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं की सक्रिय भूमिका रही।

## संक्षिप्त खबरें ।

### जिला के किरण कुरतीया के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ मृत्युंजय कुमार द्वारा पंचायत स्वच्छता पर्यवेक्षक के साथ बैठक की गई



**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** पकरीबरावा प्रखंड संसाधन केंद्र पकरीबरावा में पंचायत के मुखिया पंचायत सचिव पंचायत स्वच्छता पर्यवेक्षक के साथ बैठक किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ मृत्युंजय कुमार,ने किया इस बैठक में किरण कुरतीया लोहिया स्वच्छ भारत मिशन के पदाधिकारी, प्रखंड समन्वय दिनेश कुमार चौधरी भी उपस्थित थे जिसमें अपशिष्ट पसस्करण इकाई पर चर्चा किया गया एवं प्रत्येक घर से यूजर चार्ज ▯30 लेने के लिए अनिवार्य कहा गया पकरीबरावां दक्षिणी के अपशिष्ट परसंस्करण इकाई बाजपुर का जांच किया गया एवं ग्राम पंचायत एरुरी के गांव में एरुरी गोबर गैस प्लांट का निरीक्षण किया गया बैठक में उपस्थित सभी पंचायत स्वच्छता पर्यवेक्षक को पंचायतो के कार्य को सही ढंग से संचालित करने के लिए महीने में एक बार बैठक करने का निर्देश दिया गया , उपस्थित थे मुखिया जनप्रतिनिधि अनिल यादव, चंद्रमा यादव, मनोज चौरसिया, विनय सिंह, उपमुखिया राय बहादुर सिंह , जनप्रतिनिधि रविंद्र यादव, पंचायत सचिव दीपक चौहान, नरेंद्र रजक, पवन प्रसाद, मोहम्मद कैसर अली बैठक में सभी लोग उपस्थित थे।

### ओपीडी सेवा बंद रहने से मरीजों को हुई परेशानी, गुरुवार से होगी बहाल



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला (नवादा):** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) सिरदला में बुधवार को ओपीडी सेवा बंद रहने के कारण मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इलाज कराने के लिए दूर–दराज के क्षेत्रों से पहुंचे मरीजों को बिना चिकित्सकीय परामर्श के वापस लौटना पड़ा। जानकारी के अनुसार, बिहार राज्य के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में ओपीडी सेवाएं एक दिन के लिए स्थगित रखी गई थीं। यह निर्णय अरवल के सिविल सर्जन के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध में स्वास्थ्य विभाग एवं चिकित्सक संगठनों के आह्वान पर लिया गया था। ओपीडी बंद रहने से सामान्य रोगियों, बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। हालांकि, आपातकालीन सेवाएं पूर्ववत संचालित होती रहीं। स्वास्थ्य केंद्र प्रशासन ने बताया कि यह बंदी उच्च अधिकारियों के निर्देश पर की गई थी। गुरुवार से ओपीडी सेवा पुनः सामान्य रूप से संचालित होगी और मरीजों को नियमित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रशासन ने मरीजों से सहयोग बनाए रखने की अपील की है।

### भागलपुर विधायक रोहित पाण्डेय के गाड़ी पर हमल



**केदार नाथ पाण्डेय**

**भागलपुर।** पटना : राजधानी पटना में छात्र आंदोलन और राजनीतिक प्रदर्शन के बीच हिंसा की एक और घटना सामने आई है। भागलपुर नगर से भाजपा विधायक रोहित पांडे की गाड़ी पर जेपी गोलंबर के पास कथित तौर पर हमला किया गया। आरोप है कि प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक की गाड़ी को घेर लिया और उस पर जमकर तोड़फोड़ की, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि इस घटना में विधायक रोहित पांडे और उनके चालक को भी चोटें आई हैं। हमले के बाद मौके पर कुछ समय के लिए अफरा–तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्रदर्शन के दौरान माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया, जिसके बाद विधायक के वाहन को निशाना बनाया गया। हालांकि, हमले के संबंध में आरोप–प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद राज्य की राजनीति भी गरमा गई है। भाजपा ने इस हमले को जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल बताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुट गई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों तथा अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मामले की पड़ताल कर रही है। इस घटना ने राजधानी में कानून–व्यवस्था और प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नई बहस छेड़ दी है।

# रजौली अनुमंडलीय अस्पताल को मिली आईसीयू और वेंटिलेटर की सौगात

**विधायक विमल राजवंशी ने इसे बताया ऐतिहासिक उपलब्धि**





लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

रजौली विधानसभा क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे के विकास में आज का दिन एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में जुड़ गया है। 75 शैय्या वाले अनुमंडलीय अस्पताल में आईसीयू वार्ड और वेंटिलेटरयुक्त गंभीर चिकित्सा सुविधाओं के शुभारंभ पर विधायक विमल राजवंशी ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र की जनता के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि और बड़ी सौगात करार दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बहुप्रतीक्षित सुविधा के मिलने से न केवल रजौली बल्कि संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र के लाखों लोगों को जीवनरक्षक चिकित्सा सेवाएं अब स्थानीय स्तर पर ही सुलभ हो सकेंगी। इस बड़ी उपलब्धि के पीछे की पृष्ठभूमि साझा करते हुए विधायक ने बताया कि उन्होंने बीते 2 जुलाई 2026 को पटना में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से विशेष मुलाकात की थी। उस दौरान उन्होंने रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में आईसीयू, वेंटिलेटर और आधुनिक गंभीर चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराने का पुरजोर आग्रह किया था। मंत्रियों को इस बात से अवगत कराया गया था कि रजौली झारखंड की सीमा से सटा हुआ एक महत्वपूर्ण अनुमंडल है, जिसके बीच से व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग-20 गुजरता है। यहां लगातार होने वाली सड़क दुर्घटनाओं, गंभीर रोगियों और सीमावर्ती इलाकों के मरीजों की भारी संख्या को देखते हुए उन्नत चिकित्सा सुविधाओं की दरकार लंबे समय से महसूस की जा रही थी।विधायक के इस आग्रह पर राज्य सरकार ने सकारात्मक और त्वरित कार्रवाई की। राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के माध्यम से यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार ने इस मांग को स्वीकार करते हुए अनुमंडलीय अस्पताल को यह महत्वपूर्ण सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि बिहार सरकार द्वारा संपूर्ण राज्य के केवल 25 अनुमंडलीय अस्पतालों को ही आईसीयू और वेंटिलेटर जैसी गंभीर चिकित्सा सुविधाओं के लिए चिन्हित कर यह विशेष सौगात दी गई है, जिसमें रजौली का नाम शामिल होना पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत गर्व का विषय है।

इस अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा के शुरू होने से सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल मरीजों, हृदय रोगियों, स्ट्रोक पीड़ितों, गंभीर संक्रमण और अन्य आपातकालीन बीमारियों से जूझ रहे लोगों को समय रहते उच्चस्तरीय इलाज मिल सकेगा। इससे मरीजों को शुरुआती और गंभीर उपचार के लिए गया, नवादा अथवा पटना जैसे बड़े शहरों की ओर दौड़ने की मजबूरी से बड़ी राहत मिलेगी, जिससे समय, धन और बहुमूल्य जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। विधायक विमल राजवंशी ने इस जनहितकारी और दूरदर्शी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, राज्य स्वास्थ्य समिति, एनडीए सरकार और स्वास्थ्य विभाग के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि वह सीमावर्ती और पिछड़े क्षेत्रों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। साथ ही, उन्होंने विधानसभा की सम्मानित जनता से अपील की है कि वे इन आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को अपनी साझी धरोहर समझकर सुरक्षित रखें और चिकित्सकों तथा स्वास्थ्यकर्मियों का पूरा सहयोग करें, ताकि आने वाले वर्षों तक क्षेत्र के गरीब, असहाय और जरूरतमंद मरीजों को इसका अधिकतम लाभ मिलता रहे।अंत में विधायक ने दोहराया कि विधानसभा के चहुंमुखी विकास,बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, सड़क, सिंचाई, रोजगार और जनहित से जुड़े प्रत्येक मुद्दे को वे पूरी मजबूती के साथ सरकार के समक्ष उठाते रहेंगे। जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और उसी विश्वास के बल पर वे रजौली को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील हैं।

## औरंगाबाद : दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल में 5 बेड के डायलिसिस सेंटर का शुभारंभ



लोकतंत्र की आवाज

**अभिमन्यु कुमार प्रखंड संवाददाता दाऊदनगर**

**औरंगाबाद (दाउदनगर)।** औरंगाबाद जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अनुमंडल अस्पताल, दाउदनगर में 5 बेड क्षमता वाले अत्याधुनिक डायलिसिस सेंटर का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में स्थापित नए डायलिसिस सेंटरों का उद्घाटन किया गया, जिसके तहत दाउदनगर का यह केंद्र भी शुरू हुआ। मुख्यमंत्री के उद्घाटन के बाद जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने अनुमंडल अस्पताल पहुंचकर फीता काटकर स्थानीय स्तर पर डायलिसिस सेंटर का शुभारंभ किया। उन्होंने केंद्र का निरीक्षण कर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अस्पताल प्रशासन के अनुसार फिलहाल दो बेड पर डायलिसिस सेवा शुरू कर दी गई है। शेष तीन बेड मरीजों की संख्या और आवश्यकता के अनुसार जल्द संचालित किए जाएंगे। इस सुविधा के शुरू होने से दाउदनगर अनुमंडल एवं आसपास के क्षेत्रों के किडनी रोगियों को अब डायलिसिस के लिए गया, औरंगाबाद या अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध उपचार मिलने से मरीजों का समय और आर्थिक बोझ दोनों कम होंगे।

इस अवसर पर सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी दाउदनगर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (स्वास्थ्य), चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पकरीबरावा : प्रणव दीप बने लोजपा रामविलास के प्रखण्ड अध्यक्ष



लोकतंत्र कीआवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखण्ड के डुमरावां गांव निवासी प्रणव दीप कुमार को लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास का पकरीबरावां प्रखण्ड के प्रखण्ड अध्यक्ष बनाया गया है। लोजपा के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार ने उन्हें मनोनयन पत्र दिया। प्रणव दीप कुमार को प्रखण्ड अध्यक्ष बनाये जाने पर जदयू नेता नवलेश कुमार राकेश, दिलीप कुमार रंजन, लोजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष एवं बुधौली पंचायत के पूर्व मुखिया श्रवण सिंह, संत कुमार शर्मा, नीरज कुमार राकेश, पैक्स अध्यक्ष मुकेश कुमार, अभय सिंह आदि ने खुशी का इजहार किया है।

## बिहपुर : जंतर-मंतर पर छात्रों पर कार्रवाई के विरोध में बिहपुर में महागठबंधन का आक्रोश मार्च



लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर (नवगछिया)।** नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को बिहपुर में महागठबंधन की ओर से आक्रोश मार्च निकाला गया। यह मार्च शहीद गेट से शुरू होकर रेलवे गोलंबर होते हुए प्रखंड मुख्यालय मार्ग पर जाकर समाप्त हुआ। आक्रोश मार्च का आयोजन राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस एवं वामपंथी दलों के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मार्च में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्रों पर हुई कार्रवाई की निंदा की। इस अवसर पर राजद नेता गौतम कुमार प्रीतम ने कहा कि जंतर-मंतर पर अनशनरत छात्रों के साथ किया गया कथित क्रूर व्यवहार देश का युवा बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि देशभर के युवाओं में आक्रोश है और छात्र-युवाओं की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। उन्होंने घोषणा की कि 25 जुलाई 2026 को महागठबंधन के बैनर तले छात्र-छात्राओं, बुद्धिजीवियों एवं महिलाओं के साथ बिहपुर में भी छात्रों के समर्थन में आंदोलन किया जाएगा। युवा राजद के जिलाध्यक्ष अमन आनंद ने कहा कि छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा और आवश्यकता पड़ने पर सड़क से लेकर संसद तक आवाज बुलंद की जाएगी। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद इबरार आलम ने कहा कि सत्ता के अहंकार में लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसका लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रहेगा। आक्रोश मार्च में राजद जिलाध्यक्ष अलख निरंजन पासवान, भाकपा किसान नेता कॉमरेड निरंजन चौधरी, राजद प्रखंड अध्यक्ष किशोर सिंह यादव, कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शेख हसबूल, युवा राजद महासचिव महमूद गजनवी, सुमन यादव, अभिषेक लालू, वंशराज यादव, अतहर सईद, हारुण शेख, कांग्रेस जिला सचिव मोहम्मद फिरोज आलम, राजद अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के मणिलाल पासवान सहित महागठबंधन के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रजौली के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के दिन बहुरेंगे, फुलवरिया डैम व ऋषि स्थलों को पर्यटन से जोड़ने के लिए हुआ सर्वे



● पंचायती राज,पर्यटन और कला-सं संस्कृति विभाग की संयुक्त पहल से राजगीर और ककोलत की तर्ज पर विकसित होंगे फुलवरिया डैम

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

रजौली प्रखंड के हरदिया पंचायत अंतर्गत फुलवरिया जलाशय डैम तथा लोमंच ऋषि व याज्ञवल्क्य ऋषि से जुड़े पौराणिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों को पर्यटन के मानचित्र पर भव्य और सशक्त रूप से उभारने की दिशा में प्रशासनिक स्तर पर कवायद की जा रही है, जिसके तहत बुधवार को पंचायती राज विभाग, पर्यटन विभाग तथा कला एवं संस्कृति विभाग की संयुक्त टीमों ने क्षेत्र का विस्तृत और गहन सर्वेक्षण किया है। इस महत्वकांक्षी परियोजना के अंतर्गत ग्लोबल मीडिया टीम और मंत्रालय से पहुंचे बिपिन कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने अत्याधुनिक ड्रोन कैमरे की मदद से संपूर्ण क्षेत्र की मनमोहक तस्वीरें और वीडियो फुटेज रिकॉर्ड किए तथा विभिन्न स्थलों का बारीकी से निरीक्षण कर सड़क संपर्क, प्राकृतिक सौंदर्य और आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का गहन आकलन किया। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी हरिमोहन कुमार के द्वारा बताया गया कि विभागीय रूपरेखा के अनुसार इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य फुलवरिया जलाशय डैम, लोमंच ऋषि एवं याज्ञवल्क्य ऋषि स्थलों को राजगीर और ककोलत की तर्ज पर विकसित करना है, ताकि यहां आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और क्षेत्र में पर्यटन को अभूतपूर्व बढ़ावा मिले।निरीक्षण अभियान के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर इन स्थलों के गौरवशाली इतिहास की जानकारी प्राप्त की, जिसमें पूर्व मुखिया विनय सिंह और समाजसेवी मुन्ना सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने इस विकासात्मक पहल का स्वागत करते हुए विश्वास जताया है कि इस योजना के धरातल पर उतरने से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, स्थानीय व्यवसायों को प्रोत्साहन मिलेगा और फुलवरिया जलाशय डैम तथा ऋषि स्थलों की ख्याति वैश्विक पटल पर और अधिक मजबूत होगी।

## छज्जा निकालने के विवाद में मारपीट, दो महिलाएं घायल



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

सिरदला (नवादा)। सिरदला थाना क्षेत्र के झरना गांव में छज्जा निकालने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। घटना में गांव निवासी पूनम देवी एवं ललिता देवी घायल हो गईं। परिजनों ने दोनों को तत्काल उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सिरदला में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया गया। घटना सोमवार 20 तारीख की है। बताया जाता है कि छज्जा निकालने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। घटना के बाद आसपास के लोगों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। पीड़ित पक्ष ने घटना की सूचना सिरदला थाना पुलिस को देते हुए लिखित आवेदन सौंपा है। थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है तथा जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल रहा, हालांकि स्थिति अब सामान्य बताई जा रही है।

## थाना अध्यक्ष पंकज रावत ने साइबर ठगी से बचने का बताया तरीका

**केदार नाथ पाण्डेय।**

**पीरपैंती।** तड़वा उत्क्रमित पीरपैंती प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में टड़वा में थानाध्यक्ष पंकज राउत क नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। पुलिस पदाधिकारियों ने छात्रों को साइबर अपराध, बाल विवाह और इंटरनेट मीडिया के दुष्प्रभावों के प्रति नागरूक किया। थानाध्यक्ष ने कहा इंटरनेट मीडिया पर अनजान लोगों से मित्रता करने या व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचना चाहिए। कई बार नाबालिग लड़कियां इंटरनेट मीडिया के माध्यम से अपरिचित लोगों के संपर्क में आकर परिवार और पढ़ाई छोड़ देती हैं, जिससे उनका भविष्य प्रभावित होता है।

## ऑपरेशन थिएटर में चुनाव प्रचार का आरोप, पूर्व प्रत्याशी डॉ. नीतेश ने एमएलसी डॉ. एन.के. यादव पर उठाए सवाल



लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर नवगछिया।** कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व एमएलसी प्रत्याशी एवं युवा राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. नीतेश कुमार यादव ने वर्तमान स्नातक एमएलसी डॉ. एन.के. यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में कथित चुनावी प्रचार से जुड़ी एक तस्वीर का हवाला देते हुए मरीजों की सुरक्षा, चिकित्सा प्रोटोकॉल और चिकित्सकीय आचरण पर सवाल उठाए हैं। डॉ. नीतेश ने कहा कि ऑपरेशन थिएटर अत्यंत संवेदनशील एवं संक्रमण-मुक्त क्षेत्र होता है, जहां मरीज की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी सर्जरी से पहले चिकित्सकों को निर्धारित संक्रमण-नियंत्रण प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करना पड़ता है।

**ओटी प्रोटोकॉल का दिया हवाला:** डॉ. नीतेश के अनुसार, ऑपरेशन से पहले डॉक्टर एंटीसेप्टिक सॉल्यूशन से 5 से 10 मिनट तक हाथों और कोहनी की स्क्रबिंग करते हैं। इसके बाद स्टरलाइज्ड गाउन, दस्ताने, ट्रिपल-लेयर या एन-95 मास्क तथा सर्जिकल कैप पहनना अनिवार्य होता है। साथ ही ऑपरेशन थिएटर के भीतर केवल विशेष रूप से साफ या स्टरलाइज्ड जूते-चप्पलों का ही उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि संक्रमण के खतरे को कम करने के लिए ओटी में केवल सर्जरी से जुड़े चिकित्सक, एनेस्थेटिस्ट, नर्स एवं तकनीकी कर्मियों को ही प्रवेश की अनुमति होती है। यदि किसी अन्य व्यक्ति को विशेष कारणों से प्रवेश दिया जाता है, तो उसे भी सभी सुरक्षा नियमों का पालन करना आवश्यक होता है।

**तस्वीर को लेकर उठाए सवाल:** डॉ. नीतेश ने दावा किया कि सोशल मीडिया पर डॉ. बीणा यादव द्वारा साझा की गई एक तस्वीर में वर्तमान एमएलसी डॉ. एन.के. यादव ऑपरेशन थिएटर में ग्लव्स और सर्जिकल उपकरणों के साथ दिखाई दे रहे हैं, जबकि उनके समीप एक व्यक्ति चुनाव प्रचार से जुड़ी गतिविधि करता नजर आ रहा है।

उन्होंने कहा कि यदि ऑपरेशन थिएटर जैसी संवेदनशील जगह पर चुनावी प्रचार किया गया है, तो यह मरीजों की सुरक्षा के साथ गंभीर लापरवाही का मामला हो सकता है। ऐसी किसी भी संभावित चूक से संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है और मरीज का जीवन जोखिम में पड़ सकता है।

**मतदाताओं की तरह मरीजों के साथ भी हो रहा खिलवाड़:** डॉ. नीतेश ने आरोप लगाया कि जिस प्रकार पिछले 12 वर्षों में वर्तमान एमएलसी ने कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं को निराश किया, उसी प्रकार अब मरीजों की सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक हुई तस्वीर से ऐसा प्रतीत होता है कि संबंधित लोगों को ऑपरेशन थिएटर के मूल प्रोटोकॉल की पर्याप्त जानकारी नहीं है। उन्होंने प्रबुद्ध समाज से ऐसे मामलों के प्रति सजग रहने की अपील करते हुए कहा कि जनता अब तथ्यों के आधार पर निर्णय लेने के लिए तैयार है और इस बार परिवर्तन निश्चित है। डॉ. नीतेश ने यह भी आरोप लगाया कि डॉ. एन.के. यादव लगभग दो दशक पहले भागलपुर के डिक्शन मोड़ पर एक छोटे से क्लीनिक में 30 रुपये शुल्क लेकर मरीज देखते थे। उन्होंने दावा किया कि सरकारी सेवा के दौरान उन पर ड्यूटी में अनियमितता के आरोप भी लगे थे। उन्होंने पिछले 20-22 वर्षों में उनकी कथित संपत्ति में हुई वृद्धि की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

## राशन कार्ड से कोई भी पात्र लाभुक वंचित न रहे, सभी डीलर करें विशेष अभियान: एसडीओ



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला (नवादा):** सिरदला प्रखंड के बहुउद्देशीय सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) स्वतंत्र कुमार सुमन की अध्यक्षता में जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) विक्रेताओं एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिरदला और रजौली क्षेत्र के डीलरों को राशन कार्ड निर्माण एवं पात्र लाभुकों का नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। एसडीओ ने कहा कि क्षेत्र का कोई भी पात्र व्यक्ति राशन कार्ड से वंचित नहीं रहना चाहिए। सभी डीलर छूटे हुए पात्र लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर उनका नाम राशन कार्ड में जोड़ने की प्रक्रिया सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्य पूर्ण होने के बाद प्रत्येक डीलर लिखित रूप से प्रमाणित करेंगे कि उनके क्षेत्र में कोई भी पात्र लाभुक राशन योजना से वंचित नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि आवश्यकता पड़ने पर अनुमंडल कार्यालय में मात्र 50 रुपये में शपथ पत्र (एफिडेविट) की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रत्येक डीलर को कम से कम 50 नए पात्र लाभुकों का नाम जोड़ने का लक्ष्य दिया गया। बैठक में प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी नितेश कुमार, अंचलाधिकारी प्रेम आनंद प्रसाद, मुखिया लखी नारायण गुप्ता, विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में जन वितरण प्रणाली विक्रेता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### डीएवी सेमरा बिक्रमगंज के स्काउट एवं गाइड राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए हुए सम्मानित



लोकतंत्र की आवाज

बिक्रमगंज। भारत स्काउट एवं गाइड, राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डीएवी सेमरा बिक्रमगंज के स्काउट एवं गाइड कैडेटों को विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती प्रमिला सिंह ने सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्या ने सभी सम्मानित स्काउट एवं गाइड छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर मिली यह उपलब्धि पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा, नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के स्काउट और गाइड दल ने जिला संगठन आयुक्त, रोहतास अरविन्द कुमार सिंह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विभिन्न राष्ट्रीय गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनके कुशल प्रशिक्षण एवं सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया। इस सम्मान समारोह के दौरान विद्यालय परिवार ने सभी सम्मानित स्काउट एवं गाइड कैडेटों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके उत्साहवर्धन के लिए तालियों की गड़गड़ाहट से उनका अभिनंदन किया। स्काउट में, अर्पित सिंह, आदित्य रंजन,अमन कुमार, आयुष गिरी, विपुल कुमार, दिव्या प्रकाश, चंदन पटेल सुधांशु कुमार अभिषेक कुमार एवं आर्यन कुमार और गाइड में सांवली सिंह, सोनाक्षी कुमारी, आरुषि एवं रियांशु, गाइड कैप्टन प्रीति राज, शारीरिक शिक्षक नीरज कुमार के साथ समारोह में शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

### दोस्त की पार्टी से लौट रहे बीएससी नर्सिंग छात्र की सड़क हादसे में मौत, दो साथी गंभीर रूप से घायल

लोकतंत्र की आवाज

संवाददाता अशोक कुमार

शिवसागर। जिले के धौड़ाढ थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर हुए भीषण सड़क हादसे में बीएससी नर्सिंग के एक छात्र की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देर रात करीब 2 बजे उस समय हुआ, जब तीनों छात्र एक दोस्त के यहां पार्टी से लौट रहे थे। मृतक की पहचान शिवसागर थाना क्षेत्र के भद्रशिला गांव निवासी गौरी शंकर प्रसाद के 19 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। वह शेरशाह नर्सिंग कॉलेज में बीएससी नर्सिंग का छात्र था। मृतक की बहन आकांक्षा ने बताया कि अभिषेक घर से यह कहकर निकला था कि वह दोस्त की पार्टी में जा रहा है। शाम में उसने फोन कर बताया था कि वह देर रात में घर नहीं लौट पाएगा। लेकिन देर रात धौड़ाढ थाना पुलिस का फोन आया, जिसमें सड़क दुर्घटना की सूचना दी गई। हादसे में घायल दोनों छात्रों की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर किया गया है। वहीं, अभिषेक कुमार के शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेजा गया। पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक सिद्धार्थ राज ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने की जानकारी दी। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी है।

### अखिल भारतीय किसान महासभा ने विभिन्न मांगों को ले जुलूस निकाल पीएम का पुतला दहन किया

लोकतंत्र की आवाज

नासरीगंज। अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले धुस स्थित भाकपा माले कार्यालय से एक जुलूस निकला। जो विभिन्न मार्गों से होते हुए टाल बांस धुस पर एक सभा में तब्दील हो गया। इसका नेतृत्व किसान महासभा के प्रखण्ड सचिव मोतीलाल साह व संचालन प्रखण्ड अध्यक्ष सुदामा सिंह ने किया। उनकी प्रमुख मांगों में खेत-खेती किसान बचाओ, सेटेलाइट टाउनशिप व टोपो लैंड के नाम पर कृषि भूमि का लैंड पुलिंग के माध्यम से कॉरपोरेट भूमि हड़प की योजना वापस लो, कॉरपोरेट लूट का राज मिटाओ, भारत अमेरिका कृषि व्यापार समझौता रद्द करो, 119 ए ग्रीन फील्ड परियोजना में अधिकृत किसानों की भूमि का वर्तमान मूल्य से चार गुणा मुआवजा दे, किसानों की उपजाऊ भूमि का अधिग्रहण बंद करो, किसानों की भूमि की लूट योजना बंद करो सहित अन्य मांगों को ले विरोध मार्च निकाला। सभा को सम्बोधित करते हुए मोतीलाल साह ने कहा कि जब से मोदी सरकार सत्ता में आई है किसानों की भूमि औने पौने दाम पर हड़प रही है। मोदी सरकार किसान मजदूर नौजवान, छोटे व्यापारी विरोधी है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया। मौके पर श्रीभगवान राम, कामेश्वर सिंह, अरविंद सिंह, हरवंश सिंह, नंदू कुमार सिंह,शफीक खां, हेलाल खां, असरफ हुसैन, पिंटू सिंह, रिंकू राम, सुरेंद्र पासवान, मोजीब अंसारी, रमेश राम, धमुराम, जिमेदार सिंह, मुन्ना राम, मनाज अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### राशन कार्ड बनाने को लेकर बीडीओ ने की बैठक, विभागों को दिए निर्देश; पात्र परिवारों से आवेदन करने की अपील

लोकतंत्र की आवाज

संझौली। प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को नए राशन कार्ड निर्माण अभियान को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) प्रभा कुमारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा शुरू किए गए नए राशन कार्ड आवेदन अभियान की समीक्षा की गई तथा सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ प्रभा कुमारी ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र का कोई भी पात्र परिवार राशन कार्ड से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा अधिक से अधिक पात्र परिवारों को आवेदन करने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि आवेदन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए और लोगों को हरसंभव सहयोग दिया जाए। बीडीओ ने स्पष्ट रूप से कहा कि नए राशन कार्ड का आवेदन पूरी तरह ऑफलाइन प्रखंड कार्यालय में जमा किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी दलाल या बिचौलिए के झांसे में न आएं और आवेदन के नाम पर किसी को एक रुपये भी देने की आवश्यकता नहीं है। यदि कोई व्यक्ति पैसे की मांग करता है तो इसकी सूचना तत्काल प्रखंड प्रशासन को दें। उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, परिवार का सामूहिक फोटो, परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आवेदक का हस्ताक्षर तथा एक सक्रिय मोबाइल नंबर आवश्यक होगा। सभी आवेदक आवेदन करने से पहले इन दस्तावेजों को तैयार रखें। बैठक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राहुल रंजन ने भी आवेदन प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी पात्र परिवार निर्धारित समय के भीतर आवेदन कर खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ उठाएं। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### शादी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, डालमियानगर पुलिस ने 2 को किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

डेहरी। डालमियानगर थाना अंतर्गत कांड संख्या 160/26 में राज्य से बाहर के लोगों से शादी कराने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले के मुख्य प्राथमिकी नामजद अभियुक्त दीनदयाल पासवान, पिता लकेश्वर पासवान, ग्राम- धुरिया, थाना- बारुण, जिला- औरंगाबाद को विधिवत गिरफ्तार किया है। साथ ही इस गिरोह से जुड़ी पार्वती देवी, उम्र लगभग 43 वर्ष, पति- परमेश्वर केवट, ग्राम- तेतराड़, थाना- अकोढीगोला, जिला रोहतास को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### जिला पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्र ने नौहट्टा प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज

नौहट्टा। दिनांक 21 जुलाई 2026 को जिला पदाधिकारी रोहतास दीपक कुमार मिश्र ने नौहट्टा प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्था, विकास कार्यों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी योजनाओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समय पर पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को लंबित कार्यों का शीघ्र निष्पादन करने तथा कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने राजस्व संबंधी मामलों की समीक्षा की। उन्होंने दाखिल-खारिज, परिमार्जन एवं अन्य राजस्व कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# दिल्ली में शांतिपूर्ण मार्च पर बल प्रयोग लोकतंत्र पर हमला, शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग : दिनेश तिवारी

लोकतंत्र की आवाज



**सासाराम।** शिक्षा व्यवस्था में सुधार, परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और युवाओं के भविष्य की सुरक्षा की मांग को लेकर दिल्ली में निकाले गए शांतिपूर्ण मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों पर कथित बल प्रयोग की घटना पर तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी दिनेश तिवारी ने इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है।

तिवारी ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन प्रदर्शन कर रहे छात्रों और युवाओं पर लाठीचार्ज, आंसू गैस और अन्य बल प्रयोग "अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण" है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उनकी आवाज दबाने की कोशिश कर रही है।

शिक्षा मंत्री पर निशानाः तिवारी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की और पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों ने सिविल ड्रेस में डंडों के साथ मौके पर मौजूद रहकर माहौल बिगाड़ा, उनकी भी जांच होनी चाहिए और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

उन्होंने घायल छात्रों को उचित उपचार और मुआवजा देने की मांग की तथा शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर व्यापक संवाद शुरू करने की अपील की। उनके अनुसार, समस्याओं का समाधान दमन से नहीं, बल्कि बातचीत और जवाबदेही से होना चाहिए।

प्रदर्शन का संदर्भः मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, जंतर-मंतर से संसद की ओर बढ़ रहे छात्रों और प्रदर्शनकारियों को रोकने के दौरान पुलिस कार्रवाई हुई, जिसमें लाठीचार्ज और आंसू गैस के इस्तेमाल के आरोप लगे हैं। विपक्षी दलों और छात्र संगठनों ने भी इस कार्रवाई की आलोचना करते हुए इसे लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर चोट बताया है। इसी मुद्दे पर छात्र संगठनों ने भी शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग दोहराई है और परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता की जरूरत पर जोर दिया है। दिल्ली हाई कोर्ट में भी इस मामले से जुड़ी याचिका पर चर्चा हुई, जहां तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया गया था।

**सार्वजनिक संदेशः** तिवारी ने कहा कि भारत शांति और लोकतंत्र की धरती है, इसलिए सरकार को जनता की आवाज सुननी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि हालात पर समय रहते नियंत्रण और समाधान नहीं हुआ, तो इसका असर समाज और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर पड़ेगा।

# अमन ने नीट परीक्षा में लहराया परचम , बढ़ाया पूरे समाज का मान

लोकतंत्र की आवाज



**संवाददाता अशोक कुमार**

**शिवसागर।** स्थानीय बुद्धा एकेडमी स्कूल के छात्र एवं चेनारी प्रखंड क्षेत्र के एक छोटे से गांव रघुनाथपुर के रहने वाले किसान सुनील कुमार चौबे के बड़े पुत्र होनहार छात्र अमन कुमार चौबे ने अपनी कड़ी मेहनत के बल पर बड़ी सफलता हासिल की है। अमन की इस सफलता से विद्यालय परिवार सहित पूरे गांव में खुशी की लहर है। अमन ने नीट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक AIR 22885 हासिल की है, जबकि जेनरल कैटेगरी में उन्हें 6409 रैंक प्राप्त हुई है।

अमन कुमार चौबे शिवसागर के बुद्ध एकेडमी स्कूल में वर्ग एक से मैट्रिक तक की पढ़ाई की। उन्होंने मैट्रिक परीक्षा सीबीएसई से 96 प्रतिशत अंक एवं इंटर में उन्होंने 95 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। इंटर के बाद ही अमन ने चिकित्सा के क्षेत्र में जाने और नीट की तैयारी करने का पक्का निर्णय लिया था। पहली बार के बाद दूसरी बार में दोगुनी ऊर्जा के साथ पुनः तैयरी में जुट गए। निरंतर मेहनत , अटूट संकल्प और कड़े परिश्रम के बल पर अमन ने आखिरकार यह बड़ी सफलता प्राप्त कर ली। अमन में अपनी शानदार सफलता का पूरा शरीर अपने माता-पिता का आशीर्वाद और अपने गुरुजनों के कुशल मार्गदर्शन को दिया है।

**■ छोटे से गांव में पहली बार किसान का बेटा ने किया नीट क्रैक**

अमन की इस गौरव में सफलता पर बुद्ध एकेडमी के निदेशक संजीव कुमार संजय ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त की । उन्होंने अमन को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि अमन शुरू से ही मेधावी छात्र था। और वर्ग एक से लेकर मैट्रिक तक उनका पहला स्थान रहा है। बधाई देने वालों में विद्यालय के ट्रस्टी संतोष कुमार पाण्डेय उर्फ बबलु , संतोष कुमार सिंह , प्रधानाचार्य अनिल श्रीवास्तव , अखिलेश श्रीवास्तव , विजय सिंह , रश्मि देवी , अजीत कुमार , मनोज श्रीवास्तव , श्यामा सिंह सहित अन्य शामिल हैं।

## आरपीएफ डेहरी ऑन सोन ने महिला यात्री के करीब बीस हजार रुपए के स्वर्ण आभूषण की चोरी करते हुए एक शातिर चोर को पकड़ा

लोकतंत्र की आवाज

**डेहरी।** दिनांक 21/07/2026 को प्रभारी निरीक्षक राज किशोर कच्छवाहा रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन के निर्देशन में उप निरीक्षक शिवराज साह साथ आरक्षी उमेश कुमार सिंह व आरक्षी हरेराम कुमार रेलवे स्टेशन डेहरी ऑन सोन क्षेत्राधिकार में गस्त चेकिंग व आपराधिक गतिविधि निगरानी कर रहे थे एवं सभी गाड़ियों को सुरक्षित पास करवा रहे थे उसी दौरान गाड़ी संख्या 18612 डाउन प्लेटफार्म संख्या 04 से अपने गंतव्य को प्रस्थान करने के उपरांत प्लेटफार्म संख्या 04/05 के पूर्वी छोड़ पर रेलवे किलोमीटर संख्या 554/38 के पास एक व्यक्ति सोनू कुमार सोनी, उम्र करीब 46 वर्ष, पिता दीनानाथ प्रसाद, निवासी हमीद नगर वार्ड नंबर 02, थाना उपहारा, जिला औरंगाबाद (बिहार) को संदिग्ध अवस्था में भागते हुए पकड़ा गया, जिसके तलाशी के दौरान चोरी के एक अदद सोने जैसी पीली धातु का एक अदद चंद्रमा के आकार का आभूषण प्राप्त हुआ जिसका अनुमानित कीमत 20,000/– रुपए है । जिसके संबंध में पूछने पर उसने स्वीकार किया कि उक्त आभूषण को उसने गाड़ी संख्या 18612 डाउन बनारस रांची एक्सप्रेस मैं यात्रा कर रहे हैं एक महिला यात्री के गले से ब्लड के माध्यम से काट कर चोरी किया हूं। बाद उसे अपराध से अवगत कराते हुए मौके की सभी आवश्यक कार्रवाई करने के उपरांत गिरफ्तार कर जप्त आभूषण के साथ उक्त गिरफ्तार व्यक्ति सोनू कुमार सोनी को अग्रिम कार्रवाई हेतु रेल थाना डेहरी ऑन सोन को सुपुर्द किया गया ।

## जिलाधिकारी ने पंचायत विकास दिवस के अवसर पर जिले के सभी पात्र परिवारों को नया राशन कार्ड उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाने का दिया निर्देश

लोकतंत्र की आवाज



**सासाराम।** जिला पदाधिकारी, रोहतास दीपक कुमार मिश्र ने पंचायत विकास दिवस के अवसर पर जिले के सभी पात्र परिवारों को नया राशन कार्ड उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है। आज दिनांक 22.07.2026 को जिला पदाधिकारी द्वारा समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं आपूर्ति पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि जिले का कोई भी पात्र लाभुक राशन कार्ड से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से महादलित टोलों में अभियान चलाकर पात्र परिवारों की पहचान करने तथा विकास मित्रों के माध्यम से घर-घर जाकर दस्तावेज़ों का संकलन एवं आवेदन प्रक्रिया में सहयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अनुमंडल, प्रखंड एवं आपूर्ति पदाधिकारियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने, नियमित समीक्षा करने, विशेष शिविर आयोजित करने तथा पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से पूरा करने पर बल दिया। अधिकारियों को आवेदन प्राप्ति, भौतिक सत्यापन, ऑनलाइन प्रविष्टि एवं स्वीकृति की सभी प्रक्रियाएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि 26 जुलाई 2026 को पंचायत विकास दिवस के अवसर पर जिलेभर में विशेष शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र परिवारों के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। साथ ही 5 अगस्त 2026 तक विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिया गया है।

बैठक में जिला पदाधिकारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिन पात्र परिवारों का राशन कार्ड अब तक नहीं बना है अथवा जिनके राशन कार्ड में किसी प्रकार का संशोधन आवश्यक है, वे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार शीघ्र आवेदन करें और सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष अभियान का लाभ उठाएं।

## पूर्व अभियोजक, विधिक संघ के पूर्व अध्यक्ष, सीपीआई के वरीय नेता, जेएन सिंह की शोक श्रद्धांजलि सभा संपन्न

लोकतंत्र की आवाज




**शोक सभा में उपस्थित सभी लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर जे .एन. सिंह को नमन किया**

**सासाराम।** रोहतास जिला यादव महासभा के तत्वावधान में यादव धर्मशाला के पूर्व अध्यक्ष, सी .पी .आई के चर्चित नेता, विधिक संघ रोहतास के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व लोक अभियोजक जे.एन. सिंह की श्रद्धांजलि सभा यादव महासभा के जिला अध्यक्ष सुग्रीव प्रसाद सिंह की अध्यक्षता एवं सत्यनारायण स्वामी के संचालन में बी .पी .मंडल स्मारक परिसर सासाराम में हुई। कार्यक्रम की शुरूआत उनके दामाद सी.आर.पी.एफ के डी.एस.पी . अमरेंद्र कुमार ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

तत्पश्चात शोक सभा में उपस्थित सभी लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर जे .एन. सिंह को नमन किया। तत्पश्चात शोक एवं श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित वक्ताओं ने जे .एन. सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जे .एन . सिंह विद्यार्थी जीवन से मानववादी, समाजवादी एवं साम्यवादी विचारों से ओतप्रोत होकर शोषण, जुल्म, अत्याचार, ढोंग- ढकोसला, अंधविश्वास के खिलाफ संघर्ष करते हुए समता, समानता और मानव कल्याण में लगे रहे। यही कारण है कि जे. एन. सिंह जिला विधिक संघ के अध्यक्ष, लोक अभियोजक एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के शीर्षस्थ पदों पर पहुंचे। शोक श्रद्धांजलि सभा के वक्ताओं में सर्व श्री डी. डी .यादव, तेज प्रताप सिंह यादव, लखन सिंह यादव, विनोद कुमार सिंह, मानसिंह यादव, योगेन्द्र प्रसाद सिंह, मृत्युंजय सिंह, श्री भगवान सिंह , सुदर्शन सिंह, रामनारायण सिंह, भानु प्रकाश राय, संतोष प्रसाद, नित्यानंद सिंह, पूर्व जी. पी. विशाल कुमार, सोनू कुमार, अरविंद कुमार, अमरेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मनोज कुमार पाठक, रितेश कुमार, आजाद कुमार, उपेंद्र कुमार, अवधेश सिंह, विष्णु दयाल राय, सुग्रीव प्रसाद सिंह, लाल साहेब सिंह, सत्यनारायण स्वामी, नित्यानंद शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, मो० सत्तार अंसारी, त्रिपुरारी त्रिवेदी, चम्पा कुमारी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने बिक्रमगंज अनुमंडल स्थित उत्कर्ष वायोगैस प्लांट का किया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज



**बिक्रमगंज।** बुधवार को जिला पदाधिकारी, रोहतास दीपक कुमार मिश्र ने बिक्रमगंज अनुमंडल स्थित उत्कर्ष बायोगैस प्लांट का निरीक्षण कर प्लांट की कार्यप्रणाली एवं उत्पादन प्रक्रिया का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि प्लांट के प्रोपराइटर को राज्य निवेश प्रोत्साहन नीति के तहत उद्योग विभाग द्वारा आज वित्तीय मंजूरी का आदेश प्राप्त हो गया है। लगभग 16 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित यह प्लांट पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने प्लांट में बायोमास संग्रहण, गैस उत्पादन एवं जैविक खाद निर्माण की पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि कृषि अवशेषों का वैज्ञानिक उपयोग पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक होगा। ऐसे उद्योग जिले में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ रोजगार के अवसर भी सृजित करेंगे।

इस अवसर पर जिला उद्योग प्रबंधक आशीष रंजन ने बताया कि उत्कर्ष बायो प्लांट में कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी/सीएनजी) का उत्पादन किया जाता है, जिसकी क्षमता 2500 किलोग्राम प्रतिदिन है। इसके अलावा प्लांट से जैविक खाद का भी उत्पादन होता है, जो सूखे एवं तरल दोनों रूपों में उपलब्ध कराया जाता है।

उन्होंने बताया कि गैस निर्माण के लिए धान का पुआल, गेहूं का भूसा, सरसों का भूसा, मक्का का ठंडल, गोबर एवं पोल्ट्री बीट का उपयोग किया जाता है। प्लांट द्वारा प्रतिवर्ष लगभग 8 हजार टन धान का पुआल एवं अन्य बायोमास की खरीद 50 किलोमीटर के दायरे से की जाती है। इससे किसानों को कृषि अवशेषों का उचित मूल्य मिलने के साथ-साथ पराली जलाने की समस्या में भी कमी आएगी। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने प्लांट प्रबंधन को उत्पादन क्षमता बढ़ाने, किसानों के साथ समन्वय मजबूत करने तथा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की परियोजनाएं जिले में सतत विकास, स्वच्छ ऊर्जा और कृषि आधारित उद्योगों को नई गति प्रदान करेंगी।

## 28 जुलाई को संझौली बाजार में चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान, प्रशासन ने दुकानदारों से मांगा सहयोग

लोकतंत्र की आवाज

**संझौली।** संझौली बाजार में सड़क अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की तैयारी कर ली है। आगामी मंगलवार, 28 जुलाई 2026 को आरा–सासाराम मुख्य पथ के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

अभियान के सफल संचालन के लिए पुलिस बल एवं दंडाधिकारी की मांग की गई है। अंचल अधिकारी किशोर पासवान ने जानकारी देते हुए बताया कि संझौली बाजार के सभी अतिक्रमणकारियों, दुकानदारों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपील की गई है कि वे प्रशासन का सहयोग करते हुए निर्धारित तिथि से पहले स्वयं ही सड़क के दोनों ओर 40 - 40 फीट तक किए गए अतिक्रमण को हटा लें। इससे अभियान शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकेगा। उन्होंने कहा कि आगामी श्रावणी माह में श्रद्धालुओं की बढ़ती आवाजाही तथा सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह कार्रवाई की जा रही है।

सीओ ने स्पष्ट किया कि प्रशासन द्वारा जारी अपील के बावजूद यदि निर्धारित समय तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो 28 जुलाई को प्रशासनिक टीम पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगी। उन्होंने सभी संबंधित लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन का उद्देश्य आम जनता की सुविधा, सुरक्षा और सुगम यातायात सुनिश्चित करना है।

## जिला पदाधिकारी द्वारा राजपुर एवं काराकाट प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का किया गया औचक निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज

**काराकाट।** बुधवार को जिला पदाधिकारी, रोहतास दीपक कुमार मिश्र द्वारा राजपुर एवं काराकाट प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्था, विकास कार्यों और जनहित से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की गयी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अंचल के निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने दाखिल-खारिज (म्यूटेशन), परिमार्जन, ई-मापी, भूमि अभिलेखों के अद्यतन, ऑनलाइन आवेदन निष्पादन तथा निवास, आय एवं जाति प्रमाण-पत्र से संबंधित लंबित मामलों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने सभी राजस्व कर्मचारी एवं राजस्व पदाधिकारी के स्तर पर लंबित आवेदनों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की।

जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि दाखिल-खारिज, परिमार्जन एवं ई-मापी जैसे राजस्व मामलों में अनावश्यक विलंब से आम नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, इसलिए प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। जिला पदाधिकारी ने राजपुर अंचल के मामलों निष्पादन पर संतोष जाहिर किया, जबकि काराकाट अंचल में मामलों के निष्पादन की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए दो दिन के भीतर निष्पादन का निर्देश दिया। इसे लेकर शनिवार को बैठक भी आयोजित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि राशन कार्ड बनाने को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है निवास। ऐसे में निवास, आय आदि प्रमाण पत्र बनाने में देरी की शिकायत नहीं आनी चाहिए। इस क्रम में जिला पदाधिकारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिन पात्र परिवारों का राशन कार्ड अब तक नहीं बना है अथवा जिनके राशन कार्ड में किसी प्रकार का संशोधन आवश्यक है, वे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार शीघ्र आवेदन करें और सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष अभियान का लाभ उठाएं।

निरीक्षण के क्रम में स्थानीय लोगों द्वारा विभिन्न समस्याओं की ओर जिला पदाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया गया, जिनके त्वरित एवं समुचित समाधान के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### छात्रों के संसद मार्च में पुलिसिया लाठी चार्ज और जेपीएससी में धांधली के खिलाफ बगोदर में आइसा का प्रतिवाद



लोकतंत्र की आवाज
बगोदर गिरिडीह (झारखंड), 22 जुलाई 2026। शिक्षा और परीक्षा में लगातार हो रही धांधली के जिम्मेवार केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर बीते 20 अगस्त को राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर से पार्लियामेंट तक आयोजित छात्र – युवाओं के अखिल भारतीय शांतिपूर्ण संसद मार्च में हुए बर्बर लाठीचार्ज के खिलाफ बगोदर में आइसा ने बस पड़ाव में प्रतिवाद संगठित किया और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। आइसा प्रदेश अध्यक्ष विभा पुष्पा दीप ने कहा कि देश के अति महत्वपूर्ण परीक्षाओं में लगातार हो रहे पेपर लीक से लाखों छात्र युवा परेशान है.इससे दो दर्जन से अधिक छात्रों ने आत्महत्या कर ली है.प्राइवेट एजेंसी एनटीए ने छात्रों के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है.देश भर छात्र परीक्षा के प्राइवेट एजेंसी एनटीए को भंग करने और पेपर लीक तथा छात्रों की आत्महत्या के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री की इस्तीफे की मांग को लेकर एक महीने से जंतर मंतर में आंदोलन कर रहे है,देश के अलग अलग शहरों में लगातार बड़े बड़े शहरों में प्रतिवाद हो रहे है पर सरकार के कानों में जूँ तक नहीं रेंगती है.मशहूर वैज्ञानिक और पर्यावरणविद सोनम वांगचुक ,छात्र नेत्री नेहा समेत अन्य के 22 दिन के भूख हड़ताल के बाद भी सरकार का कोई भी प्रतिनिधि उनसे बात करने नहीं आता है.निर्दयी और संवेदनहीन सरकार को जगाने के लिए,उनकी जवाबदेही तय करने के लिए जब लाखों छात्र संसद मार्च में जुटते हैं तो उनपर बर्बर लाठी चार्ज किया जाता है जो अन्याय है.उक्त लाठी चार्ज से सैकड़ों छात्रों को गंभीर चोटें आई हैं और महिला छात्रों को अपमानित किया गया है.इसके खिलाफ छात्र युवा लड़ेंगे और सरकार को दोषियों पर करवाई सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं. उक्त कार्यक्रम में निर्मल कुमार,आशीष मंडल, बादल कुमार,मनीषा कुमारी ,दीपिका कुमारी,मौसम कुमारी पिंकी कुमारी, विनीता कुमारी,शशि कुमार,राजकुमार दास,उतमचंद, विकाश समेत अन्य शामिल रहे।

### मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण के दौरान पूर्व मंत्री का विष्णुगढ प्रखंड के बूथों पर दौरा



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ हजारीबाग (झारखंड)। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री तथा हजारीबाग कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल ने बुधवार को मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 को लेकर विष्णुगढ़ प्रखंड की विभिन्न गांवों का दौरा किया। उन्होंने बूथ संख्या 386 प्राथमिक विद्यालय गोलगो, बूथ संख्या 407 एवं 408 प्राथमिक विद्यालय रमुआ, बूथ संख्या 438 439 तथा 440 प्राथमिक विद्यालय नवादा उर्दू का भ्रमण कर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति की जानकारी लिया। इस अवसर पर कहा कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम नहीं छूटना चाहिए। योग्य मतदाताओं का नाम जुड़वाना कांग्रेस के बीएलए कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी बुथो पर बूथ लेवल ऑफीसरों से गणना प्रपत्र का वितरण तथा उसका ऑनलाइन किए जाने की संख्या और अब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ और डुप्लीकेट मतदाताओं की संख्या की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करते हुए जल्द से जल्द इस पुनरीक्षण अभियान में अपने–अपने गणना प्रपत्र जमा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में शुद्ध मतदाता सूची का निर्माण करवाना कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। कहां की वर्तमान समय में किसान कृषि कार्य से जुड़ चुके हैं और ऐसी स्थिति में भारत निर्वाचन आयोग को कम से कम और 15 दिन पुनरीक्षण कार्यक्रम को बढ़ाने की आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बुएलए सभी बूथों पर जिम्मेवारी पूर्वक कार्य कर रहे हैं यही संगठन की मजबूती है।उनके साथ मुख्य रूप से कांग्रेस महासचिव अब्बास अंसारी, अनिल राय, प्रखंड महासचिव परमेश्वर महतो, बीएलए प्रखंड प्रभारी गुरु प्रसाद साव, बालेश्वर महतो, महेंद्र कुमार, हरि यादव बीएलए मालती देवी, अशोक राम, मोहम्मद इसराइल, सुरेश मंडल एवं मोहम्मद असजद शामिल थे।

### धनबाद भुदा बस्ती में मजदूर की बेटी पूनम ने नीट क्वालिफाई किया, पढ़ाई का पूरा खर्च उठाएगा जिला प्रशासन



लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता। धनबाद की भूदा बस्ती निवासी दिहाड़ी मजदूर की बेटी पूनम कुमारी ने इस बार नीट परीक्षा में सफलता हासिल की है। उसने 582 अंक (99.1375 परसेंटाइल) लाकर ऑल इंडिया रैंक 16,972 हासिल कर अपने परिवार, विद्यालय और पूरे धनबाद जिले का नाम रोशन किया है। एसएसएलएनटी सीएम उत्कृष्ट गर्ल्स स्कूल की छात्रा रही पूनम के पिता धरमु गोराई दिहाड़ी मजदूर हैं, जबकि मां पीपू देवी गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद पूनम ने अपनी मेहनत, लगन व आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता हासिल की है। इससे पहले उसने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर धनबाद जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया था। डीसी आदित्य रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में पूनम को सम्मानित किया। उन्होंने घोषणा की कि पूनम के मेडिकल कॉलेज में दाखिले से लेकर डॉक्टर बनने तक की पूरी पढ़ाई का खर्च धनबाद जिला प्रशासन वहन करेगा। कहा कि आर्थिक अभाव किसी प्रतिभाशाली स्टूडेंट की शिक्षा में बाधा नहीं बनने दिया जाएगा। डीसी ने पूनम को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले हजारों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है।

### धनबाद कतरास सोनारडीह हाल्ट के पास ट्रैक किनारे गोफ, जांच में जुटा रेलवे



लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता। चंद्रपुरा रेलखंड पर सोनारडीह हाल्ट के समीप रेलवे ट्रैक से करीब चार मीटर दूर मंगलवार सुबह अचानक गोफ बनने से रेल प्रशासन सतर्क हो गया। सूचना मिलते ही पीडब्ल्यूआई शैलेंद्र कुमार, आईडब्ल्यू गौरीशंकर शर्मा व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद से करीब तीन घंटे में गोफ की भराई कराई गई तथा ट्रैक की तकनीकी जांच भी की गई। सहायक अभियंता अजित कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र पहले से अग्नि प्रभावित है, लेकिन फिलहाल ट्रैक पूरी तरह सुरक्षित है और रेल परिचालन सामान्य है। गोफ बनने के कारणों की जांच कराई जाएगी। स्थानीय लोगों ने भूमिगत आग, पुरानी खदानों और लगातार बारिश को संभावित कारण बताते हुए संवेदनशील क्षेत्र की नियमित निगरानी की मांग की है।

# भारतीय किसान संघ का सन्गठनात्मक एवं किसान सम्मेलन संपन्न





लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड लातेहार(चतरा)।** भारतीय किसान संघ, झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती लातेहार में अखिल भारतीय राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री के. साई रेड्डी जी की गरिमामयी उपस्थिति में संगठनात्मक बैठक एवं किसान सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, किसान बंधुओं एवं पत्रकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। तत्पश्चात झारखंड प्रदेश अध्यक्ष श्री जयकुमार सिंह जी ने भगवान बलराम के प्रतीक हल एवं अंगवस्त्र भेंट कर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री के. साई रेड्डी जी का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया तथा उपस्थित कार्यकर्ताओं के बीच उनका परिचय कराया।

अपने उद्बोधन में अखिल भारतीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री के. साई रेड्डी जी ने कहा कि वर्तमान में पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।उन्होंने कहा कि एथेनॉल गन्ने एवं अन्य कृषि फसलों से तैयार होता है, जिससे किसानों की उपज की मांग बढ़ेगी और उन्हें बेहतर आर्थिक लाभ मिलेगा। उन्होंने अमेरिका, जर्मनी और जापान जैसे देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भी एथेनॉल मिश्रित ईंधन का सफलतापूर्वक उपयोग किया जा रहा है तथा इससे वाहनों के इंजन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता।

उन्होंने झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी से आग्रह किया कि किसानों की फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) प्रभावी रूप से लागू किया जाए तथा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित किया जाए।साथ ही उन्होंने प्राकृतिक खेती को अपनाने, गौ-आधारित कृषि, जैविक खाद, गोबर, गोमूत्र एवं घरों से निकलने वाले जैविक अपशिष्ट से तैयार उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष श्री जयकुमार सिंह जी ने संगठन को गांव-गांव तक सशक्त बनाने, किसानों के अधिकारों की रक्षा तथा प्राकृतिक खेती के विस्तार के लिए सभी कार्यकर्ताओं से समर्पित होकर कार्य करने का आह्वान किया।

प्रदेश मंत्री एवं कार्यक्रम के संचालक श्री राम पाण्डेय जी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय किसान संघ केवल किसानों के हितों की बात करने वाला संगठन नहीं, बल्कि खेत, किसान और गांव की समृद्धि के लिए निरंतर संघर्ष करने वाला राष्ट्रवादी किसान संगठन है। उन्होंने कहा कि किसान की आर्थिक मजबूती ही देश की वास्तविक समृद्धि का आधार है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर किसानों को प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण, जैविक कृषि, बीज संरक्षण और संगठन की नीतियों से जोड़ने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि भारतीय किसान संघ किसानों की समस्याओं को लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से सरकार तक पहुंचाता रहेगा तथा किसानों के सम्मान और स्वाभिमान के लिए संगठन सदैव संघर्षरत रहेगा।

क्षेत्र संगठन मंत्री श्री हेमराज जी ने संगठन की कार्यपद्धति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन की सबसे बड़ी शक्ति उसके अनुशासित और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने प्रत्येक गांव में संगठन का विस्तार करने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया।

प्रदेश संगठन मंत्री श्री आचल जी ने संगठनात्मक मजबूती पर बल देते हुए कहा कि भारतीय किसान संघ का उद्देश्य किसानों को संगठित कर उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान निकालना है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से नियमित प्रवास, किसान संपर्क एवं सदस्यता अभियान को गति देने का आग्रह किया।धन्यवाद ज्ञापन प्रांत प्रचार प्रमुख श्री प्रकाश सिंह जी ने किया।उन्होंने कहा कि भारतीय किसान संघ झारखंड के किसानों की समस्याओं को लेकर राज्य सरकार को कई ज्ञापन सौंप चुका है तथा भविष्य में भी किसानों के अधिकारों और सम्मान के लिए निरंतर संघर्ष करता रहेगा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री प्रशांत खाखा जी, क्षेत्र संगठन मंत्री श्री हेमराज जी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अनिल शर्मा जी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री क्षेत्रधारी महतो जी, प्रदेश महामंत्री श्री दीपक उरांव जी, प्रदेश संगठन मंत्री श्री आचल जी, सह-प्रचार प्रमुख श्री आनंद शाही जी, सह-प्रचार प्रमुख श्री दीपक जी, महामंत्री श्री सतीश जी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लातेहार जिला प्रचारक, लातेहार जिला अध्यक्ष श्री राजेश सिंह जी, जिला मंत्री श्री भवन कुमार मांझी जी, पलामू जिला अध्यक्ष श्री जितेंद्र कुमार सिंह जी, चतरा जिला सह मंत्री श्री राजू साहू जी, जिला जैविक प्रमुख श्री मनोज उरांव जी, जिला प्रखंड अध्यक्ष श्री संतोष यादव जी, श्रीमती देवमणि देवी, श्रीमती सरिता देवी, श्रीमती सुमित्रा देवी, श्री सरयू प्रसाद जी, श्रीमती नीलम देवी, श्रीमती मधु देवी, श्री रामचंद्र सिंह जी सहित प्रदेश कार्यकारिणी के अनेक सदस्य, किसान बंधु एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन पर ध्वज वंदन किया गया। इसके पश्चात आयोजित प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री के. साई रेड्डी जी ने झारखंड सरकार से किसानों के हित में ठोस निर्णय लेने तथा भारतीय किसान संघ द्वारा उठाई गई मांगों पर गंभीरतापूर्वक अमल करने का आग्रह किया। अंत में सभी अतिथियों, पदाधिकारियों, किसान बंधुओं एवं पत्रकारों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन हुआ।

## सरिया के दुर्गीधवैया गांव का प्रवासी मजदूर की मुंबई में मौत, शव गांव पहुंचते मचा कोहराम



**लोकतंत्र की आवाज**
**बगोदर गिरिडीह (झारखंड)।** सरिया प्रखंड के दुर्गी धवैया निवासी 40 वर्षीय प्रवासी मजदूर नारायण यादव पिता खीरो महतो जो मुंबई में मजदूरी करते थे उनका निधन हो गया। बुधवार को उनका पार्थिव शरीर घर पहुंचा तो पूरे गांव की आंखें नम हो गईं। परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। लोग बस यही कह रहे थे -"एक बार उठकर हम लोगों से बात करो" पर अफसोस अब ये नहीं उठेंगे, कल अर्थी उठेगी। शव गाँव पहुंचते ही कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता परिवार को संवेदना व्यक्त करने पहुंचे, लेकिन परिवार का यह दृश्य देखकर सभी की आंखें नम हो गई।सवाल यह है कि आखिर कब तक प्रवासी मजदूरों का शव लोग देखकर गम की आँसू पीते रहेंगे?इसका समाधान के लिए सरकार कब तक पहल करेगी या प्रवासी मजदूरों का यूँ

## दिव्या हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता राहुल यादव गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड हंटरगंज(चतरा)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के जजलो गांव स्थित बंद पत्थर खदान से 26 जून को बरामद युवती दिव्या कुमारी के शव मामले में चतरा पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने हत्या के मुख्य अभियुक्त और दिव्या के प्रेमी राहुल यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

यह जानकारी बुधवार को चतरा एसडीपीओ सन्नी वर्धन ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।मौके पर हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार उपस्थित थे।गिरफ्तार राहुल गया जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र के कुबड़ी गांव का रहने वाला है। पुलिस ने उसे शेरघाटी इलाके से गिरफ्तार किया।इस मामले में पहले ही हत्या को अंजाम देने वाले आरोपी नेपाली गंझू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। पुलिस जांच में सामने आया कि दिव्या कुमारी और राहुल यादव के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध था।इस दौरान राहुल ने शादी का झांसा देकर दिव्या के साथ संबंध बनाए, लेकिन बाद में शादी से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद दिव्या ने राहुल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कराया था।यह मामला न्यायालय में विचाराधीन था।

**केस वापस लेने का बना रहा था दबावः** जांच में यह भी सामने आया कि राहुल लगातार दिव्या पर दर्ज मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा था। हालांकि दिव्या किसी भी कीमत पर केस वापस लेने को तैयार नहीं थी। इसी बीच न्यायालय में दिव्या का बयान होने वाला था। राहुल को आशंका थी कि यदि दिव्या अदालत में उसके खिलाफ बयान दे देती है तो उसे सजा हो सकती है।

**दो लाख की सुपारी देकर रची हत्या की साजिशः** सजा से बचने के लिए राहुल यादव ने दिव्या की हत्या की साजिश रची।पुलिस के अनुसार राहुल ने गया जिले के बांकेबाजार थाना क्षेत्र के खरांटी गांव निवासी नेपाली गंझू को दो लाख रुपये की सुपारी देकर दिव्या की हत्या कराने की योजना बनाई। योजना के तहत दिव्या की हत्या कर शव को जजलो गांव स्थित बंद पत्थर खदान में फेंक दिया गया, ताकि घटना को दुर्घटना या अज्ञात हत्या का रूप दिया जा सके।

**पहले नेपाली गंझू, अब मुख्य आरोपी राहुल गिरफ्तारः** घटना के खुलासे के दौरान पुलिस ने पहले नेपाली गंझू को गिरफ्तार किया था। पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर हत्या की पूरी साजिश का खुलासा हुआ। इसके बाद मुख्य साजिशकर्ता राहुल यादव की तलाश शुरू की गई। लगातार छापेमारी के बाद पुलिस ने उसे शेरघाटी से गिरफ्तार कर लिया।

## धनबाद कतरास के जीएनएम कॉलेज के पास शराब बेचते 2 व्यक्ति रंगेहाथ गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज़



**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री आदित्य रंजन के सख्त निर्देश के आलोक में जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज कतरास थाना क्षेत्र अंतर्गत मछली पट्टी में जीएनएम कॉलेज के पास सहायक आयुक्त उत्पाद श्री अजय कुमार गोंड के नेतृत्व में उत्पाद विभाग ने छापेमारी कर देशी, विदेशी व महुआ शराब बरामद की है।

इस संबंध में उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी कि कतरास थाना क्षेत्र अंतर्गत मछली पट्टी में जीएनएम कॉलेज के पास शराब का अवैध कारोबार किया जा रहा है।इसके बाद उत्पाद विभाग ने कतरास थाना के सहयोग से मछली पट्टी में छापामारी की।इस दौरान मौके से 18.6 लीटर महुआ शराब, 6.9 लीटर देशी शराब तथा 2.52 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। उपायुक्त ने बताया कि कार्रवाई के दौरान अवैध शराब के कारोबार में लिप्त सुशील कुंडू एवं अनिल कुमार बर्नवाल को अवैध शराब बेचते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम एवं संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

अवैध शराब कारोबारियों को सख्त चेतावनी देते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिले में अवैध शराब, नशीले पदार्थों एवं गैर-कानूनी गतिविधि के कारोबारियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों एवं रिहाइशी इलाकों के आसपास अवैध शराब या नशीली वस्तुओं की बिक्री में शामिल लोगों पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

साथ में उपायुक्त ने जिले के सभी शिक्षण संस्थानों के प्राचार्यों व आम जनता से अपील की कि शिक्षण संस्थानों के निकट किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, अवैध शराब या नशीले पदार्थों की बिक्री की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। ऐसे तत्वों के विरुद्ध प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह से गुप्त रखी जाएगी।

## विभिन्न मांगो को लेकर किसान महासभा का बगोदर में एकदिवसीय धरना आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



**बगोदर गिरिडीह (झारखंड), 22 जुलाई 2026।** अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रखंड ईकाई द्वारा बगोदर ब्लॉक परिसर में एकदिवसीय धरना दिया गया जिसमें किसानों के खाद,बीज,कीटनाशक दवाओं का समुचित वितरण करने,दाखिल - खारिज एवं ऑनलाइन रसीद कटवाने में घूसखोरी बंद करने तथा जीटी रोड औरा और घंघरी में अंदर पासिंग रोड बनाने समेत ग्रामीण किसानों के विभिन्न मुद्दे शामिल रहे.धरने की समाप्ति पर उपायुक्त गिरिडीह को विभिन्न मांगों के समर्थन में अंचलाधिकारी बगोदर के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा गया और कहा गया कि किसानों के सवाल अगर दो सप्ताह के अंदर हल नहीं हुआ तो आगामी 10 अगस्त को किसान महासभा द्वारा पुनः ब्लॉक मुख्यालय में जोरदार आंदोलन किया जाएगा.

धरने को संबोधित करते अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पुरन महतो ने कहा कि सरकार द्वारा अनुदानित दर पर उपलब्ध कराए जाने वाले खाद,बीज और कीटनाशक दवाओं के वितरण केंद्रों का व्यापक प्रचार प्रसार नहीं हो रहा है जिसके चलते अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है.आज खाद ,बीज का कालाबाजारी हो रहा है.सरकार को उनके विरुद्ध कठोर कानूनी करनी चाहिए.दाखिल खारिज और ऑनलाइन रसीद निर्गत करने के नाम पर किसानों से हजारों रुपए घुस लिया जा रहा है.भू माफियाओं से किसान परेशान हैं. उन्होंने कहा कि गैर मजरूआ जमीन में बरसों वर्ष से जो किसान खेती बारी करते आ रहे हैं,उनकी पहचान कर लगान रसीद निर्गत करने की प्रक्रिया सरकार अविलंब शुरू करे.इसके लिए पंचायतवार विशेष शिविर लगाए जाने की जरूरत है.उन्होंने कहा कि अटका के रैयतों को सिक्सलेन निर्माण में आवासीय दर से भुगतान करना होगा और व्यस्ततम चौराहे औरा बाजार और घंघरी में समय रहते आम लोगों की सुरक्षित आवाजाही के लिए अंड़र ब्रिज बनाया जाय. उन्होंने कहा कि अगर 15 दिन के भीतर सरकार उपरोक्त मांगों पर सम्यक विचार नहीं करती है तो किसान महासभा आंदोलन को बाध्य होगी.

मौके पर किसान महासभा प्रखंड संयोजक रामेश्वर यादव,मुखिया प्रदीप महतो,भुनेश्वर महतो ,तेजनारायण पासवान ,सुरेंद्र सिंह, पुरन कुमार महतो,धनेश्वर हांसदा,भैरों महतो,राजकुमार दास समेत अन्य उपस्थित थे।

## गिरिडीह सदर प्रखंड अंतर्गत अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था नदारत

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ गिरिडीह झारखंड (2026.07.23)।** गिरिडीह सदर प्रखंड अंतर्गत अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था नहीं है पेयजल के लिए कहीं से जल लाकर रखी जाती है।



अब जहां आंगनबाड़ी अपने निजी घरों के कमरों में चलाए जाते रहे हो तो वहां शौचालय और पेयजल व्यवस्था की उम्मीद कैसे की जा सकती है वैसे जिन जिन स्थानों पर आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्था अत्यंत ही दयनीय मानी जा सकती है वहां के बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र में जाने के बजाय बाहर खेलते रहते हैं वहां के केंद्रों की स्थिति के क्या कहने वैसे तो कई आंगनबाड़ी केंद्र मात्र कागजों पर ही चलते हैं और जो कुछ सेंटर चल भी रहे हैं तो उनका पता ठिकाना पाना बहुत ही मुश्किल होता है जब तक की आप स्थानीय कुछ लोगों से पूछते पूछते ना जाए क्योंकि भवन के बाहर किसी प्रकार का कोई बोर्ड लगा नहीं होता है।

वैसे प्राप्त जानकारी अनुसार गिरिडीह उपायुक्त श्री रामनिवास यादव ने विशेष रूप से निर्देश दिया कि जिले की जिन आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में शौचालय एवं पेय जल की व्यवस्था नहीं है।

वहां प्राथमिकता के आधार पर शौचालय निर्माण एवं पेय जल आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए यहां तो मात्र एक प्रखंड की बात की जा रही है जब पूरे गिरिडीह जिला की बात होगी तो और भी बहुत कुछ तथ्य उभर कर सामने आएंगे ऐसे यह कहा जा सकता है की यह बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

क्या बच्चों को उनके पौष्टिक भोजन से दूर नहीं रखा जाता है? पूर्व सूचना दी जाती है कि फलाने सेंटर पर आज निरीक्षण को अमुक मैडम आ रही है और व्यवस्था दुरुस्त बच्चे प्रेजेंट यह तो बच्चों के भविष्य के साथ मात्र खिलवाड़ ही नहीं बल्कि देश के कर्णधारों पर किया जाने वाला अत्याचार कहा जा सकता है।

## धनबाद कतरास लकड़का में संदेहास्पद स्थिति में महिला की मौत हत्या का लगाया आरोप पति और ससुर हिरासत में

लोकतंत्र की आवाज़

**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता।** कतरास थाना क्षेत्र के लकड़का का मामला 5 माह की गर्भवती थी सौरभ पांडे की पत्नी वंदना प्रिया। कतरास थाना क्षेत्र अंतर्गत लकड़का बस्ती पोस्ट ऑफिस के पास मंगलवार दोपहर एक विवाहिता का शव घर में फंदे से झूलता मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों का आरोप है कि विवाह के बाद से ही ससुराल वाले उसे प्रताड़ित कर रहे थे मृतका की पहचान 21 वर्षीय वंदना प्रिया, पति सौरव कुमार पांडे के रूप में हुई है। घटना के बाद बस्ती में तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया, जबकि मायके पक्ष ने हत्या कर आत्महत्या का रूप देने का गंभीर



आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही विष्णुगढ़ झंडा चौक से परिजन लकड़का पहुंचे।इधर लड़की के भाई अभय मिश्रा ने कतरास थाना में महिला के पति सौरव पांडे लड़की के ससुर सास तथा देवर पर हत्या कर जान मारने की शिकायत दर्ज कराई है।

परिजनों का आरोप है कि जब उन्होंने वंदना प्रिया के शव को देखा तो शरीर के हिस्से में गंभीर चोट के निशान पाए गए। मृतका की मां ने आरोप लगाया कि उनकी पुत्री के साथ मारपीट कर उसकी हत्या की गई और बाद में शव को फंदे से लटका दिया गया ताकि घटना को आत्महत्या का रूप दिया जा सके।घटना से आक्रोशित मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष के घर के बाहर काफी हंगामा भी किया इस दौरान लकड़का बस्ती में काफी देर तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतका का एक डेढ़ वर्ष का पुत्र हैं, जिसके सर से माँ का साया उठ गया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद कतरास थाना की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। आक्रोशित लोगों ने करीब 14 से 15 घंटे तक पुलिस को शव अपने कब्जे में लेने नहीं दिया और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते रहे।स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कतरास थाना की पुलिस सहित वार्ड नंबर 05 की पार्षद श्रीमती निरुपमा देवी मौके पर पहुंची पुलिस अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने परिजनों को निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन शांत हुए और आज सुबह करीब 09 बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद P.M.C.H अस्पताल भेजा गया।

ग्रामीणों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं मृतका के परिजन इस मामले को हत्या बताते हुए न्याय की मांग पर अड़े हुए हैं।मामले में कतरास थानेदार प्रवीण कुमार ने बताया कि लकड़का की एक गर्भवती महिला का शव बरामद किया गया है पुलिस शिकायत के आलोक पर छानबीन कर रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### भभुआ कैमूर : भागवत कथा से जुड़े जीवन भक्ति और सदाचार से: स्वामी जी



**भभुआ कैमूर** । परसिया में चातुर्मास महोत्सव स्थल पर बुधवार को स्वामी जी ने प्रवचन में कहा कि भागवत कथा का उद्देश्य केवल सुनना नहीं, बल्कि जीवन को भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और सदाचार से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि कथा श्रवण से मनुष्य के साथ पशु-पक्षी और पितरों का भी कल्याण होता है। परशुराम प्रसंग से बताया कि उन्होंने अधर्म का विरोध किया, न कि किसी जाति का। विश्वामित्र-वशिष्ठ के प्रसंग से विनम्रता और सद्भाव का महत्व बताया। स्वामी जी ने कहा कि दान के बाद उस वस्तु पर अधिकार नहीं जताना चाहिए। आत्मदेव की कथा से जीवन के महत्व को समझाया। अंत में आह्वान किया कि अहंकार और दुराग्रह छोड़कर परोपकार और सदाचार का मार्ग अपनाएं।

### अरवल में डॉक्टर पर हमले के विरोध में दुर्गावती सीएचसी की ओपीडी बंद इमरजेंसी सेवाएं रहीं जारी



**दुर्गावती** । अरवल सदर अस्पताल में चिकित्सक पर हुए हमले के विरोध की गूंज बुधवार को दुर्गावती सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भी सुनाई दी। बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ के आह्वान पर सीएचसी के चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने विरोधस्वरूप ओपीडी सेवाओं का बहिष्कार किया। हालांकि, गंभीर मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए इमरजेंसी सेवाओं का संचालन सामान्य रूप से जारी रखा गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान चिकित्सकों ने अस्पतालों में बढ़ रही हिंसक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अरवल की घटना में शामिल आरोपियों के खिलाफ त्वरित और कड़ी कार्रवाई की मांग की तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कानून लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए कहा कि सुरक्षित कार्य वातावरण के बिना बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना कठिन है। इस अवसर पर प्रभारी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संगीता सिन्हा, स्वास्थ्य प्रबंधक मनीष श्रीवास्तव सहित सीएचसी के कई चिकित्सक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर हरि राम का निधन, रोहतास-कैमूर में शोक की लहर



**भभुआ/सासाराम**। सासाराम जिला, शिवसागर प्रखंड, विश्रामपुर गांव के निवासी एवं सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर श्री हरि राम जी का 20 जुलाई 2026 को सासाराम स्थित उनके निवास पर हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही जिला रोहतास एवं कैमूर में शोक की लहर फैल गई। श्री हरि राम जी समाजसेवी, ईमानदार और संघर्षशील पदाधिकारी के रूप में जाने जाते थे। वे हमेशा सबके दुख-सुख में साथ खड़े रहते थे। उनके निधन को सामाजिक क्षति बताते हुए बसपा नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नेताओं ने शोकाकुल परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से प्रार्थना की कि वह दुखी परिवार को यह दुख सहने की शक्ति दे। एडवोकेट राम इकबाल राम, प्रदेश सचिव बीएसपी बिहार, पूर्व मुख्य जोन इंचार्ज एवं पूर्व मुखिया, रामबली मास्टर समाजसेवी, रामलाल राम बीएसपी नेता, प्रदीप कुमार, बृज बिहारी कुमार पूर्व इरढ जिला अध्यक्ष सासाराम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# रामगढ़ : अरवल घटना के विरोध में डॉक्टरों का सांकेतिक प्रदर्शन, रामगढ़ रेफरल अस्पताल में ओपीडी सेवा ठप

लोकतंत्र की आवाज



**रामगढ़ (कैमूर)**। अरवल के सिविल सर्जन के साथ हुई अभद्र व्यवहार और हमले की घटना के विरोध में बुधवार को रामगढ़ रेफरल अस्पताल के डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों ने एकदिवसीय ओपीडी सेवा का पूर्ण बहिष्कार किया। घटना से आक्रोशित डॉक्टरों ने अस्पताल के मुख्य द्वार (गेट) पर एकत्र होकर शांतिपूर्ण एवं सांकेतिक प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

ओपीडी सेवाएं ठप रहने से दूर-दराज से आए मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि, स्वास्थ्य कर्मियों ने मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए आपातकालीन सेवाओं को बहाल रखा, जिससे गंभीर मरीजों का इलाज जारी रहा। मुख्य द्वार पर विरोध दर्ज करा रहे डॉक्टरों ने स्पष्ट किया कि आए दिन चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ हो रही अभद्रता और हिंसा की घटनाओं से वे भयभीत हैं। डॉक्टरों ने सरकार से मांग की है कि अरवल घटना में शामिल दोषियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए और राज्य के सभी अस्पतालों में कर्मियों के लिए पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए जाएं।

**डॉक्टरों के प्रमुख बयान:**

1. डॉ. कुमार रविशंकर: ₹सुरक्षा के बिना बेहतर माहौल संभव नहीं ₹हम लोगों ने ओपीडी का पूर्ण बहिष्कार किया है। अरवल में सिविल सर्जन के साथ जो अभद्र घटना हुई है, उसके विरोध में यह एकदिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन है ताकि सरकार तक हमारा संदेश पहुंच सके। अरवल की घटना को अंजाम देने वाले असामाजिक तत्वों की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है और न ही प्रशासन द्वारा कोई सख्त कार्रवाई की गई है। हमारी मांग है कि डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को सुरक्षित माहौल दिया जाए ताकि सब निर्भीक होकर काम कर सकें। मरीजों की सहूलियत के लिए आपातकालीन सेवाएं चालू रखी गई हैं।
2. डॉ. आस्था गुप्ता: ₹भयमुक्त माहौल मिले, तभी होगी जनता की बेहतर सेवा ₹सीएस सर के साथ जो अभद्र व्यवहार और हमला हुआ है, वह बेहद निंदनीय है। अस्पताल का पूरा स्टाफ जनता की सेवा के लिए ही दिन-रात कार्यरत रहता है। यदि हमारे साथ ही ऐसा दुर्व्यवहार होगा, तो हम भय के माहौल में काम कैसे कर पाएंगे? हमारी सरकार से बस यही मांग है कि अस्पताल परिसर के भीतर काम करने वाले हर कर्मचारी को सुरक्षा प्रदान की जाए, ताकि हम बिना किसी डर के जनता की सेवा कर सकें।

## संयुक्त किसान मोर्चा स्थानीय एकता चौक पर डोनाल्ड ट्रंप एवं मोदी का पुतला किया दहन



लोकतंत्र की आवाज

**भभुआ कैमूर**-संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी बिरोध दिवस के तहत कैमूर जिला मुख्यालय भभुआ में भारत अमेरिका के द्वारा कृषी के क्षेत्र में भारत अमेरिका ट्रेड डिल के खिलाफ भभुआ शहर के जयप्रकाश चौक से मार्च निकाल कर शहर के प्रमुख मार्गो पर मार्च किया गया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होस में आओ, अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प मुर्दावाद, किसानो की भूमी पूजीपतियों को देना बंद करो, टाउनशिप के नाम पर भूमी अधिग्रहण करना बंद करो, किसानो व छात्रो पर दमन करना बंद करो, जंतरमंतर पर पेपर लिक के सवाल पर आंदोलन कर रहे छात्रो पर लाठी चार्ज क्यो प्रधानमंत्री जबाब दो, आदि नारा लगाते हुये अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प व भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया पुतला दहन के दौरान नेताओं ने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कृषी के क्षेत्र में अमेरिका से जो समझौता किया है या कहा जाये कि कृषी के क्षेत्र में कारपोरेट घरानों से समझौता करके बडी.परियजनाओं के नाम पर जैसे सोलर पार्क, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, एयरपोर्ट, हाईवे, माईनिग (पर्यटन) खास कर धार्मिक पर्यटन, शहरो के विस्तार के लिये, लैंड पूल योजना, बिहार में 12 सॅटेलाईट टाउनशिप परियोजना में 4 लाख एकण से ज्यादा भूमी अधिग्रहण करने का अभियान चलाया जा रहा है, जंगल के तटीय ईलाका में भी कृषी योग्य भूमी हड़प कर पूजीपतियों को देने का काम किया जा रहा है , वही ग्रामीण क्षेत्र में किसानो को कोई सुविधा नही दिया जा रहा है।

आज कैमूर जिला में रोपनी नही हो पाई सरकार के अधिकारी मौन है सरकार कैमूर जिला के किसानो को सिंचाई का व्यवस्था देने में नाकाम रही है। कार्यक्रम का नेतृत्व अखिल भारतीय किसान महासभा कैमूर के जिला सचिव राम एकबाल राम, जिला अध्यक्ष लुटावन प्रसाद,बिहार राज्य किसान सभा जमाल रोड, के कैमूर जिला मंत्री भीम सिंह, हरिनारायण पांडेय,बिहार राज्य किसान सभा अजय भवन,प्रो कमला सिंह, अबदुल रहमान, त्रिवेणी गृप्ता, हासिम खान, संजय कुमार,शिवमूरत साह, अखिल भारतीय किसान महासभा कैमूर के जिला उपाध्यक्ष लालजी सिंह, संयुक्त किसान मोर्चा के सर्मथन में भाकपा माले के जिला कमेटी के नेता जयप्रकाश निराला, संजय बिंद गणेश बिंद, सुरेश राम, बजरंगी प्रसाद, बिंधयाचल ठाकुर, त्रिभुवन राम, कामरेड भूपेंद्र कुमार लाल, आदि लोग भी भाग लिये।

## रामगढ़ विधानसभा में संगठन समीक्षा बैठक, बूथ स्तर पर सक्रियता पर जोर



लोकतंत्र की आवाज

**भभुआ कैमूर** । रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पार्टी संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से बुधवार को एकदिवसीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों और बूथ स्तर तक पार्टी को सक्रिय करने पर चर्चा हुई। बैठक में केंद्र प्रभारी श्रीकांत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ जिला अध्यक्ष अयोध्या कुमार और विधानसभा अध्यक्ष गोरख सम्राट भी मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला सचिव संतोष, नंदू, छोटेलाल, रमाकांत, मनीष लाल, राम राणा प्रताप, अरुण, करीम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। केंद्र प्रभारी श्रीकांत ने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की जीत की गारंटी है। उन्होंने पदाधिकारियों को बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने का निर्देश दिया। जिला अध्यक्ष अयोध्या कुमार ने एकजुट होकर काम करने की अपील की। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी के सिद्धांतों को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## चैनपुर कैमूर : बीपीएससी में चयनित डीएसपी पहुंचे चैनपुर , सम्मान समारोह में लिया भाग

लोकतंत्र की आवाज



**चैनपुर (कैमूर )** । कैमूर जिला में बीपीएससी परीक्षा में चयनित डीएसपी पद अतुल श्रीवास्तव का कैमूर में आगमन होने पर लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। जिसको लेकर उनके आवास चैनपुर के चंदा गांव में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल होने पर भव्य रूप से स्वागत किया गया। जहां कि चैनपुर के जिला पार्षद अखिलेश कुमार चौरसिया उर्फ कमलेश कुमार चौरसिया ने पहुंच कर फूल माला और गुलदस्ता अंगवस्त्र , बुक देकर सम्मानित किया । और यह बड़ी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। और कहा कि ऐसा पहली बार उपलब्धि हासिल होने पर अपने परिवार का ही नहीं पूरे चैनपुर प्रखण्ड एवं जिला का नाम रोशन किया है। जो कि बंधाई के पात्र हैं। जुनून एवं लगन मेहनत बेकार नहीं जाती है। अगर कुछ करने की तमन्ना है तो निश्चित एक दिन सफलता मिलकर रहती है। इसके अलावा काफी संख्या में लोगों ने भाग लेकर चयनित डीएसपी का स्वागत किया। और उनके पिता गोपाल श्रीवास्तव को भी लोगों ने बधाई दी। बताया गया है कि इनकी माता सरकारी विद्यालय में शिक्षिका है। वही अतुल श्रीवास्तव ने सभी को प्रणाम कर अभिवादन स्वीकार किया। और कहा कि बड़ों का आशिर्वाद बेकार नहीं होती। अपना मेहनत और बड़ों का आशिर्वाद का देन है कि इतनी बड़ी सफलता हासिल हुई है। इसको भुलाया नहीं जा सकता है।

## टीबी मुक्त भारत अभियान से जुड़े एआइआरएनएफ के प्रदेश अध्यक्ष, 15 टीबी मरीजों को लिया गोद, निक्षय मित्र बनकर नियमित पोषण सामग्री व आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराएंगे

लोकतंत्र की आवाज



**मोहनिया**। ऑल इंडिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन (अक्म्फ्ठा) बिहार राज्य कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष एवं कैमूर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चांद में कार्यरत मनीष कुमार मिश्रा ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र के रूप में पंजीकरण कराकर 15 टीबी मरीजों को गोद लिया है।

मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि वे इन मरीजों को उपचार अवधि के दौरान नियमित रूप से पोषण सामग्री तथा अन्य आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराएंगे, ताकि उनका इलाज प्रभावी ढंग से हो सके और वे जल्द स्वस्थ हो सकें। इससे पहले भी उन्होंने चार टीबी मरीजों को गोद लिया था, जो अब पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य केवल मरीजों का उपचार ही नहीं, बल्कि उन्हें बेहतर पोषण और सामाजिक सहयोग उपलब्ध कराना भी है। ऐसे प्रयासों से टीबी उन्मूलन अभियान को मजबूती मिलेगी। ऑल इंडिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन बिहार राज्य कमेटी ने इस अवसर पर सभी सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, उद्योगपतियों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे भी निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों के पोषण एवं उपचार में सहयोग करें और टीबी मुक्त भारत के राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

## ासपा का हुआ समीक्षा बैठक, केन्द्रीय बिहार प्रभारी ने लिया भाग

लोकतंत्र की आवाज



**चैनपुर (कैमूर)** । बहुजन समाज पार्टी का कैमूर जिला के चैनपुर विधानसभा का समीक्षा बैठक हाटा के प्रजापति वाटिका में संपन्न की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बसपा के केन्द्रीय बिहार प्रदेश प्रभारी श्रीकांत ने भाग लिया। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश जोन प्रभारी अरूण खरवार उपस्थित थे। बैठक में विधानसभा बसपा पार्टी का समीक्षा किया गया। जिसमें हर पहलुओं पर घंटों तक समीक्षा हुआ। जिस पर केन्द्रीय बिहार प्रभारी श्रीकांत ने बताया कि विधानसभा और प्रखण्ड और सेक्टर में हर पदों पर गठन हो जाना चाहिए। और वहां पर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ कर पार्टी को मजबूत करें। क्यों कि पार्टी का रिढ कार्यकर्ता ही होते हैं। इसलिए इस पर कार्यकर्ता हो या वहां के पदाधिकारी सभी को अपनी जिम्मेदारी तय करना है। उसी के आधार पर चलकर जनाधार को बढ़ाना है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे बसपा के विधानसभा अध्यक्ष सुनील कुमार ने मुख्य अतिथि श्रीकांत को बैठक में शामिल होने पर फूलमाला से स्वागत किया। और पार्टी के मार्गदर्शन में चलकर मजबूत करने के लिए दृढ़ संकल्प लिया। इस अवसर पर बसपा के जिलाध्यक्ष अयोध्या राम, संतोष कुमार, विक्रमा खरवार, अवधेश यादव, सियाराम दिनकर, बनारसी राम, सुरेन्द्र राम, विश्वभर नाथ यादव, करीम अंसारी , जितेन्द्र कैमूरी सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

# भभुआ : उच्च शिक्षा विधेयक के विरोध में एसवीपी कॉलेज भभुआ में धरना, 23 को सामूहिक अवकाश

लोकतंत्र की आवाज



**भभुआ, कैमूर**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के आह्वान पर मंगलवार को सरदार वल्लभाई पटेल महाविद्यालय, भभुआ परिसर स्थित सरदार पटेल जी की प्रतिमा के समक्ष प्रस्तावित उच्च शिक्षा विधेयक के विरोध में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया गया। शिक्षक संघ समन्वय बैनर के तले आयोजित इस धरने में महाविद्यालय के शिक्षक संघ और शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के तत्वावधान में बड़ी संख्या में शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने विधेयक को उच्च शिक्षा व्यवस्था, विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता एवं शिक्षकों-कर्मचारियों के हितों के प्रतिकूल बताया।

**स्वायत्तता पर हमला:** धरने को संबोधित करते हुए शिक्षक संघ के सचिव डॉ. अजीत कुमार राय ने कहा कि प्रस्तावित विधेयक उच्च शिक्षा संस्थानों की स्वायत्तता एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित करेगा। उन्होंने सरकार से इस विधेयक को तत्काल वापस लेने की मांग की। इस अवसर पर संयुक्त सचिव डॉ. नियाज अहमद सिद्दीकी, डॉ. अखिलेन्द्र नाथ तिवारी, डॉ. सुमित राय, डॉ. रवींद्र कुमार, डॉ. शशिभूषण कुमार, श्री केश्वर प्रसाद भारती, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. प्रियंका कुमारी मिश्रा तथा डॉ. राजकुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षक समुदाय उच्च शिक्षा की गरिमा एवं विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता की रक्षा के लिए एकजुट है।

**23 जुलाई को सामूहिक अवकाश :** शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की ओर से श्री सत्येन्द्र कुमार एवं श्री प्रदीप कुमार ने आंदोलन को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। धरने के अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 23 जुलाई 2026 को महाविद्यालय के सभी शिक्षक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे और वकसुता के आह्वान पर विश्वविद्यालय मुख्यालय, आरा में आयोजित धरना-प्रदर्शन में भाग लेकर विधेयक के विरोध को और सशक्त करेंगे।

## डॉक्टरों पर हमले के विरोध में बिहारभर में ओपीडी ठप, मरीज परेशान

लोकतंत्र की आवाज



**मोहनिया**। डॉक्टरों के साथ लगातार हो रही मारपीट की घटनाओं के विरोध में बुधवार को पूरे बिहार में सरकारी अस्पतालों की ओपीडी सेवा ठप है। हालांकि, गंभीर मरीजों के इलाज के लिए इमरजेंसी सेवा सामान्य रूप से संचालित है। ओपीडी बंद रहने से दूर-दराज से इलाज कराने पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। डॉक्टरों का कहना है कि अरवल जिले में सिविल सर्जन के साथ हुई मारपीट और कुछ दिन पहले कैमूर जिले के मोहनिया अनुमंडलीय अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के साथ हुई मारपीट की घटनाओं के बाद चिकित्सकों में भारी आक्रोश है। आरोप है कि प्रशासन की ओर से अब तक संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई है। समहूता गांव से पहुंचे एक शिक्षक ने बताया कि परिवार के पांच सदस्यों को कुत्ते के काटने के बाद एंटी रेबीज वैक्सीन की तीसरी डोज दिलाने के लिए छुट्टी लेकर अस्पताल आए थे, लेकिन यहां पहुंचने पर पता चला कि ओपीडी सेवा बंद है। इससे उन्हें काफी परेशानी हुई और बिना टीका लगवाए लौटना पड़ा। अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अविनाश सिंह ने बताया कि डॉक्टरों की सुरक्षा की मांग को लेकर पूरे बिहार में ओपीडी सेवा बंद रखी गई है। उन्होंने कहा कि अरवल और मोहनिया की घटनाओं से चिकित्सकों में नाराजगी है। यदि प्रशासन शीघ्र प्रभावी और संतोषजनक कार्रवाई नहीं करता है तो आंदोलन आगे भी जारी रह सकता है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### धान रोपाई के सीजन में किसानों पर संकट, पॉश मशीनें खराब होने से हफ्तेभर से खाद वितरण ठप, हंगामा



लोक तंत्र की अवाज़,
रत्ना।
लखनऊ। धान की रोपाई और उसमें खाद डालने के इस मुख्य सीजन में मलिहाबाद क्षेत्र के किसानों को भारी कल्लित का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र की साधन सहकारी समितियों पर पॉश मशीनें तकनीकी खराबी के कारण ठप पड़ी हैं, जिससे लगभग सप्ताहभर से खाद वितरण पूरी तरह बंद हो गया है। समय पर खाद न मिलने से किसानों की फसल पर संकट गहराने लगा है बुधवार को साधन सहकारी समिति कहला पर खाद न मिलने से आक्रोशित दर्जनों किसानों ने जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि वे कई दिनों से समिति के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन पॉश मशीन न चलने का बहाना बनाकर उन्हें खाली हाथ लौटा दिया जाता है। किसान रामकुमार, बृजेश, सुफियान, नदीम, रामेश्वर,यूनुस ने बताया धान की फसल के लिए यह समय बेहद संवेदनशील है और खाद में हो रही देरी से पैदावार पर सीधा असर पड़ेगा। केवल कहला ही नहीं, क्षेत्र की लालगंज,दौलतपुर,रहीमाबाद, खड़ता सहित अन्य साधन सहकारी समितियों का भी यही हाल है। साधन सहकारी समिति के सचिव अरविंद कुमार ने बताया समिति के पास पर्याप्त मात्रा में खाद का स्टॉक उपलब्ध है, लेकिन पिछले एक सप्ताह से पॉश मशीन में तकनीकी समस्या आने के कारण यह खुल ही नहीं रही है।

### लखनऊ यूनिवर्सिटी में बनेगा 'सेंटर फॉर डेवलपमेंट एंड पॉलिसी रिसर्च', राज्य रूपांतरण आयोग के साथ हुआ टडव



लोक तंत्र की अवाज़,
रत्ना
लखनऊ। लखनऊ वशिववद्यिालय में जल्द ही सेंटर फार डेवलपमेंट एंड पालिसी रिसर्च (सीडीपीआर) की स्थापित की जाएगी। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य रूपांतरण आयोग (एसटीसी) और लवि के बीच बुधवार को योजना भवन में एमओयू किया गया। इसका उद्देश्य यूपी को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने एवं राज्य के समावेशी व सतत विकास को डेटा-आधारित शोध व नीतिगत इनपुट से गति देना है। एमओयू के मौके पर आयोग के प्रथम सीईओ मनोज सिंह, लवि के कुलपति प्रो. जेपी सैनी, कला संकाय के डीन एवं सीडीपीआर के निदेशक प्रो. अरविंद मोहन, कुलसचिव डा. भावना मश्रिा एवं रैंकिंग सेल की निदेशक प्रो. गीतांजलि मश्रिा उपस्थित रहीं। एमओयू के तहत सीडीपीआर आगामी छह वर्षों तक राज्य सरकार के प्रमुख नीतिगत अनुसंधान केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

### पुलिस कार्यालय में भू जल सप्ताह के अवसर पर अधिकारी/ कर्मचारियों को एस पी ने जल संरक्षण की शपथ दिलाई



लोक तंत्र की आवाज,
उरई । पुलिस कैंप कार्यालय उरई में भू-जल सप्ताह के अवसर पर पुलिस अधीक्षक जालौन विनय कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय मे कार्यरत समस्त अधि0/कर्म0गण को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। ₹जल शक्ति अभियान : कैच द रेन₹ को जन-जन तक पहुँचाने व जल की प्रत्येक बूंद के संरक्षण का संकल्प लिया गया।।

# छात्रा सुमन कुमारी की हत्या के विरोध में आइसा-आरवाईए ने निकाला कैंडल मार्च

लोक सेवा की आवाज,




**पूसा/समस्तीपुर।** प्रखंड के वैनी थाना क्षेत्र के कैजिया गांव की 12वीं की छात्रा सुमन कुमारी की स्कूल जाते समय दिनदहाड़े गोली मारकर की गई नर्मिम हत्या के विरोध में मंगलवार की शाम आइसाझआरवाईए के संयुक्त बैनर तले वैनी पूसा रोड बाजार में स्टेशन होते हुए कैंडल मार्च निकालकर खुदीराम बोस स्टैचू के समीप सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता आरवाईए प्रखंड सचिव डॉ. मुकेश कुमार व संचालन आरवाईए नेता गणेश यादव ने किया। छात्र-युवाओं ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर दिवंगत छात्रा को श्रद्धांजलि दी और "सुमन को न्याय दो", "बेटियों की सुरक्षा सुनश्चिति करो" तथा "अपराधियों को गिरफ्तार करो" के नारे लगाए।कैंडल मार्च के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए आरवाईए के जिला सचिव रौशन कुमार ने कहा कि बिहार में भाजपाझजदयू सरकार के शासन में अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है। हत्या, लूट, महिलाओं और छात्राओं पर हमले आम बात हो गए हैं, जबकि सरकार कानून-व्यवस्था के नाम पर सर्फ़ि प्रचार कर रही है। जिस राज्य में छात्राएं स्कूल जाते समय भी सुरक्षित नहीं हों, वहां सरकार के सुशासन के दावे पूरी तरह खोखले साबित हो चुके हैं। आगे उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला तो आइसा, आरवाईए संयुक्त रूप से पूरे जिले में व्यापक लोकतांत्रिक जनआंदोलन छेड़ेंगे, जिसकी पूरी जम्मिेदारी भाजपाझजदयू सरकार और जिला प्रशासन की होगी।भाकपा (माले) पूसा प्रखंड सचिव अमित कुमार ने कहा कि सुमन कुमारी की हत्या केवल एक छात्रा की हत्या नहीं, बल्कि बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा के अधिकार और कानून के राज पर हमला है। यह घटना पूरे समाज को झकझोर देने वाली है। सरकार की अपराध के प्रति लापरवाही और अपराधियों के खिलाफ कमजोर कार्रवाई ने उनके हौसले बुलंद कर दिए हैं। अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी कर फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से कठोर सजा सुनश्चिति की जाए। आरवाईए प्रखंड सचिव डॉ. मुकेश कुमार ने मांग की कि पीड़ित परिवार को ₹50 लाख का मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, परिवार की सुरक्षा तथा वद्यिालयों और महावद्यिालयों के मार्गों पर स्थायी पुलिस गश्ती एवं छात्राओं की सुरक्षा की प्रभावी व्यवस्था की जाए। कैंडल मार्च में भाकपा-माले प्रखंड कमिटी सदस्य जितेंद्र राय, मो. आले,मो. आसेद व



आइसा-आरवाईए नेता गणेश यादव, राजीव कुमार, मनदीप कुमार, अभिषेक कुमार, रंजन कुमार, राकेश कुमार, राजकुमार, अभिषेक कुमार नयन कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-युवा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

## नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख की ठगी का आरोप, शिक्षक पर कार्रवाई की मांग

लोक तंत्र की आवाज,

**बिहारशरीफ।** सिलाव थाना में दो माह पहले दर्ज ठगी के मामले में अब तक कार्रवाई नहीं होने से पीड़ित ने पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के नानंद दक्षिणी टोला निवासी मनोज कुमार प्रभाकर ने गिरियक प्रखंड के वष्णिुपुर प्राथमिक वद्यिालय में कार्यरत शक्षिक ब्रजेश कुमार पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 10 लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया है।पीड़ित का आरोप है कि शिक्षक ने सरकारी नौकरी दिलाने का भरोसा देकर उससे 10 लाख रुपये लिए। जब नौकरी नहीं लगी और रुपये वापस मांगे गए तो आरोपित द्वारा धमकी दी जाने लगी। इस संबंध में सिलाव थाना में दो माह पहले प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।वष्णिुपुर प्राथमिक वद्यिालय की प्रधानाध्यापिका उपासना कुमारी ने बताया कि ब्रजेश कुमार अवकाश पर थे। अवकाश समाप्त होने के बाद भी वे वद्यिालय नहीं लौटे हैं। इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है।वहीं, पीड़ित मनोज कुमार प्रभाकर का कहना है कि गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपित शिक्षक फरार चल रहे हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द गिरफ्तारी कर न्याय दिलाने की मांग की है।इस संबंध में सिलाव थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## रजौली में भावुक माहौल में मनाई गई भाजपा के पूर्व महामंत्री स्व. निरंजन प्रसाद की 26वीं पुण्यतिथि

लोकतंत्र की आवाज,



**राजेश कुमार सन्हिा।**
**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के जाने-माने भाजपा के पूर्व महामंत्री एवं प्रतष्ठिति समाजसेवी स्वर्गीय निरंजन प्रसाद उर्फ नक्कू लाल की बुधवार को 26वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनके बभन टोली स्थित पैतृक आवास पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जहां उनके कृतत्वि को याद करने के लिए परिवार के सदस्य, रश्तिेदार और शुभचिंतक एकत्रित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय निरंजन प्रसाद के तैलचत्रि पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके उपरांत, उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और उन्हें नम आंखों से अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस विशेष अवसर पर स्वर्गीय प्रसाद के परिजनों और मत्रिों की उपस्थिति ने माहौल को बेहद भावुक बना दिया।उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में उनके बड़े बेटे सह अधिवक्ता संजय कुमार, अजय कुमार चुन्नू, पत्रकार राजेश कुमार, अंकित कुमार, शिवम कुमार एवं पूर्व उप मुखिया अंचला कुमारी सन्हिा सहित परिवार के अन्य सदस्य एवं करीबी मत्रि शामिल रहे, जन्हिोंने उनके सामाजिक योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया।

## बीज विक्रेताओं के लिए बड़ा अपडेट 'साथी' पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य

लोक तंत्र की अवाज़,



**रत्ना।**
**लखनऊ।** जिले के सभी बीज उत्पादकों, निजी व सहकारी बीज प्रसंस्करण इकाइयों तथा थोक और खुदरा बीज वक्रिताओं के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के साथी पोर्टल पर 31 जुलाई तक आनलाइन पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। तय तिथि तक पंजीकरण नहीं कराने वाले बीज कारोबारियों के लाइसेंस निलंबित या निरस्त किए जा सकते हैं।जिला कृषि अधिकारी डा.मेनका ने बताया कि साथी पोर्टल के माध्यम से बीज उत्पादन से लेकर किसानों तक पहुंचने वाली सप्लाई चेन का डिजिटल रिकार्ड तैयार किया जाएगा। इससे बीजों की खरीद-बक्रिी और वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी तथा नकली और अमानक बीजों की बक्रिी पर प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी।

## तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत पत्नी और तीन बच्चे हुए बेसहारा, चालक फरार

लोक तंत्र की आवाज,



**उरई जालौन ।** उरई कोतवाली क्षेत्र में झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे-27 पर मंगलवार सुबह तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक डंपर समेत फरार हो गया, जबकि पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।
मृतक की पहचान कालपी कोतवाली क्षेत्र के बैरई गांव निवासी चंद खान (35) के रूप में हुई है। वह अपने गांव में किराने की दुकान चलाते थे। मंगलवार सुबह चंद खान किसी आवश्यक कार्य से बैरई से उरई जा रहे थे। उरई कोतवाली क्षेत्र में झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे 27 पर नवीन गल्ला मंडी के पास पहुंचने पर एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि चंद खान ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। कालपी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है और मामले की जांच में जुट गई है।चंद खान की मौत से उनके परिवार पर गहरा असर पड़ा है। वह अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को छोड़ गए हैं। परिजनों ने बताया कि चंद खान ही परिवार के मुख्य कमाने वाले थे। उनकी असामयिक मृत्यु से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

## पूर्व प्रधान के भाई की ट्रक से दब कर मौत, सड़क पार करते समय हुआ हादसा, ड्राइवर गिरफ्तार

लोक तंत्र की आवाज,




**कदौरा जालौन ।** कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम उदनपुर में बुधवार दोपहर सड़क हादसे में 50 वर्षीय महेश की मौत हो गई। वह उदनपुर इंटर कॉलेज के सामने सड़क पार कर रहे थे, तभी खाद से लदे ट्रक की चपेट में आ गए। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**ट्रक स्टार्ट होते ही हुआ हादसा:** महेश बुधवार दोपहर इंटर कॉलेज के सामने सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे खड़े खाद से लदे ट्रक को चालक ने स्टार्ट कर आगे बढ़ाया। ट्रक के अचानक चलने से महेश उसकी चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार नहीं हुआ। उसने खुद को ग्रामीणों के हवाले कर दिया। चालक ने बताया कि ट्रक पहले से बंद खड़ा था। उसे स्टार्ट कर आगे बढ़ाते समय उसे यह जानकारी नहीं थी कि ट्रक के पास कोई व्यक्ति मौजूद है, जिसके चलते यह हादसा हो गया।

**परिवार में मचा कोहराम:** महेश की मौत की खबर मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी पत्नी राजकुमारी, पुत्र आयुष और पुत्री प्रांशी का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, मृतक के भाई एवं पूर्व प्रधान कल्लू भी घटना से गहरे सदमे में हैं।

**तहरीर मिलने पर दर्ज होगा मुकदमा**

ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार
सूचना मिलते ही कदौरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे में शामिल ट्रक को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी परमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की है। ट्रक और चालक को हिरासत में ले लिया गया है। फिलहाल परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सिविल सर्जन से मारपीट के विरोध में जिलेभर के डॉक्टरों का आक्रोश, ओपीडी सेवा रही ठप

लोक तंत्र की आवाज।



**बिहारशरीफ।** अरवल के सिविल सर्जन के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध में बुधवार को बिहारशरीफ सदर अस्पताल समेत जिले के सभी सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों ने ओपीडी सेवा ठप कर दी।चिकत्सिकों के विरोध प्रदर्शन के कारण दिनभर मरीजों को इलाज के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक दक्कित दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आए बुजुर्गों, बच्चों और गर्भवती महिलाओं को हुई।सुबह से ही बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए सदर अस्पताल और अन्य सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में पहुंच गए थे। कई मरीज पर्ची बनवाकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे।इसी बीच उन्हें जानकारी मिली कि चिकत्सिक विरोध स्वरूप ओपीडी सेवा का बहष्किार कर रहे हैं और मरीजों का इलाज नहीं होगा। यह सुनते ही मरीजों में मायूसी छा गई।कई मरीज घंटों तक अस्पताल परिसर में बैठकर इस उम्मीद में इंतजार करते रहे कि शायद डॉक्टर सेवा बहाल कर मरीजों का उपचार शुरू कर दें, लेकिन पूरे दिन ओपीडी सेवा बंद रहने से उन्हें बिना इलाज कराए ही लौटना पड़ा। इससे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी।चिकत्सिकों ने कहा कि अरवल में सिविल सर्जन के साथ हुई मारपीट की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। चिकत्सिकों की सुरक्षा सुनश्चिति करना सरकार और प्रशासन की जम्मिेदारी है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तथा अस्पतालों में डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था करने की मांग की। वहीं, ओपीडी बंद रहने से जिले के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं दिनभर प्रभावित रहीं।

## हाशिमपुरा में ग्राम समाज की भूमि के पट्टों को लेकर विवाद गहराया ग्रामीणों ने प्रधान पर धन लेने का लगाया आरोप: असद सिद्दिकी

लोक तंत्र की आवाज,



**देवबंद।** क्षेत्र के हाशिमपुरा गांव में ग्राम समाज की भूमि के कथित पट्टों को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। गांव के तीन निवासियों ने ग्राम प्रधान अब्दुल सत्तार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनसे ग्राम समाज की भूमि पर पट्टा दिलाने के नाम पर नकद धनराशि ली गई, लेकिन न तो उनके नाम पट्टे किए गए और न ही उनकी रकम वापस की जा रही है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों के बयान सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहे हैं।शिमपुरा निवासी साजिद, परवेज़ और अब्दुल कय्यूम ने आरोप लगाया कि वक्फ दारुल उलूम के सामने स्थित लगभग डेढ़ बीघा ग्राम समाज की भूमि में पट्टा कराने के नाम पर ग्राम प्रधान अब्दुल सत्तार ने उनसे अलग-अलग रकम प्राप्त की थी। आरोप के अनुसार साजिद से 65 हजार रुपये, परवेज़ से 40 हजार रुपये तथा अब्दुल कय्यूम से 20 हजार रुपये नकद लिए गए थे।
ग्रामीणों का कहना है कि उनके पास इस लेन-देन से संबंधित गवाह भी मौजूद हैं, जो आवश्यकता पड़ने पर प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष अपने बयान देने को तैयार हैं। उनका आरोप है कि काफी समय बीत जाने के बावजूद न तो उनके नाम पट्टे जारी किए गए और न ही उनकी धनराशि लौटाई गई। आरोप लगाने वाले ग्रामीणों ने यह भी कहा कि जब उन्होंने अपनी रकम वापस मांगने का प्रयास किया तो उन्हें कथित रूप से झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियां दी गईं। उन्होंने प्रशासन से मामले नष्पिक्ष जांच कर कर न्याय दिलाने की मांग की है। इस प्रकरण को लेकर सोशल मीडिया पर भी चर्चाओं का दौर जारी है वायरल वीडियो और बयानों में संबंधित ग्रामीण अपने आरोपों को सार्वजनिक रूप से दोहराते हुए दिखाई दे रहे हैं जिससे मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं दूसरी और ग्राम प्रधान अब्दुल सत्तार में अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपी को निराधार बेगुनियाद बताया।अब सभी की निगाहें प्रशासन की ओर है कि वह शिकायतों ओर आरोपों की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करें यदि संबंधित पक्षों द्वारा प्रशासन को लिखित शिकायत दी जाती है तो जांच के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सकेगी । समाचार में लगाए गए आरोप संबंधित व्यक्तियों के बयानों पर आधारित हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### श्रीराधे नवयुवक मंडल कहार समाज की बैठक सम्पन्न-मंदिर उद्घाटन व प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को मिली गति



लोकतंत्र की आवाज
शिवराज बारवाल मीना

टोंक/जयपुर। श्रीराधे नवयुवक मंडल कहार समाज एवं मंदिर निर्माण समिति, कैथून की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्माणाधीन मंदिर के भव्य उद्घाटन (डोरा) तथा समाज के प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। समिति अध्यक्ष जीतमल मलिया ने बताया कि बैठक में उद्घाटन समारोह एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन के प्रचार–प्रसार के लिए पंपलेट, बैनर और पोस्टर छपवाने का निर्णय लिया गया। साथ ही निर्माणाधीन मंदिर का शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के लिए भरत कहार (ठेकेदार) को निर्माण कार्य सौंपने के प्रस्ताव पर भी विचार–विमर्श किया गया। बैठक के दौरान टोंक जिले के नवनियुक्त कहार समाज जिलाध्यक्ष सायर लाल कीर (सरोवराबाद) का समाज की ओर से अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सायर लाल कीर ने आगामी सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्पूर्ण शक्कर की व्यवस्था तथा प्रत्येक कन्या को चांदी की अंगूठी भेंट करने की घोषणा की, जिसका उपस्थित समाजबंधुओं ने स्वागत किया। बैठक में टोंक जिलाध्यक्ष सायर लाल कीर, कैथून कहार समाज अध्यक्ष जीतमल मलिया, युवा नेता जितेन्द्र धीवर, भरत ठेकेदार, नरेश मोरी, श्याम बड़गूजर, महावीर मलिया, भंवरलाल बड़गूजर, मुकेश सिकरवाल, दुर्गाशंकर मलिया, मोहन मलिया, हरिओम धीवर, रामलाल मोरी, जगदीश धीवर सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

### नीट पेपर लीक व छात्रों पर कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन-टोंक में मोदी सरकार का पुतला दहन



लोकतंत्र की आवाज
शिवराज बारवाल मीना

टोंक। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी तथा एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी, टोंक विधायक सचिन पायलट के निर्देशानुसार बुधवार को देहात एवं शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, टोंक के संयुक्त तत्वावधान में छावनी सर्किल पर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध–प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार का पुतला दहन कर अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि नीट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं से लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है।उन्होंने इस मामले की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने दिल्ली में छात्रों पर हुई कथित बर्बर कार्रवाई की निंदा करते हुए इस विषय पर संसद में विस्तृत चर्चा कराने की मांग की। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से छात्रों पर हुई कार्रवाई के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की भी मांग उठाई।प्रदर्शन में पूर्व जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, दिनेश चौरसिया, शब्बीर भाई पार्षद, अल्का बैरवा, एडवोकेट देवकरण गुर्जर, मनिंदर बैरवा, धर्मेंद्र सालोदिया, देहात ब्लॉक अध्यक्ष कैलाशी मीना, शहर अध्यक्ष इरशाद बेग, जर्रार भाई, नवीन बैरवा, इमरान पहलवान, विभिन्न मंडल अध्यक्ष, आकाश बैरवा, आबिद मेव, राजेन्द्र बोकण, महेन्द्र बैरवा, सुरेन्द्र (सेवादल), मनीष चौकी, विष्णु बैरवा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### उनियारा में लग्जरी गेस्ट हाउस पर डीएसटी टीम की बड़ी कार्रवाई-जुआ खेलते सात गिरफ्तार-एक लाख से अधिक नकदी सहित कार, बाइक और 8 मोबाइल जब्त

लोकतंत्र की आवाज
शिवराज बारवाल मीना

टोंक/उनियारा। जिले के उनियारा थाना क्षेत्र के कस्बा उनियारा में जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) एवं उनियारा थाना पुलिस ने मंगलवार को संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक गेस्ट हाउस में चल रहे जुए के अड्डे पर दबिश देकर सात लोगों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने मौके से 1 लाख 12 हजार 700 रुपये नकद, ताश के पत्ते, स्कॉर्पियो, डिजायर कार, एक बाइक तथा 8 मोबाइल फोन सहित अन्य सामान जब्त किया है। जबकि गेस्ट हाउस संचालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी हैं। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक टोंक रोशन मीणा (आईपीएस) के निर्देशन तथा एएसपी रतनलाल भार्गव एवं उनियारा डीएसपी अशोक कुमार कानखेडिया के सुपरविजन में मंगलवार को कस्बा उनियारा में सवाई माधोपुर रोड स्थित लग्जरी गेस्ट हाउस पर चुंगी नाका के समीप की गई। सूचना मिलने पर डीएसटी और उनियारा थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से दबिश दी, जहां कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपये का दांव लगाकर जुआ खेलते मिले। पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपियों में मनराज गुर्जर (30) निवासी महुआ, थाना अलीगढ़, ओमप्रकाश मीणा (40) निवासी सहादतनगर, थाना अलीगढ़, राकेश प्रजापत (35) निवासी सोप, चेतराम मीणा (34) निवासी बेलनगंज, थाना इंद्रगढ़ (बूंदी), फिरोज (30) निवासी सोप, राजेंद्र माली (40) निवासी अलीगढ़ तथा राधेश्याम माली (40) निवासी अलीगढ़ को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नकदी, मोबाइल फोन, ताश के पत्ते, वाहन तथा अन्य सामग्री जब्त कर प्रकरण दर्ज कर लिया है।वहीं गेस्ट हाउस संचालक दीपक उर्फ सत्यानारायण साहू निवासी वार्ड नं. 6, उनियारा की तलाश की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल योजना के अंतर्गत 27 जुलाई को दिव्यांगजनों का एक दिवसीय शारीरिक परीक्षण शिविर का आयोजन

लोक तंत्र की आवाज

उरई जालौन। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र दिनांक 20 जुलाई 2026 के द्वारा अवगत कराया गया है कि एलिम्को कानपुर द्वारा भारत सरकार की एडिप योजनान्तर्गत जनपद जालौन में निवासरत दिव्यांगजनों हेतु रनि:शुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल योजनार के अंतर्गत एक दिवसीय चिन्हांकन / शारीरिक परीक्षण शिविर दिनांक 27 जुलाई 2026 को जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय, कलेक्ट्रेट कैम्पस, डी0पी0आर0ओ0 भवन उरई में प्रातः 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। पात्रता–दिव्यांगजनों की शारीरिक रूप से दृष्टि और मानसिक स्थिति अच्छी हो एवं कमर का ऊपरी भाग स्वस्थ्य हो जो ई–ट्राईसाइकिल चलाने में सक्षम हो। योजनान्तर्गत उन्हीं दिव्यांगजनों को लाभ दिया जाएगा जिनको विगत 05 वर्ष की अवधि में किसी भी स्त्रोतों से मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्राप्त न हुई हो।

# महंत प्रताप पुरी का सद्गुरु आश्रम टोंक आगमन: सनातन, राष्ट्र निर्माण और युवा चेतना पर संतों का मंथन

लोकतंत्र की आवाज





**गुरुदेव पंडित राजकुमार शर्मा के साथ भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता, संस्कारयुक्त शिक्षा और राष्ट्रहित पर हुई विस्तृत चर्चा–युवाओं से संस्कृति एवं राष्ट्रसेवा को जीवन का आधार बनाने का आह्वान**

**शिवराज बारवाल मीना**

**टोंक।** सद्गुरु आश्रम, टोंक में बुधवार को आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रभावना का प्रेरणादायी संगम देखने को मिला। पूज्य महंत प्रताप पुरी महाराज के आश्रम आगमन पर वैदिक मंत्रोच्चार, पुष्पवर्षा और पारंपरिक सम्मान के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में महंत प्रताप पुरी एवं पूज्य गुरुदेव पंडित राजकुमार शर्मा के मध्य सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति, राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता, युवा जागरण तथा संस्कारमूलक शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत मंथन हुआ।

महंत प्रताप पुरी ने कहा कि सनातन धर्म केवल आस्था नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता को सत्य, करुणा, सेवा, त्याग, सहिष्णुता और राष्ट्रभक्ति का मार्ग दिखाने वाला शाश्वत जीवन-दर्शन है। उन्होंने कहा कि भारत की आध्यात्मिक परंपरा ने विश्व को सदैव शांति और मानव कल्याण का संदेश दिया है तथा युवा पीढ़ी यदि अपने धर्म, संस्कृति और इतिहास से जुड़ी रहेगी तो भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ेगा।

पूज्य गुरुदेव पंडित राजकुमार शर्मा ने कहा कि सनातन संस्कृति भारत की आत्मा और राष्ट्रजीवन का आधार है। समाज में नैतिकता, सेवा, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम को मजबूत बनाने के लिए आध्यात्मिक चेतना एवं संस्कारयुक्त जीवनशैली को जन-जन तक पहुँचाना आवश्यक है। उन्होंने आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय ज्ञान परंपरा, वेद, उपनिषद, श्रीमद्भगवद्गीता, रामायण तथा महापुरुषों के आदर्शों के अध्ययन को समय की आवश्यकता बताया। दोनों संतों ने सामाजिक समरसता, परिवार व्यवस्था के संरक्षण, गौसंवर्धन, पर्यावरण संरक्षण, नारी सम्मान, सेवा कार्यों के विस्तार तथा राष्ट्रहित में संत समाज की सक्रिय भूमिका पर बल देते हुए कहा कि वर्तमान सामाजिक एवं सांस्कृतिक चुनौतियों का समाधान भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों में निहित है। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग से जाति, पंथ, भाषा और क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्र और मानवता के हित में कार्य करने का आह्वान किया। महंत प्रताप पुरी ने सद्गुरु आश्रम द्वारा अध्यात्म, संस्कार, शिक्षा, गौसेवा, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए आश्रम परिवार को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। वहीं गुरुदेव पंडित राजकुमार शर्मा ने कहा कि संतों का सान्निध्य समाज में सकारात्मक सोच, नैतिक जागरण और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा का सशक्त माध्यम है।

इस अवसर पर आश्रम के संतगण, विद्वतजन, गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद्, युवा, मातृशक्ति, भाजपा नेता खुमान सिंह, गोविन्द सोनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष मनीष बंसल, महामंत्री आनंद बंम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने राष्ट्र, धर्म, संस्कृति और मानवता की सेवा के संकल्प के साथ संतों के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया।

## टोंक में चोरी के वाहनों पर पुलिस का बड़ा शिकंजा-6 थानों की संयुक्त कार्रवाई में 50 कबाड़ियों को नोटिस



लोकतंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**

**टोंक।** टोंक जिले सहित अन्य जिलों से चुराए गए चोरी के वाहनों को काटकर उनके पुर्जे बेचने की सूचना पर टोंक पुलिस ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए धन्ना तलाई स्थित कबाड़ बाजार में व्यापक सर्च अभियान चलाया। जिला पुलिस, परिवहन विभाग और डीएसटी टीम सहित छह थानों की संयुक्त कार्रवाई करीब आठ घंटे तक चली। पुलिस के पहुंचते ही कई कबाड़ी अपनी दुकानें और गोदाम बंद कर मौके से निकल गए।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने बड़ी संख्या में संदिग्ध वाहन, इंजन, चेसिस और अन्य वाहन पार्ट्स की जांच की। करीब 50 कबाड़ियों को नोटिस जारी कर उनके पास रखे वाहनों एवं पुर्जों का रिकॉर्ड और दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।पुलिस ने इंजन और चेसिस नंबरों का मिलान कर वाहनों की वैधता की भी जांच की।प्रारंभिक जांच में कई वाहन और पार्ट्स संदिग्ध पाए गए।पुलिस को आशंका है कि इनमें से कुछ चोरी के वाहनों के हो सकते हैं। इसी आधार पर अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह की संभावित भूमिका की भी जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का मानना है कि राजस्थान सहित अन्य राज्यों से चोरी के दोपहिया और अन्य वाहनों को यहां लाकर काटा जाता है और बाद में उनके पुर्जे अलग-अलग स्थानों पर बेच दिए जाते हैं। यह अभियान पुलिस उपाधीक्षक टोंक मृत्युंजय मिश्रा की निगरानी में चलाया गया। कार्रवाई में कोतवाली, पुरानी टोंक, सदर टोंक, मेहंदवास, बरौनी और पीपलू थाना पुलिस, डीएसटी टीम, पुलिस लाइन के जवान तथा परिवहन विभाग के अधिकारी शामिल रहे। मौके पर जिला परिवहन अधिकारी संपत राम वर्मा, कोतवाली थाना प्रभारी भंवरलाल वैष्णव एवं बरौनी थाना प्रभारी जयमल सिंह भी मौजूद रहे। डीएसपी मृत्युंजय मिश्रा ने कहा कि वैध कारोबार करने वालों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी, लेकिन चोरी का माल खरीदने, छिपाने या बेचने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जनपद जालौन के उरई में 25 जुलाई को माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का संभावित दौरा



लोक तंत्र की आवाज

**उरई जालौन।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथ जी का जिले में सम्भावित दौरा,25 जुलाई को आ सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित दौरे को लेकर प्रशासन की नीद हराम कमिश्नर व आईजी नेआगमन स्थल का किया निरीक्षण और परखीं व्यवस्थाएं, डीएम–एसपी ने सम्भाला मोर्चा, सीएम के आगमन की कमान, स्वयं डी एम राजेश कुमार पांडेय व पुलिस अधीक्षक जालौन विनय कुमार सिंह ने मौजूद होकर व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण कर जायजा ले रहे उरई के गल्ला मंडी य इंदिरा स्टेडियम में आ सकते हैं सीएम। जिस जगह पर सी एम का हैलीपेड़ उतरना उस जगह को सही से बनवाने में लगे डी एम एस पी,, संभावित दौरे को लेकर और सी एम योगी जी के आगमन पर नवीन गल्ला मंडी कालपी रोड पर सभा स्थल तैयार किया जा रहा मंडलायुक्त झांसी मंडल झांसी विनय कुमार द्विवेदी व आई जी झांसी आकाश कुलहरि ने सभा स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

## जालौन: 2027 के चुनाव की तैयारी के लिए भारतीय जनता पार्टी ने बूथ सम्मलेन आयोजित किया

लोक तंत्र की आवाज



**जालौन।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा स्तर पर चलाए जा रहे अभियानों के तहत आज उरई विधानसभा का विशाल बूथ अध्यक्ष सम्मेलन शहर के मयूर गार्डन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर विधायक उरई गौरीशंकर वर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री संजीव श्रृंग ऋषि उपस्थित रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संजीव श्रृंग ऋषि ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर के माइक्रोमैनेजमेंट और सोशल इंजीनियरिंग का गुरुमंत्र दिया। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव की रणनीति के केंद्र में बूथ अध्यक्ष की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है और मजबूत बूथ संरचना व कुशल बूथ प्रबंधन ही भाजपा की सुनिश्चित विजय का आधार बनेगा। उन्होंने संगठन को गति देने के लिए नियमित बैठकें करने, लिखित रजिस्टर मेंटेन करने, अभियानों की समीक्षा के साथ आगामी कार्ययोजना तैयार करने और कार्यकर्ताओं को उनकी क्षमता के अनुसार दायित्व सौंपने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि "मेरा बूथ, सबसे मजबूत" के संकल्प के साथ बूथ अध्यक्षों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भाव होना चाहिए और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाना ही मुख्य लक्ष्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने सभी बूथ अध्यक्षों का आह्वान करते हुए कहा कि संगठन द्वारा तय किए गए प्रत्येक कार्यक्रम को पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और प्रतिबद्धता के साथ धरातल पर उतारें, क्योंकि भाजपा का कार्यकर्ता अपने परिश्रम से किसी भी परिस्थिति को अनुकूल बनाने का सामर्थ्य रखता है। इस सम्मेलन में जिला महामंत्री प्रशांत द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष विनोद अहिरवार, रेखा वर्मा, धीरज बाथम, मनोज यादव, बड़ी संख्या में उरई विधानसभा क्षेत्र के बूथ अध्यक्ष (जालौन) प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## उनियारा में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन, पेपर लीक और छात्र मुद्दों पर मोदी सरकार के खिलाफ पुतला दहन

लोकतंत्र की आवाज



**शिवराज बारवाल मीना**

**टोंक/उनियारा।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा एवं टोंक-सवाई माधोपुर सांसद हरीश चन्द्र मीणा के निर्देशानुसार तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उनियारा के अध्यक्ष प्रकाशचंद धाकड़ के नेतृत्व में बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया।

धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे, दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों एवं युवाओं पर दर्ज मुकदमों की वापसी, इस मुद्दे पर संसद में चर्चा कराने तथा प्रधानमंत्री से छात्रों से माफी मांगने की मांग की।वक्ताओं ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों से देश के करोड़ों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है।युवाओं को न्याय दिलाने और उनकी आवाज़ बुलंद करने के लिए कांग्रेस पार्टी निरंतर संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाशचंद धाकड़, हरीश मीणा खोहल्या, गुलाब जी प्रधान, नरेश गुर्जर (चेयरमैन), जगदीश बैरवा (उप प्रधान), नंदकिशोर साहू, धर्मराज चतरपुरा, हनुमान डीआर, फोरूलाल सीआर, फूलचंद मीणा, राजूलाल चौधरी (सीआर), सत्यनारायण गुर्जर, लोकेश मीणा, देवकिशन गुर्जर, अनीश लुहार, सरताज, जुनैद, धर्मप्रकाश, नरेंद्र बरियारा, सीताराम मीणा, वीरसिंह मीणा (खोहल्या), मनोज मीणा, मंकेश मीणा, लक्ष्मण मीणा, रामभरोस मीणा, ताराचंद सैनी, श्याम सुंदर जैन, हनुमान मीणा, केदारलाल एवं अज्जू सहित कार्यकर्ता और युवा मौजूद रहे।

## कोच विकास खंड में फर्जी बाड़ा कर की है धांधली बीवी जीरामजी में नाबालिगों के नाम पर भुगतान की जांच शुरू

लोक तंत्र की आवाज



**उरई/ कोंच।** विकास खंड की ग्राम पंचायत घुसिया में बीवी जीरामजी योजना के तहत नाबालिगों के नाम पर फर्जी बड़ा व धांधली कर जॉब कार्ड बनाकर भुगतान किए जाने की शिकायत पर मंगलवार को एस डी एम व अन्य अधिकारियों की टीम गांव पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

गौरतलब है कि सोमवार को ग्रामीणों ने एसडीएम अभिनव कुमार यादव से शिकायत कर आरोप लगाया था कि बीवी जीरामजी/ मनरेगा योजना में नाबालिगों के नाम पर जॉब कार्ड बनाकर फर्जी बाड़ा कर सरकारी धन का भुगतान किया गया है।

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों के निर्देश पर मंगलवार को श्रम अधिकारी जगदीश वर्मा, एएसटी थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार, एडीओ पंचायत देवेंद्र सिंह निरंजन, ग्राम सचिव पवन कुमार सहित अन्य अधिकारी गांव पहुंचे। जांच टीम ने शिकायतकर्ताओं एवं ग्रामीणों से बातचीत कर जानकारी जुटाई और संबंधित अभिलेखों की भी पड़ताल की। जांच अधिकारी जगदीश वर्मा ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की गई है।

जांच रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी, जिसके बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी लेकिन मजे की बात तो यह है कि सचिव व ए डी ओ पंचायत द्वारा जांच कराई जा रही जो जांच मे कुछ भी घोटाले का मामला निकल कर नहीं आयेंगे ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की उच्य स्तरीय अधिकारियों से विभागीय अधिकारियों को छोड़कर जांच कराई जाने की मांग की , एस डी एम रिंकू सिंह राही द्वारा जांच की मांग की जिलाधिकारी से।

## टोंक : स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर पंडित राजकुमार शर्मा का भावभीना सम्मान, शिक्षा समिति को ₹51 हजार की भेंट

लोकतंत्र की आवाज



**शिवराज बारवाल मीना**

**टोंक।** जिले के प्रख्यात विद्वान, ज्योतिषाचार्य एवं भविष्य ज्ञाता पंडित राजकुमार शर्मा को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, ककराजकलां (कीरों की ढाणी) में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में विद्यालय परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ ने पंडित राजकुमार शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी हर्षिता शर्मा का साफा, माला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुमन चौधरी के स्थानांतरण पर भी उन्हें माला, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी अतिथियों एवं स्टाफ के लिए स्नेहभोज का आयोजन किया गया। अपने संबोधन में पंडित राजकुमार शर्मा ने विद्यालय में बिताए वर्षों को याद करते हुए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने शिक्षा के विकास में सहयोग देते हुए शाला शिक्षा समिति को ₹51,000 की राशि भेंट की, जिसकी उपस्थित जनों ने सराहना की। कार्यक्रम के दौरान पंडित राजकुमार शर्मा ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।इस अवसर पर मुकेश कश्यप (पार्षद), रमेश महावर, अरविन्द त्रिपाठी (प्रधानाध्यापक), हनुमान चौधरी, सेफुला खान, बद्रीलाल कीर, गंगाराम, रामप्रकाश, दिनेश मेहरा सहित अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षक एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

## हाईकोर्ट से अंतरिम राहत मिलने पर बिलोता पंचायत के पूर्व सरपंच एवं प्रशासक सुरेश मीणा की बहाली की उम्मीद

लोकतंत्र की आवाज





**शिवराज बारवाल मीना**

**टोंक/उनियारा।** पंचायत समिति उनियारा मुख्यालय अलीगढ़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिलोता के पूर्व सरपंच एवं प्रशासक सुरेश मीणा को राजस्थान हाईकोर्ट, जयपुर पीठ से अंतरिम राहत मिली है। न्यायालय ने 20 जुलाई 2026 को पारित आदेश में 9 जुलाई 2026 के पदमुक्ति आदेश के प्रभाव एवं संचालन पर अंतरिम रोक (स्टे) लगा दी है। इसके साथ ही मामले में राज्य सरकार सहित संबंधित प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर अगली सुनवाई पर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

याचिकाकर्ता सुरेश मीणा की ओर से अधिवक्ता रवि कुमार पलसानिया ने न्यायालय के समक्ष पक्ष रखते हुए तर्क दिया कि पदमुक्ति की कार्रवाई विधिसम्मत जांच एवं प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन किए बिना की गई। न्यायालय ने प्रथम दृष्टया इन तथ्यों को विचारणीय मानते हुए अंतरिम राहत प्रदान की। हाईकोर्ट की खंडपीठ के न्यायाधीश आनन्द शर्मा ने राज्य सरकार के प्रतिवादियों में मुख्य सचिव, सहायक आयुक्त एवं उप सचिव (द्वितीय) पंचायती राज, जिला कलेक्टर टोंक सहित जिला परिषद टोंक के सीईओ को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई पर अपना जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। सुरेश मीणा ने प्रशासन से आदेश की शीघ्र पालना एवं उन्हें प्रशासक पद पर पुनः कार्यभार सौंपने की अपेक्षा व्यक्त की है।

**■ राजस्थान हाईकोर्ट ने पदमुक्ति आदेश के प्रभाव एवं संचालन पर लगाई अंतरिम रोक-राज्य सरकार को नोटिस जारी; प्रशासन ने कहा- जांच के बाद हुई थी विधिक कार्रवाई**

वहीं जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, सुरेश मीणा के विरुद्ध पदमुक्ति की कार्रवाई जांच के उपरांत राज्य सरकार के अनुमोदन के बाद नियमानुसार की गई थी।प्रशासन का कहना है कि मनरेगा कार्यों में कथित रूप से मृत श्रमिकों के नाम पर रोजगार दर्शाना गंभीर अनियमितता एवं कानून का उल्लंघन है। इतना ही नहीं अन्य जांचे भी ग्राम पंचायत बिलौता के विरूद्ध लंबित हैं। प्रशासन और राज्य सरकार का पक्ष है कि इस संबंध में उपलब्ध तथ्यों एवं अभिलेखों के आधार पर की गई कार्रवाई का विस्तृत जवाब माननीय हाईकोर्ट के समक्ष आगामी सुनवाई में प्रस्तुत किया जाएगा। गौरतलब है कि हाईकोर्ट द्वारा दी गई राहत अंतरिम है। मामले का अंतिम निर्णय न्यायालय में लंबित सुनवाई और दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद ही होगा। फिलहाल पदमुक्ति आदेश के प्रभाव एवं संचालन पर रोक लागू रहेगी।


लोकतंत्र की आवाज

स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजिटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।